
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 14 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 24 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## अफगानिस्तान का एक और उलटफेर, टॉप ऑर्डर ने पाक की उड़ाई धज्जियां, वर्ल्ड कप में लगी हार की हैट्रिक

नई दिल्ली. पाकिस्तानी टीम की वर्ल्ड कप में हालत पतली हो चुकी है. कहा जा सकता है जिसका डर था वही हुआ, इंग्लैंड की अफगानिस्तान से हार के बाद पाकिस्तानी टीम सहमी हुई थी. बाबर आजम की टीम अफगानिस्तान के उलटफेर का शिकार हो चुकी है. पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर लिया. टीम ने शुरूआत सधी हुई की लेकिन देखते ही देखते अफगानी स्पिनर्स पाकिस्तान पर पूरी तरह से हावी हो गए.

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक ने शानदार अर्धशतकीय पारी को अंजाम दिया. उन्होंने 58 रन की पारी खेली, लेकिन इस विकेट के बाद सारी जिम्मेदारी कप्तान बाबर आजम संभालते नजर आए. इसके अलावा रिजवान, इमाम और सऊद शकील सस्ते में पवेलियन लौट गए. बाबर ने 74 रन की पारी खेली और पारी के अंत में शादाब और इफ्तिखार की 40-40 रन की तेज पारी ने बूस्ट मोड का काम किया और स्कोरबोर्ड पर 282 रन लगा दिए. अफगानिस्तान ने इस मैच में युवा स्पिनर नूर अहमद पर दांव खेला, जो पूरी तरह से सफल साबित हुआ. नूर ने इस मुकाबले में 3 अहम बल्लेबाजों को अपने जाल में फंसा लिया.




### बल्लेबाजी में अफगानी ओपनर्स ने मचाई धूम

283 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानी टीम के ओपनर्स ने पाकिस्तान को धौंस दिखाना शुरू किया. रहमनुल्लाह गुरबाज और इब्राहम जादरान के सामने पाकिस्तान की सभी शक्तियां फेल नजर आईं. गुरबाज ने 65 रन की पारी खेली जबकि जादरान ने 87 रन ठोक दिए. इसके बाद रहमत शाह ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिए और अर्धशतक ठोक दिया. उन्होंने 77 रन की नाबाद पारी खेली. अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को मात देकर इतिहास रच दिया है. इससे पहले इस टीम ने वनडे में कभी पाकिस्तान को मात नहीं दी थी. लेकिन इस बार अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को बड़े मंच पर 8 विकेट से रौंद दिया है.

पाकिस्तान की टीम से शाहीन अफरीदी से लेकर हारिस रऊफ जैसे बॉलर्स फेल साबित हुए. शाहीन ने इस मैच में एक विकेट अपने नाम किया. इसके अलावा हसन अली ने भी एक सफलता हासिल की. जहां अफगानिस्तानी स्पिनर्स ने कुल 5 विकेट झटके वहीं पाकिस्तान के स्पिनर्स के खाते एक भी विकेट नहीं आया

## दो माह की बच्ची को लावारिस छोड़कर भागी कलयुगी मां, भेलपुरी लगाने वाली महिला ने लिया गोद

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। नवरात्र अष्टमी के दिन एक तरफ जहां कन्या पूजन किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वाराणसी के अस्सी घाट पर एक कलयुगी मां दो माह की नवजात बच्ची को अस्सी घाट पर छोड़कर भाग गई। घाट पर भेलपूरी लगाने वाली महिला सविता ने देखा तो महिला को रोकने का प्रयास किया, लेकिन महिला भाग निकली। बताया जा रहा कि बच्ची को छोड़कर भागने वाली महिला नीली और पीली साड़ी में घाट पर आई थी।



सविता ने बताया कि बच्ची अष्टमी तिथि को मिली है। इसलिए हम इस बच्ची का नाम अष्टमी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस कर्मियों को इसकी सूचना दे दी है। साथ हीउन्होंने शर्त रखा है कि जब बच्ची के माता-पिता आएंगे। तभी हम बच्ची को देंगे अन्यथा हम बच्ची का पालन पोषण खुद करेंगे। सविता राय वाराणसी की रहने वाली हैं। उनकी एक लड़की है और वह अपने पति के साथ वाराणसी के अस्सी घाट पर भेलपूरी का दुकान लगती है। सविता ने बताया कि जब बच्ची मिली थी तो वह सिर्फ एक कपड़ा पहनी थी। उसे ठंड लग रहा था। यह घटना शाम के करीब 5 बजे की है। सविता ने तत्काल बच्ची के लिए कपड़ा मगाया और दूध की व्यवस्था की और बच्ची को गोद में लेकर दूध पिलाती हुई अस्सी घाट पर दिखाई दी।

## दिल्ली में दुनिया की सबसे जहरीली हवा

**सांस लेना मुश्किल, त्योहारों से पहले ही क्यों हुआ बुरा हाल? एक सपर्ट्स ने गिनाए कारण**

नई दिल्ली. त्योहारों का सीजन शुरू होते ही दिल्ली-एनसीआर में दुनिया की सबसे जहरीली



हवा दर्ज हुई है. सोमवार को दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी बहुत खराब रही. दिल्ली का 24 घंटे का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स सोमवार सुबह 346 तक पहुंच गया, जो आईक्यू एयर द्वारा ट्रैक किए गए 110 वैश्विक शहरों में सबसे अधिक है. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में AQI 177 दर्ज किया गया. जहरीली हवा के लिए पराली जलाने, वाहनों का प्रदूषण, निर्माण और कोयला आधारित पॉवर प्लांट को इस खतरे के लिए जिम्मेदार माना जाता है.

## हाईकोर्ट ने ऐसा क्या कहा कि HC जज को जाना पड़ गया सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली: एक असामान्य मामले में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ द्वारा उनके खिलाफ की गई 'कुछ अपमानजनक टिप्पणियों' को हटाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है. न्यायाधीश ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत के न्यायाधीश के रूप में उक्त मामले में फैसला सुनाया था. जिसके खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई के दौरान गुवाहाटी उच्च न्यायालय की पीठ ने कथित 'अपमानजनक टिप्पणी' की.

उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की ओर से दाखिल याचिका को स्वीकार कर लिया है. शीर्ष अदालत ने एनआईए को नोटिस जारी किया और 'याचिक-कर्ता की पहचान का खुलासा' किए बिना मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की अनुमति दी. पीठ ने अपने 10 अक्टूबर के आदेश में मामले को अगली सुनवाई के लिए 10 नवंबर को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया.



अधिवक्ता सुमिरन शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में न्यायाधीश ने 11 अगस्त के उच्च न्यायालय के फैसले में उनके खिलाफ की गई 'कुछ अपमानजनक टिप्पणियों' को हटाने का अनुरोध किया है. उच्च न्यायालय ने उन कई लोगों को बरी कर दिया था जिन्हें पहले निचली अदालत ने भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम या यूएपीए के विभिन्न प्रावधानों के तहत कथित अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था.

न्यायाधीश ने याचिका में कहा कि 22 मई, 2017 को उन्होंने ह्यविशेष न्यायाधीश, एनआईए, गुवाहाटी, असम के तौर पर विशेष एनआईए मामले में फैसला सुनायाङ्ख आरोपी व्यक्तियों को आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधि (निवारण)अधिनियम, 1967 और शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराया.'

## नोएडा सेक्टर 46: लक्ष्मण जी का मुर्छा टुटने के बाद मेघनाथ का वध

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा सेक्टर 46 श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2023 मे आज प्रभु राम जी के साथ वानर वीरों से मंथन करना, युद्ध से पहले रावण को समझने के लिए अंगद को भेजना, रावण अंगद संवाद एवं लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध होना। लक्ष्मण को शक्तिबाण लगना हनुमान जी का संजीवनी लाना। लक्ष्मण जी का मूर्छा से जागृत होना, पश्चात मेघनाथ का युद्ध भूमि में वघ होना एवं कुंभकरण का वध होना। जैसे प्रसंगो के साथ समापन हुआ। आज रामलीला के अंतिम दिन विजय दशमी पर भगवान श्रीराम के हाथ से रावण वध, विभिषण राज्यभिषेक और भरत मिलाप का प्रसंग मंचन किया जायेगा।



बताते चले कि आज के लीला का शुभारम्भ नोएडा के विधायक पंकज सिंह मुख्यअतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवशर पर विधायक पंकज सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की भगवान श्रीराम हमारे आदर्श है और यही सत्य है। हम सभ को चाहिए कि उनके जीवन के आदर्श जो हम रामलीला के माध्यम से देखते है या सुनते है उसे अपने जीवन मे उतारे। हमे उनके जीवन रामलीला से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह दशहरा भी हम लोगों के लिए खास है क्योंकि भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर भी इस साल तैयार होने जा रहा है जो कि हम सभी लोगों के लिए गौरव की बात है।

आज के इस कार्यक्रम मे **मुख्य अतिथि**, पंकज सिंह विधायक नोएडा विधान सभा, एसीओ सतीस पाल (आईएएस) नोएडा प्राधिकरण, हरीश चंद्र (आईपीएस) डीसीपी नोएडा सेन्ट्रल, शक्ति मोहन अवस्थि (आईपीएस) एडिशनल डीसीपी नोएडा, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री विनित गोयनका प्रवक्ता बीजेपी।

**विशिष्ट अतिथि,** रामपाल रघुवंशी, ऋषि पाल अरोड़ा, सुरेंद्र नाहटा, अभिषेक जैन, बंशीधर प्रभु जी, महेश सक्सेना, वीरेंद्र गर्ग मौजूद रहे। वही आयोजक समिति मे चेयरमैन मनोज अग्रवाल ( ्रिया गोल्ड) , वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, कृष्ण स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, महेश गुप्ता (इंदिरापुरम), कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल,उअ मनोज अग्रवाल,अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, पवन अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, उअ राजीव जैन, राहुल गुप्ता , तेजेंद्र मलिक, सौरभ अग्रवाल, रामावतार सिंह,रोहिणी नगर, डॉक्टर मनोज अग्रवाल।

## 'दिल्ली पूरी तरह से बदहाल': सुप्रीम कोर्ट ने मास्टर प्लान में देरी पर अफसरों को लगाई फटकार

नई दिल्ली. देश की राजधानी दिल्ली पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है और अफसर खुद को अनुचित शक्तियां देने के लिए हर चीज को अधर में रख रहे हैं. यह बात सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते दिल्ली मास्टर प्लान (एमपीडी) 2041 को अधिसूचित करने में देरी पर ना-राजगी व्यक्त करते हुए कही थी. जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने 18 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, "शहर में पूरी तरह से गंदगी हो गई है और सार्वजनिक अधिकारी इस गंदगी को दूर करने को तैयार नहीं हैं." यह आदेश, जिसमें पीठ ने नए निर्देश दिए हैं.

इधर, दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा दो परिसरों को डी-सील करने की अधिसूचना सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है. सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि सार्वजनिक अधिकारी खुद को अनुचित शक्तियां देने के लिए सब कुछ अधर में रख रहे हैं. यह रेखांकित करते हुए कि 30 अप्रैल, 2023 तक मास्टर प्लान प्रकाशित करने का वादा किया था, लेकिन पहले ही पांच महीने बीत चुके हैं. पीठ ने राजेश पायलट मार्ग और तिलक मार्ग पर दो परिसरों को डी-सील करने के आदेश देने की मांग करने वाले दो आवेदनों पर विचार करते हुए अपनी टिप्पणियों में कहा, "जब आप नागरिकों को परेशान करना जारी रखते हैं तो आप मास्टर प्लान प्रदान नहीं करते हैं."




### कब्जाधारियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

अदालत द्वारा नियुक्त न्यायिक समिति, जिसमें उच्च न्यायालय के दो सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल थे, ने पिछले साल अगस्त में राजेश पायलट मार्ग पर परिसर को डी-सील करने की मंजूरी दे दी थी, जबकि अनधिकृत निमार्णों को सील करने में अदालत की सहायता करने वाले विशेषज्ञों की निगरानी समिति ने तिलक मार्ग पर अन्य परिसर से डी-सील हटाने की सिफारिश की थी. एनडीएमसी ने उन दो आदेशों का विरोध किया, जिन्होंने कब्जाधारियों को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया.










आप सभी देशवासियों को समाज जागरण परिवार की ओर से विजय दशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# दुर्गा सनातन धर्म में देवी जी

**दैनिक समाज जागरण**



दुर्गा पूजा देवी माँ और राक्षस महिषासुर पर योद्धा देवी दुर्गा की जीत का एक हिंदू त्योहार है। यह त्यौहार ब्रह्मांड में नारी शक्ति को 'शक्ति' के रूप में दशार्ता है। यह बुराई पर अच्छाई का त्योहार है।दुर्गा या आदि शक्ति हिन्दुओं की प्रमुख देवी मानी जाती हैं जिन्हें माता, नवदुर्गा, देवी, शक्ति, आदि शक्ति, भगवती, माता रानी, जगत जननी जगदम्बा, परमेश्वरी, परम सनातनी देवी आदि नामों से भी जाना जाता हैं। सनातन धर्म सम्प्रदाय की वह मुख्य देवी हैं। दुर्गा को आदि शक्ति, परम भगवती परब्रह्म बताया गया है। वह अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामई, मोक्ष प्रदायनी तथा कल्याणकारी हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे शान्ति, समृद्धि तथा धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करतीं हैं। जगत जननी मां दुर्गा नारी शक्ति का स्वरूप है। मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार कर पूरे संसार को नारी शक्ति का यह संदेश दिया था। नारी इतना कष्ट सह कर अगर नर को जन्म दे सकती है तो उस-के अत्याचारों को समाप्त करने के लिए उसका सम्पूर्ण नाश भी कर सकती है।

वहीं धार्मिक मान्यताएं हैं कि जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही आय और सौभाग्य में वृद्धि होती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि ममतामय मां दुर्गा अपने भक्तों का उद्धार करती हैं।तो वहीं दुष्टों का संहार करती हैं।
क्या मां दुर्गा ही इस जगत की जननी हैं? ईश्वर ही जगत के माता पिता है। उसे आप त्रिदेव, देवी आदि जिस किसी रूप में चाहो, मान सकते हैं। जी हां। मां दुर्गा इस सम्पूर्ण जगत की जननी हैं। इसका अलग-अलग पुराणों में उल्लेख मिलता है। महाविष्णु की महामाया शक्ति को ही मां दुर्गा कहते हैं। प्रकृति मां दुर्गा, पुरुष निराकार से ब्रह्माण्ड बना। जगत की सबसे पहली औरत दुर्गा मां थी। दुर्गा मां का अपना लोक है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी मां , राधा रानी, श्री कृष्ण का गौ लोक सबके अपने लोक है। मानव जिस लोक जाना चाहे उस देवता की पूजा करे, मंतर जपे, अपने जीवन में उस देवता के गुण धारण करे। सनातन धर्म के सब धर्म कर्म ही सब देवी देवताओं से जुड़े है। मां दुर्गा के नौ रूप वही शक्ति हैं, वही इस चराचर जगत की स्वामिनी हैं, वही जगत की मां हैं इसलिए उन्हें जगदम्बा (जगत+अम्बा) कहा जाता है। उनके बिना इस संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आप कोई भी नाम दे सकते है लेकिन जननी तो स्त्री ही होना अनिवार्य है। जो शक्ति जगत की उत्पत्ति, स्थिति, गति और विलय का कारण भूत है, जो विष्णु माया है, जो चेतना है, उसे ही विभिन्न लोगों ने विभिन्न नाम दिए हैं जिनमें दुर्गा एक नाम है। हजारों नाम हैं उस शक्ति के। मां दुर्गा स्वयं आदि शक्ति हैं। शक्ति की देवी, राक्षसों का संहार करती हैं। शेरावाली, शैलपुत्री, स्कंदमाता, उमा, महागौरी, महाकाली के नामों से भी जानी जाती हैं। इनके अन्य नाम हैं भवानी, अम्बिका, शिवानी, महादेवी, गणेश जननी इत्यादि। इनका सबसे प्रमुख नाम पार्वती है। माता रानी अलग-अलग रूपों में पूजी जाती हैं और वे परिस्थिति के अनुसार अपना रूप बदलती हैं। जगदंबा होने के कारण वे अपने बच्चों की हमेशा रक्षा करती हैं और दुष्टों का विनाश भी करती हैं। समस्त संसार के जीव भोजन के बिना जीवित नहीं रह सकते। मां दुर्गा ही भोजन और पालन पोषण की देवी अन्नपूर्णा हैं। शीतला माता भी इन्हीं का रूप हैं। प्रजापति दक्ष के घर पुत्री रूप में जन्म लिया और सती कहलाई। भगवान शिव से विवाह किया। जब सती रूप में अपने प्राण त्यागे तो इनके अंग जहां भी गिरे वहां शक्तिपीठों में विराजमान हैं मां दुर्गा। 51 शक्तिपीठों के साथ महादेव के भैरव रूप रहते हैं। दुर्गा माता पर्वत राज हिमाचल के घर जन्म लेती हैं, पार्वती कहलाती हैं। साधना में लीन महादेव को जगाती हैं। उन्हें पति के रूप में प्राप्त करने के लिए ब्रह्मचारिणी रूप में कठिन तपस्या करती हैं। दुर्गा माता जब भी जन्म लेती हैं महादेव को प्राप्त कर लेती हैं, महादेव वैराग्य से बाहर इन्हीं के कारण आते हैं। स्कंद अर्थात कार्तिकेय जी की माता हैं दुर्गा जी। और दुष्ट दानव महिषासुर का वध कात्यायनी रूप में करती हैं। रक्तबीज नामक राक्षस का वध करने वाली मां काली हैं। दुर्गा माता की कृपा सभी पर बनी रहे।



**के० के० दूबे, शाहाबाद प्रक्षेत्र व्यूरो दैनिक समाज जागरण**

# बैठकी "भारतीय वोटर- गुलाम,नशेड़ी और लालची

**दैनिक समाज जागरण**




बैठकी जमते हीं मास्टर साहब दुखी मन से बोले--"ए सरजी,लाखों बलिदान के बाद, अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति मिली लेकिन क्या हम आजाद हुए हैं!!नहीं, हम आज भी गुलाम हैं। फर्क बस इतना है कि गुलाम बनाने वाले बदल जाते हैं लेकिन हमारी गुलामी की स्थिति पूर्ववत, रहती है।अगर हम भारतीय, अपनी सोंच में अब भी परिवर्तन नहीं लायेंगे तो मानकर चलिये कि बस कुछ दशकों के मेहमान हमलोग और हमारा भारत रह गया है।"

काहे मास्टर साहब! अतना निराश बानी!!--मुखियाजी पुछ बैठे।

मुखियाजी,आजादी के बाद हमारे देश के दुष्ट राजनीतिक दलों ने, देश की जनता को




जातिवाद, संप्रदायवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, माओवाद, नक्सलवाद,अलगाववाद, समाजवाद का अफीम खिलाकर पक्का नशेड़ी बना दिया है। देखते नहीं कि चुनाव




आया नहीं की इनके रेवड़ियों की पोटलियां खुल जातीं हैं।--मास्टर साहब निराश लगे।

ठीक बोले आप, देश पर लगभग 200 लाख करोड़ का कर्जा चढ़ा है, इसकी चिंता किसी को नहीं है। मुफ्फखोरी बढ़ती जा रही है। 80 करोड़ लोग गरीब हैं तभी तो फ्री का राशन दिया जा रहा है!
सभी राजनीतिक दल चुनाव आते हीं शुरू हो जाते हैं कि फ्री में मोबाईल, स्कूटी,लेपटॉप देंगे, हर औरत,बुजुर्ग, बेरोजगार को मंथली इतना रुपया देंगे। लेकिन कोई राजनीतिक दल अपने पार्टी के फंड से या कोई नेता अपने वेतन, भत्ते से एक पैसा नहीं देगा। हमारा हीं पैसा जो हम इन्कम टैक्स, जीएसटी,
टोलटैक्स,रोडटैक्स के रुप में सरकार को देते हैं वही,हमारा हीं पैसा हमें देकर, साबित करना चाहते हैं कि हम दे रहे हैं।--उमाकाका हाथ चमकाये।

हमें ये राजनीतिक पार्टियां कितना मूर्ख बना रहीं हैं कि जो जीवन के लिये अति आवश्यक है जैसे-- शुद्ध हवा,शुद्ध पानी,देने का वायदा नहीं करतीं हैं। सरकारी स्कूलों,अस्पतालों की दशा सुधारने का वादा नहीं करतीं। कोई राजनीतिक दल भ्रष्टाचार, घूसखोरी, जमाखोरी, मिलावटखोरी, कालाबाजारी, अश्लिलता, नशाखोरी,खत्म करने का वादा क्यों नहीं करती!!--डा. पिंटू नथूना फुलाये।

बहुत सही बोले डा. साहब, ये हरामखोर राजनीतिक पार्टियां,पुलिस रिफार्म, जुडिशियल रिफार्म्स, इलेक्शन रिफार्म, एडमिनिस्ट्रेशन रिफार्म, टैक्स रिफार्म, का वादा नहीं करतीं हैं। न्याय व्यवस्था में सुधार करके एक साल के अंदर न्याय दिलवाने का वादा क्यों नहीं करती!!जबकि इसमें एक पैसा खर्च नहीं है और पुरे देश को फायदा है।--पारसनेता मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः बहस की ओर..........
हमारे देश में हवाला कारोबार खत्म करने का ये राजनीतिक दल वादा नहीं करते।कबूतरबाजी,फिरौती,अपहरण, मानव तस्करी,सोना तस्करी,अवैध हथियार, खत्म करने का चुनाव घोषणा में जिक्र नहीं करते। ये हरामखोर पार्टियां,माओवाद, नक्सलवाद, अलगाव-वाद, आतंकवाद समाप्त करने की बात अपने घोषणापत्र में क्यों नहीं करतीं!!--कुंवरजी भी बहस में।

ए सरजी,आज देश जिस संकट से गुजर रहा है उसकी ओर इन साले राजनीतिज्ञों का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है!! लव जिहाद, धर्मांतरण, लैंडजिहाद,मजार जिहाद, दरगाह जिहाद, मजहबी उन्माद आदि रोकने को, ये दल क्यों नहीं सोचते!! शायद उनकी तुष्टीकरण की सोंच ऐसा नहीं करने देती। भले हीं सनातन विलुप्त हो जाये,इनका सत्ता का स्वार्थ सधना चाहिए। इन देशद्रोही नेताओं को रेल माफिया,सड़क माफिया,खनन माफिया, कोचिंग माफिया,ड्रग माफिया,बालु माफिया,सट्टा माफिया,फार्मा माफिया नहीं दिखाई पड़ते!ऐसी देश और समाज विरोधी गतिविधियों को समाप्त करने का चुनावी वादा क्यों नहीं करते!!--उमाकाका पुनः हाथ चमकाये।


अजी ऐसे कामों और वादों से इन्हें कोई लेना देना नहीं है। हमारे देश की पार्टियां और नेतागण,रेवड़ियां देंगे क्योंकि स्मार्ट फोन, स्कूटी आदि में 20 प्रतिशत कमीशन जो खाने को मिलेगा! जहां कमीशन की बात होगी वही काम का वादा करेंगे। स्कूल, सड़क, हाइवे, हास्पिटल बनवायेंगे या वादा करेंगे क्योंकि 20 प्रतिशत कमीशन जो मिलेगा!!--डा.पिंटू गर्म दिखे।

अजी जिस देश पर 200 करोड़ का कर्ज हो उसके बावजूद ये फ्री,फ्री की बात करते हैं!!तनिक शर्म नहीं आती। देश के सारे राजनीतिज्ञ बेशर्म हो गये हैं।--कुंवरजी,अखबार रखते हुए।
ए सरजी, आपहूं कुछ कहीं!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।
मुखियाजी, देश की स्थिति बेहतर करने के लिये इन राजनीतिक दलों को उपरोक्त बातों पर ध्यान देने का वादा करना और जज्बा दिखाना चाहिए वो ये करते नहीं हैं। ईनाम तो चाहिए कि पहला--जनसंख्या विस्फोट के विरुद्ध कठोर कानून बनाने का वादा। देश की 50 प्रतिशत समस्या का कारण जनसंख्या विस्फोट है।यदि जनसंख्या कंट्रोल किया जाय तो बेरोजगारी,गरीबी,वायु प्रदूषण, जल प्रदुषण, और अपराध कम हो जायेंगे लेकिन कोई ये बात नहीं रखेगा क्योंकि तुष्टीकरण की राजनीति गड़बड़ा जायेगी।हमारे देश में 86 हजार बच्चे रोज पैदा होते हैं। कानून बनाने में कोई खर्च भी नहीं है।
दुसरा--भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कानून की, अति आवश्यकता है। देश की 50 प्रतिशत समस्या के पिछे भ्रष्टाचार, स्पष्ट दिखता है। शायद हीं कोई सरकारी महकमा हो जो,आकंठ तक भ्रष्टाचार में न डुबा हो। चाहे पुलिस विभाग हो या न्यायालय,सब जगह ये खुल्लम-खुल्ला अनुभव किया जा सकता है।
ये राजनीतिज्ञ खाकपति से अरबों-खरबों के मालिक कैसे हो जाते हैं जबकि राजनीति सेवा का क्षेत्र है मेवा का नहीं!! ये लोग अलग अलग जुमले देकर हमें भ्रमित करतें हैं और मौज करतै हैं। जैसे- प्राइमरी स्कूल टीचर रहे,मुलायम सिंह के परिवार की देश-विदेश की सारी प्रोपर्टीज को लिंक किया जाय तो, 20 हजार करोड़ से कम नहीं होगा।चपरासी के क्वार्टर में रहने वाले लालू परिवार की संपति खरबों में है।गांधी परिवार,50 हजार करोड़ का मालिक है।कश्मीर का अब्दुल्ला परिवार, स्टालिन परिवार, चौटाला परिवार, बादल परिवार,मायावती बहन,ममता दीदी,सोरेन परिवार, ये सभी देश को लूट कर अरबपति बन बैठें हैं।
पब्लिक को दिखाने के लिये ये पार्टियां और नेतागण,आपस में तू,तू,मैं,मैं करते हैं, आरोप-प्रत्यारोप करते हैं। लेकिन किसी को सजा नहीं होती। बोफोर्स घोटाला,टूजी घोटाला,कोयला घोटाला,कामनवेल्थ घोटाला हुए लेकिन किसी को आजतक सजा नहीं हुई। इतनी हत्यायें हो रहीं हैं कहां सजा हो रही है!! कश्मीर में,मणिपुर में,सिख दंगों में हजारों,लाखों नरसंहार हुए लेकिन सजा किसी को नहीं हुई। क्योंकि कानून हीं नहीं है। सबसे जरुरी कानून व्यवस्था को ठीक करना है जिसका वादा कोई दल नहीं करता।
घुसपैठ एक राष्ट्रीय समस्या बन चूकी है लेकिन वोटर बनाने की राजनीति के पिछे 1971 तक घुसपैठ कर आने वाले बांग्लादेशियों,रोहंगियों को राजीव गांधी ने भारत की नागरिकता दे दी।अब इसी आधार पर बाद में आने वाले भी धड़ल्ले से नागरिक बन गये और बन रहें हैं। भले हीं "भारत तेरे टुकड़े होंगे" का नारा बुलंद करें, भ्रष्टाचारी हों,अपराधी हो, उसकी नागरिकता सुरक्षित रहती है।इसलिये बड़े स्तर पर देश में,लॉ रिफार्म की सख्त आवश्यकता है लेकिन इसका वादा कोई दल नहीं करता। और हमारे देश के वोटर




हैं कि...........छोड़िये मुझे कहने में भी शर्म आ रही है।--मैं चुप हुआ।

ए सरजी, आज हमरा बुझा गईल जे,भले हीं अंग्रेजन के गुलामी नईखे बाकि आजुओ, देश के वोटर, इ राजनीतिक




दलवन के गुलामी करता। वोटर धरमवाद,जातिवाद,भाषावाद,क्षेत्रवाद,समाजवाद,नक्सलवाद,आ अईसने राजनीतिज्ञन के अफीम चोटी के बउरा गईल बा। ओकरा अब आपन रहल गईल, नईखे बूझात। अच्छा अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है लोग,

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है लोग,
इस कदर भी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।

इतनी धूप, रोशनी है जमाने में यहाँ,
कैसे नकली चेहरा छुपा लेते है लोग

फकीर चला विश्वास से पत्थरों पर,
पहाड़ों में भी राह बना लेते हैं लोग।

दिलों में कालिख है जिन जनाबों के,
कैसे सफेदी का मुखौटा लगा लेते है लोग।

आज शहर में भयानक उजाला है सूरज का,
ऐसे में अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है लोग।

अब उन्हें पहचानना मुश्किल है संजीव,
चेहरों पर नया मुखौटा लगा लेते हैं लोग।



**संजीव ठाकुर ,रायपुर छत्तीसगढ़**

# इस दुनिया के भीड़ भाड़ से---

**दैनिक समाज जागरण**

इस दुनिया की भीड़ भाड़ से दूर भले मैं रहती हूं '
धाराओं के संग नहीं विपरीत दिशा में बहती हूं ''
लेकिन नहीं पलटना सीखा मैंने अपने वचनों से '
करती आई वही हमेशा जैसा मुख से कहती हूं ''
दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं-



**डॉ0 कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी .**

# सियासी लंका में रोचक घमासान

**दैनिक समाज जागरण**

देश में दशहरा पारम्परिक रूप से मनाया जाएगा लेकिन जिन पांच राज्यों में सियासी लंका को जीतने के लिए घमासान हो रहा है वहां दिनों -दिन रोचकता बढ़ती जा रही है। एक तरफ रथी हैं और दूसरी तरफ पैदल सेना । पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से जुडी ये कहानी अपने आप त्रेता के राम-रावण युद्ध का रूप ले रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तो कह ही दिया है कि वे कांग्रेस की लंका को जलाकर ही दम लेंगे। जाहिर है कि चौहान को आज भी कांग्रेस के पास सोने की लंका नजर आती है जबकि कांग्रेस तीन साल पहले ही बिभीषण ज्योतिरादित्य सिंधिया की वजह से अपनी लंका अपने हाथों ध्वस्त कर चुकी है।
खरीदे गए जनादेश को विधिक रूप देने के लिए विधानसभा चुनाव लड़ रही सत्तारूढ़ भाजपा ने पूरे प्रदेश में मानव रहित प्रचार रथों की फौज उतार दी है। ये रथ भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के गीत और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के भाषण मतदाताओं को सुनाएंगे। भाजपा को इस तकनीक सहारा मजबूरी में लेना पड़ा है क्योंकि आज उसके पास ऐसे नेताओं और देवदुर्लभ कार्यकताओं की भारी कमी है जिनकी बात मतदाता सुन सकें। भाजपा के तमाम प्रचारक नीरस और चुंबकत्वहीन हो चुके हैं एक ज्योतिरादित्य सिंधिया को छोड़कर। वे पूरी भाजपा में भीड़ बटोरने वाले इकलौते नेता बचे हैं।
कार्यकताओं के असंतोष से जूझ रही भाजपा के पास कांग्रेस की लंका जलाने के लिए 81 साल के जामवंत नागेंद्र सिंह से लेकर 73 साल की माया मेम तो हैं लेकिन युवा नेताओं और सेनापतियों का घोर अभाव है । अधिकाँश इस संग्राम में शामिल होने का मौका न मिलने की वजह से नाराज होकर हाथी पर सवार हो गए हैं या उन्होंने भाजपा को ही साफ करने के लिए केजरीवाल के दल की झाड़ू थाम ली है। भाजपा की अयोध्या ग्वालियर से लेकर उज्जयनी तक यही हाल है। भाजपा के बागी सेनापति अब दूसरे दलों की सेनाओं के सेनापति या सिपाहसालार बन गए है। उन्हें कांग्रेस से ज्यादा भाजपा से हिसाब बराबर करना है।
भाजपा की नाव खे रहे शिवराज सिंह को कांग्रेस की लंका ढहाने के लिए खुद हनुमान बनने के लिए मजबूर होना पड़ा है । कांग्रेस ने तो एक फिल्मी हनुमान विक्रम मस्ताल को शिवराज सिंह के पीछे लगा दिया है। यानि मध्यप्रदेश की सियासत में राजनीतिक दलों के बीच नहीं सुरों और असुरों के बीएच संग्राम हो रहा है। मतदाताओं को तय करना है कि वे सुर किसे मानते हैं और असुर किसे ? कांग्रेस में भी भाजपा की ही तरह सत्ता संग्राम को लेकर बगावत है और अच्छी-खासी बगावत है लेकिन इस बगावत का लाभ भाजपा को तब मिलता जब ये तमाम कांग्रेसी बागी भाजपा के दलदल में शामिल होकर कमल की खेती कर रहे होते। कांग्रेस के बागी भी हाथी और झाड़ू के सहारे हैं। भाजपा तो अपने ही लोगों को टिकिट नहीं दे पायी,कांग्रेस के बागियों को कहाँ से टिकिट देती ?
भाजपा की लंका जलाने के लिए हजारों किमी की पदयात्रा कर वानर-भालुओं की सेना जुटा रही कांग्रेस ने फिलहाल हिमाचल और कर्नाटक में तो मोर्चा फतह कर लिया लेकिन वे असल दंडकारण्य मध्यप्रदेश में भी विजयश्री हासिल कर सकेंगे ,ये कहना आसान नहीं है । यहां घमासन होगा और खूब होगा। कौन ,किसका शिखर ढहायेगा ये देखना सुरुचिपूर्ण होगा। कांग्रेस के पास रथ नहीं है । उसे ये जंग अपनी पैदल सेना के सहारे जीतना है। मध्यप्रदेश में भी और मध्यप्रदेश के लघु भ्राता छत्तीसगढ़ में भी। इन दोनों प्रांतों को जीतकर ही कांग्रेस भाजपा को खेत कर सकेगी। राजस्थान की मरुभूमि में भाजपा मध्यप्रदेश के उलट विपक्ष में है ,किन्तु यहां भी उसके पास रथों की कमी नहीं है। रथों की कमी तो तेलंगाना में भी नहीं है लेकिन रथ चलने के लिए कुशल साहनी भाजपा के पास भी नहीं हैं।
भाजपा मिजोरम की बात कर ही नहीं रह। वहां लगता है कि न कांग्रेस की लंका है और न भाजपा की अयोध्या। आखिर जीता किसे जाये ? मिजोरम में रथ चल नहीं सकता । पहाड़ी इलाका है। इस राज्य में कांग्रेस हो या भाजपा दोनों को पैदल सेनाओं के साथ ही उतरना पडेगा,हार-जीत के कयास लगना तो अभी दूर की कौड़ी है। दरअसल मिजोरम के बगल में मणिपुर है जो पिछले छह माह से धड़क रहा है और इसके लिए रथारूढ़ भाजपा को ही जिम्मेदार माना जाता है। कांग्रेस के साहनी राहुल गांधी तो हिम्मत कर मणिपुर हो भी आये लेकिन भाजपा के किसी नेता की हिम्मत जब मणिपुर जाने की नहीं पड़ी तो वे मिजोरम कौन सा मुंह लेकर जायेंगे वोट मांगने ?
मध्यप्रदेश में सोने की लंका ढ़हने के लिए भाजपा को कम से कम 120 मोर्चे जीतने होंगे और कांग्रेसको भी अपनी लंका बचने के लिए इतने ही मोर्चों पर भाजपा के तम्बू उखाड़ना होंगे । पिछले संघर्ष में भाजपा लक्ष्य से पहले ही हार मानकर बैठ गयी थी । मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ ,राजस्थान में तो भाजपा के लिए मोर्चा और ज्यादा दुरूह है ,क्योंकि इन दोनों राज्यों में सत्ता कांग्रेस के पास है । तेलंगाना में भी कमोवेश यही दशा है । वहां भाजपा के लिए कोई खास गुंजाइश नहीं है । मिजोरम में तो कोई रमना ही कहाँ चाहता है ? रणभेरियां बज रहीं है। दोनों पक्षों की सेनाएं अपने आपको निर्णायक युद्ध के लिए तैयार कर रहीं हैं। हम और आप दर्शक दीर्घा में बैठे तमाशा देख रहे है।

**@ राकेश अचल**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बेटियों के पांव पखार सीएम योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना

## शारदीय नवरात्रि की महानवमी को नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गोरक्षपीठाधीश्वर ने



**दैनिक समाज जागरण**

गोरखपुर, 23 अक्टूबर। मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा व सम्मान गोरक्षपीठ की परंपरा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की अनेक योजनाओं से इस परंपरा का व्यावहारिक धरातल पर विस्तार किया है। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हुए सीएम योगी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

### सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी

आदित्यनाथ ने मंदिर के भोजनालय में पीतल के परात में भरे जल में नौ नन्ही बालिकाओं के बारी-बारी पांव धोये। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और दूब (दुर्वा) का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी मुख्यमंत्री ने पूजन कर आरती उतारी। सभी को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।

### कन्याओं व बटुकों को अपने हाथों से भोजन परोसा मुख्यमंत्री ने

अपने महराज जी (योगी बाबा) का प्यार-दुलार पाने के लिए नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की आतुरता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से ये बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद कन्याओं व बटुकों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

कन्या पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, गोरखनाथ मंदिर के पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी वैदिक आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

# मातृ शक्ति के सशक्तिकरण पर सदैव रहा है सनातन का जोर : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी शारदीय नवरात्र की महानवमी व विजयदशमी पर्व की बधाई

**नारी गरिमा के अनुरूप सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की अनेक योजनाएं चला रहीं केंद्र व प्रदेश सरकारें**

गोरखपुर, 23 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयदशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया है।

सीएम योगी सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के 9 स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान का कार्यक्रम श्रद्धा उल्लास व उमंग से संपन्न होता है। आज नवरात्र की नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान पूरे प्रदेश में संपन्न हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। कन्या पूजन का यह पर्व महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का पवित्र माध्यम है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में मिशन शक्ति के कार्यक्रम प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। केंद्र व प्रदेश की सरकारें नारी गरिमा के अनुरूप सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की अनेक योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के प्रति जनजागरण व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नवरात्र की नौ तिथियों में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम लागू किए गए।

**धर्म, सत्य व न्याय के विजय का पर्व है विजयदशमी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल मंगलवार को विजयदशमी का पावन पर्व है। विजयदशमी धर्म,



सत्य और न्याय के विजय पर्व के साथ ही सनातन की पताका के विजय का पर्व है। यह इस बात का प्रतीक भी है कि हर काल, परिस्थिति में दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सनातन धर्म ने चुनौती को स्वीकार किया और लोक कल्याण तथा मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व के रूप में भारत ही नहीं दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी विजयदशमी के पर्व के साथ उत्साह व उमंग से जुड़ते हैं। विजयदशमी को लेकर रामलीला व अन्य आयोजन भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शारदीय नवरात्र व विजयदशमी का पर्व सभी नागरिकों के जीवन में उत्साह, उमंग व खुशहाली का माध्यम बनेगा। जगतजननी मां भगवती का आशीर्वाद समाज की एकता व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करेगा। भगवान श्रीराम का विराट व्यक्तित्व सभी नागरिकों को सत्य, धर्म व न्याय के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।

## त्योहारों के सीजन में ऑनलाइन खरीदारी करने वाले रहें सावधान, इन बातों का रखें ध्यान

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है. ऐसे में ऑनलाइन सामान बेचने वाली कंपनियां ग्राहकों को लुभाने के लिए बहुत से ऑफर लेकर आती हैं. इसी बात का फायदा ठग भी उठाते हैं और साइबर फ्रॉड के मामले भी बढ़ जाते हैं. हालांकि, इसे लेकर समय-समय पर साइबर सेल लोगों को जागरूक करती नजर आती है.

सस्ते दाम में सामान बेचने का दिया जाता है लालच

इस बार भी ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर लोगों के साथ लाखों की ठगी के मामले सामने आए हैं. ऑनलाइन शॉपिंग से लेकर सोशल मीडिया पर पेज बनाकर लोगों को लालच दिया जाता है. सस्ते दामों पर चीज बेचने के लुभावने दावे किए जाते हैं, जिसके बहकावे में आकर ज्यादातर लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं. वहीं, इस बारे में साइबर एक्सपर्ट राजेश राणा ने बताया कि कैसे साइबर फ्रॉड या ऑनलाइन शॉपिंग ठगी से बचा जाए.

**इन बातों का रखें ध्यान**

साइबर एक्सपर्ट राजेश राणा ने बताया कि लगातार फेस्टिवल सीजन में इस तरह के मामले सामने आते हैं कि ऑनलाइन शॉपिंग में लोगों को लुभावने ऑफर दिए जाते हैं और लोग ठगी का शिकार होते हैं. सिक्योर साइट्स और इनसिक्योर साइट्स के बारे में राजेश राणा ने बताया कि इनकी पहचान करना बेहद मुश्किल है. हो सके तो कुछ दिन पहले ही बनी वेबसाइट और फेसबुक या इंस्टाग्राम पर बने पेज पर शॉपिंग करने से बचें. इससे ही ज्यादातर लोग ठगी का शिकार होते हैं. साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग के लिए पैसा का भुगतान ऑनलाइन न करें, सामान खरीदने के लिए हो सके तो कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें.

# गोमती, घाघरा नदियों के तल में उपखनिजों की जांच कराएगी योगी सरकार

**-बालू, मोरंग, बजरी व बोलेडर जैसे उपखनिजों की स्थिति के आवलोकन व प्रतिपूर्ति के लिए दोनों नदियों किनारे चिह्नित क्षेत्रों में व्यापक सर्वे को दिया जाएगा अंजाम**

**-बाराबंकी में घाघरा नदी में 7 व गोमती नदी में 2 चिह्नित क्षेत्रों के रूप में कुल 47.53 हेक्टेयर क्षेत्र में इस सर्वे को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिया जाएगा मूर्त रूप**

**-इस सर्वे रिपोर्ट को जिला सर्वेक्षण सर्वे के डीएसआर अपडेशन सेक्शन में किया जाएगा शामिल, खनन विभाग के दिशा-निर्देश में प्रक्रिया की हुई शुरूआत**

लखनऊ, 23 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबदिध योगी सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की नदियों के जलस्तर में सुधार तथा उसके अंदर व्याप्त खनिजों की मात्रा को भी संरक्षित करने के लिहाज से प्रदेश सरकार ने कई सकारात्मक प्रयास किए हैं। सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश में गंगा नदी के स्वच्छीकरण में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रयास हुए हैं। इसी से प्रेरित होकर प्रदेश की अन्य नदियों में भी इस प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में अब खनन विभाग के दिशा-निर्देश पर बाराबंकी जिले में घाघरा व गोमती नदी के तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाने के लिए एक व्यापक सर्वे को मूर्त रूप देने की योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस सर्वे के जरिए घाघरा किनारे 7 व गोमती नदी किनारे के 2 क्षेत्रों समेत कुल 9 क्षेत्रों में नदी तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस सर्वे से ये निर्धारित किया जा सकेगा कि पिछले कुछ वर्षों में नदियों के तल स्थित उपखनिजों की स्थिति में क्या बदलाव आए हैं और साथ ही प्रतिपूर्ति की जरूरतों के बारे में भी निर्धारित किया जा सकेगा।

### कुल 47.53 हेक्टेयर क्षेत्र में होगा सर्वे

सर्वे के लिए घाघरा नदी में 34.91 व गोमती नदी में 12.62 हेक्टेयर समेत कुल 47.53 हेक्टेयर का क्षेत्र चिह्नित किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सर्वे करवाया जाएगा जिसकी फाइंडिंग्स को बाराबंकी के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की डीएसआर रिपोर्ट के अंतर्गत संकलित किया जाएगा। इस प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए खनन विभाग द्वारा नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर एजुकेशनल ट्रेनिंग (एनएबीईटी) व क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) से मान्यता प्राप्त एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा। एजेंसी के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से इस कार्य आवंटन के निर्धारण को मूर्त रूप दिया जाएगा।

### 14514 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से खर्च आने का अनुमान

इस सर्वे को कराने के लिए एजेंसियों के सामने जो शर्त रखी गई है उसमें कई दिशा-निदेशों के साथ ही यह बात भी पूर्ण स्पष्टता के साथ जारी की गई है कि प्रदेश में रिवर बेड्स में उपखनिजों की मॉडिफिकेशन व रीप्लेनिशमेंट स्टडी को अंजाम देने के लिए प्रति हेक्टेयर 14514 रुपए अधिकतम दिए जाएंगे। ऐसे में, टेंडर पाने की इच्छुक एजेंसियों को इस शुल्क सीमा के अंदर ही निहित कार्यों को अंजाम देना होगा। इस निविदा में में भाग लेने के लिए ई-टेंडर पोर्टल पर आवेदन किया गया है। ई टेंडर पोर्टल पर 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इच्छुक एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रक्रिया में भाग लेने वाली एजेंसियों को बतौर आवेदन शुल्क 1100 रुपए जमा कराने होंगे और इस निविदा की ईएमडी 14000 रुपए रखी गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसी के पास कम से कम संबंधित कार्यों को करने के लिहाज से 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इन सभी बातों के निर्धारण के उपरांत एजेंसियों को सर्वे का कार्य सौंपा जाएगा जो कि उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक के मुताबिक होगा। जिलाधिकारी बाराबंकी व खनन विभाग इस प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे।

## सीएम योगी की पहल पर 27 से 29 तक अक्टूबर तक होगा श्रीअन्न महोत्सव

# मिलेट्स पर काम करने वाले प्रगतिशील किसानों के कार्यों से भी सीखेंगे बच्चे

## लखनऊ, मेरठ व कानपुर के सर्वाधिक 420-420 प्रगतिशील किसान मिलेट्स उत्पादों से मिली सफलता की कहानी करेंगे साझा

लखनऊ, 24 अक्टूबरः योगी सरकार श्री अन्न (मिलेट्स) पर काम करने वाले किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार की पहल पर दिसंबर में कृषि कुंभ 2.0 प्रस्तावित है। इसके पहले 27 से 29 अक्टूबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय श्रीअन्न महोत्सव व राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला भी कराई जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में कृषि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के छात्र भी हिस्सा लेकर मिलेट्स पर काम करने वाले किसानों के कार्यों से अवगत होंगे।

**हर जनपद से 50 प्रगतिशील किसान लेंगे हिस्सा**

त्रिदिवसीय महोत्सव के जरिए एक तरफ जहां प्रगतिशील किसानों से भावी पीढ़ी को जोड़कर खेत-खलिहान की चर्चा होगी, वहीं मिलेट्स उत्पादों के लिए अन्य किसानों को प्रेरित भी किया जाएगा। सरकार महोत्सव के माध्यम से मिलेट्स फसलों के उत्पादन, उपभोग, विपणन, निर्यात आदि के बारे में भी जागरूक करेगी। सम्मेलन में हर मंडल के हर जनपद से 50 प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादक संगठन के 10 प्रतिनिधि व 10 प्राविधिक सहायक भी हिस्सा लेंगे। यहां श्री अन्न के उत्पादों के 40 स्टॉल भी लगेंगे। इसमें एफपीओ, प्रतिभागी व मिलेट्स पर काम करने वाली कंपनियों के स्टॉल लगेंगे। इसके जरिए लोग मिलेट्स उत्पादों के फायदों से भी अवगत होंगे।

**लखनऊ, मेरठ व कानपुर के सर्वाधिक किसानों की रहेगी सहभागिता**

अन्न महोत्सव में सभी 18 मंडल के किसान हिस्सा लेंगे। इसमें लखनऊ, मेरठ व कानपुर मंडल की तरफ से सर्वाधिक किसानों की सहभागिता रहेगी। कृषि विभाग के मुताबिक

27 को लखनऊ व कानपुर से 420-420, अयोध्या के 350, देवीपाटन से 280, बस्ती से 210, आजमगढ़ से 160 किसान, एफपीओ व प्राविधिक सहायक प्रतिनिधि के तौर पर रहेंगे। 28 को मेरठ मंडल से 420, मुरादाबाद से 350, आगरा- अलीगढ़ से 280-280 रहेंगे। इसी दिन कृषि विश्वविद्यालय से 250, सहारनपुर से 160, कृषि महाविद्यालय से 100 छात्र-शिक्षकों की उपस्थिति रहेगी।

## 26 अक्टूबर 2023 को इंदिरा गांधी कला केंद्र नोएडा में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत "मेरी माटी मेरा देश" अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम "वंदनोत्सव" का किया जाएगा आयोजन।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "मेरी माटी मेरा देश' अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम "वंदनोत्सव' का आयोजन दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को दोपहर 01 बजे इन्दिरा गांधी कला केन्द्र, नोएडा में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शासन द्वारा नामित कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। संस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त स्वयं सेवकों के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को जनपद से राज्य स्तरीय लखनऊ में दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को प्रतिभाग कराया जायेगा एवं दिनांक 30 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 को दिल्ली कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया जायेगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# रिश्तों की हत्या और आत्महत्या

**-राजेश बैरागी-**

मैं लखीमपुर-खीरी के रामनिवास और आशारानी के इस कदम से सहमत नहीं हूं। दोनों ने बीते शनिवार रविवार की रात सीतापुर शाहजहांपुर रेलवे लाइन पर रेलगाड़ी के आगे लेटकर जान दे दी। दोनों समधी समधन और हम उम्र थे।पसिगवां थाना क्षेत्र के गांव सुहौना निवासी रामनिवास निजी बस चालक था और बीते डेढ़ दशक से विधुर था। उसने दस महीने पहले अपनी इकलौती बेटी का ब्याह मैगलगंज के गांव मुबारकपुर निवासी आशारानी के पुत्र शिवम् के साथ किया था। आशारानी विधवा नहीं थी।उसका पति आशाराम राजमिस्त्री है और काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर रहता है। संभवतः दोनों के अकेलेपन ने दोनों को एक-दूसरे की ओर आकर्षित किया होगा। जीवनसाथी की आवश्यकता हर उम्र में होती है। अकेला होने का कष्ट वही समझ सकता है जो अकेला है। इस प्रकार आशारानी और रामनिवास का एक दूसरे के निकट आना और फिर एक-दूसरे के बगैर न रह पाने की सीमा तक चले जाना समझ से परे की पहेली नहीं है। यहां एक प्रश्न यह बहुत मौजूं है कि पुत्र पुत्री के सास और ससुर का आपस में क्या रिश्ता होता है? मुस्लिम समाज में तो यह प्रश्न और भी कठिन हो जाता है जहां भाई बहन के बच्चों के बीच शादी बेहद पवित्र मानी जाती है। नगरीय परिवेश में दोनों एक-दूसरे से भाईसाहब और बहिनजी का संबोधन करते दिखाई देते हैं। हालांकि दोनों के बीच इन संबोधनों को लेकर वास्तव में कोई सम्मान नहीं होता।गांव देहात में समधन आमतौर पर समधी से पर्दा करती हैं और बची बची रहती हैं। मैंने गांवों में गलती होने पर और हास परिहास में भी ससुर द्वारा पुत्रवधू को मां की गाली देते सुना है जिसका न बहु बुरा मानती है और न उसकी मां।इसे समधी का विशेषाधिकार माना जाता है। तो क्या समधी समधन के बीच कोई और रिश्ता भी होता है जो अनाम है परंतु निखालिस स्त्री पुरुष संबंध जैसा है। बहरहाल रामनिवास और आशारानी ने इस रिश्ते से आगे बढ़ कर एक दूसरे से प्यार कर लिया। परिवारजनों के विरोध के चलते दोनों घर से भाग गए। एक महीने दिल्ली में भी रहे।गुजर बसर की समस्या उत्पन्न हुई तो दोनों वापस लौटे परंतु परिजनों और समाज के विरोध को देखते हुए दोनों ने रेल की पटरी पर अंतिम निवास बना लिया। क्या उन्हें लैला मजनूं जैसे प्रेमियों का दर्जा दिया जा सकता है? क्या उन्होंने जो पहले किया वह सही था या जो अब किया, वह सही था ? सामाजिक मयार्दा दोनों ही आचरण की इजाजत नहीं देती।(नेकदृष्टि)

# एंजिल कार्मल इण्टर कालेज विद्यालय में नवरात्रि तथा दशहरा के अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । एंजिल कार्मल इण्टर कालेज सीतापुर रोड स्थित विद्यालय में नवरात्रि तथा दशहरा के अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर प्री प्राइमरी, प्राइमरी तथा जूनियर के बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य तथा रामायण का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई और समापन श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्ती पर आधारित लघु नाटिका से हुआ। इस अवसर पर आर्किषण का केन्द्र रहे प्राइमरी द्वारा प्रस्तुत रामायण प्रमुख दृश्य कें सीता हरण, राम रावण वध, राम वन गमन, तथा जूनियर छात्रा द्वारा प्रस्तुत शिव ताण्डव नृत्य । कार्यक्रम के अन्त मे विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 किरन श्रीवास्तव द्वारा बच्चो को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए गए।



# अहिरावण वध, युद्ध नृत्य

नोएडा।श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के नवम दिन मुख्य अतिथि पी.के.अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नोएडा प्राधिकरण,स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया।` श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

मूर्छा टूटने के पश्चात लक्ष्मण मेघनाथ का वध करने की प्रतिज्ञा लेते हैं और राम से आशीर्वाद ले कर मेघनाथ से पुनः युद्ध के लिए जाते हैं। वध करने की प्रतिज्ञा लेकर लक्ष्मण जिस समय युद्ध भूमि में जाने के लिये प्रस्तुत हुए, तब राम उनसे कहते हैं- "लक्ष्मण, रण में जाकर तुम अपनी वीरता और रणकौशल से रावण-पुत्र मेघनाद का वध कर दोगे, इसमें मुझे कोई संदह नहीं है। परंतु एक बात का विशेष ध्यान रखना कि मेघनाद का मस्तक भूमि पर किसी भी प्रकार न गिरे। क्योंकि मेघनाद एकनारी-व्रत का पालक है और उसकी पत्नी परम पतिव्रता है। ऐसी साध्वी के पति का मस्तक अगर पृथ्वी पर गिर पड़ा तो हमारी सारी सेना का ध्वंस हो जाएगा और हमें युद्ध में विजय की आशात्याग देनी पड़ेगी। लक्ष्मण अपनी सैना लेकर चल पड़े। समरभूमि में उन्होंने वैसा ही किया। युद्ध में अपने बाणों से उन्होंने मेघनाद का मस्तक उतार लिया, पर उसे पृथ्वी पर नहीं गिरने दिया। हनुमान उस मस्तक को रघुनंदन के पास ले आये।तत्पश्चात सुलोचना मेघनाथ के पत्नी अपने पति का सर लेने के लिए राम शिविर में जाती है राम को जब यह पता चलता है तो वह स्वयं सुलोचना की से मिलने निकल पड़ते हैं और सुलोचना को विधि के विधान से अवगत कराते हैं। मेघनाथ के वध के पश्चात रावण कुभकरण को जगाता है । कुभकरण के पराक्रम से राम सेना में खलबली मच जाती है तब भगवान श्रीराम बाणों से उस पर प्रहार करते है और कुंभकरण का वध कर देते है । कुभकरण वध के पश्चात अहिरावण भगवान श्रीराम से युद्व करता है और परमगति को प्राप्त होता है । रावण के कहने परे अहिरावणे ने युद्ध से पहले युद्ध शिविर में उतरकरे रामे औरे लक्ष्मणे का अपहरण कर लिया। वह दोनों को पाताल लोक ले गया और एक गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रख लिया। राम और लक्ष्मण के अपहरण से वानर सेना भयभीत व शोकाकुल हो गई, लेकिन विभीषण ने यह भेद हनुमान के समक्ष प्रकट कर दिया कि कौन अपहरण करके ले जा सकता है। तब हनुमानजी वेग



की गति से पाताल पुरी पहुंच गए। हनुमान ने अहिरावण का वध कर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण को मुक्त कराया । मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि 24 अक्टूबर को रावण वध, दशहरा उत्सव एवं रावण,कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन सायं 7 बजे होगा। इन तीन पुतलों के अतिरिक्त महंगाई, भ्रष्टाचार और सनातन धर्म के विरोधियों के पुतलों का भी दहन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद महेश शर्मा और स्थानीय विधायक पंकज सिंह रहेंगे। इस अवसर पर सीसीटीवी व ड्रोन से कड़ी निगरानी रहेगी, पुलिस प्रशासन के साथ साथ, निजी सुरक्ष-।कर्मी ,शहीद भगत सिंह सेना एवं श्रीराम मित्र मंडल के स्वयंसेवक रहेंगे। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल,मुकेश गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, अजीत चाहर, गौरव मेहरोत्रा, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, शांतनु मित्तल, सुधीर पोरवाल, मोतीराम गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

## अब पैरा एशियन गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों का जलवा, पहले ही दिन पदकों की झड़ी

चीन के हांगझोऊ में शुरू हुए पैरा एशियन गेम्स में पहले ही दिन देश के लिए खुशखबरी आई है.गांव बैंयापुर के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय क्लब थ्रोअर अमित सरोहा और उनके शिष्य गांव भदाना निवासी धर्मबीर नैन ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य और रजत पदक देश की झोली में डाला. धर्मबीर नैन ने 28.76 और अमित सरोहा ने 26.93 मीटर थ्रो कर कांस्य पदक जीता है.इतना ही नहीं स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी हरियाणा के फरीदाबाद के खिलाड़ी ने जीता.

पैरा एशियन गेम्स में अमित सरोहा और उनके शिष्य धर्मबीर नैन की जोड़ी ने क्लब थ्रो एफ-51 स्पर्धा में भाग लेकर पहले ही दिन देश की झोली में दो पदक डाले हैं.अमित सरोहा ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है.अमित सरोहा इससे पहले वर्ष 2010, 2014 और 2018 एशियन गेम्स में दो स्वर्ण व दो रजत पदक जीत चुके हैं.उन्होंने अब पांचवां पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है.इससे पहले अमित ने वर्ष 2017 में लंदन में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में 30.27 मीटर थ्रो लगाकर रजत पदक देश को दिलाया था.सड़क दुर्घटना में दिव्यांग होने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत व जुनून से नई बुलंदियों को छुआ.अमित सरोहा ने अपनी प्रतिभा को खुद तक सीमित नहीं रखा. उन्होंने दिव्यांग होने के बावजूद काफी खिलाड़ी तैयार किए हैं.युवाओं की उभरती पीढ़ी के यूथ आइकन बने अमित सरोहा काफी खिलाडियों को तराश चुके हैं.

# स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन पूर्ण अनुशासन के साथ निकाला गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन पूर्ण गणवेश में परंपरागत ढंग से निकाला। हिंदू संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं ने पथ संचालन पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। स्वयंसेवकों ने पथ संचलन आरएसएस के संस्थापक केशवराव बलिराम हेडगेवार को नमन कर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और ध्वज वंदन कर प्रारंभ किया। पथ संचलन एमडीएस स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो को होते हुए एमडीएस स्कूल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। छोटे-छोटे स्वयंसेवक व आर एस एस बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयदशमी पर्व के अवसर पर हुई थी। वक्ताओं ने हिंदुत्व पर बल देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता के उत्थान के लिए युवा आगे आएं और राष्ट्र निर्माण हेतु सभी आहुति दे। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को संगठित करने के लिए आरएसएस



अहम भूमिका निभा रहा है। पथ संचलन को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पथ संचलन में संचालक मालनी नगर विपिन महिंद्रा, आदित्य अग्रवाल, अर्पित मेहरा, विशाल खन्ना, अक्ष कौशिक, आशीष राजपूत, नकुल अग्रवाल, बिट्टू भटनागर, गौरव शर्मा, नमन, निराला, मिथुन भारती, पंकज अग्रवाल, सुनील वर्मा, हेमंत अग्रवाल, राजीव आदि स्वयंसेवक रहे।

# स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने कैम्प कार्यालय पर लगाया जनता दरबार

**शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने अपने कैम्प कार्यालय पर शनिवार को बाहर होने के कारण सोमवार को लगाया जनता दरबार।

जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी जिनमें 35 से 40 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हर निस्तारण कराया गया जबकि बाकी समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। शफीक अंसारी ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से बात करके समस्या का समाधान कराया। विधायक ने कहा मेरा कर्तव्य बनता हैं कि मैं स्वार और टांडा की जनता के लिए हर संभव समय पर रहकर कार्य करूंगा। स्वार टांडा की जनता ने जो मुझपर विश्वास किया



हैं मैं विश्वास पर पूरा खरा उतारूंगा। स्वार टांडा के लोगों का काम करना एवं उनके लिए विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता हैं जो विश्वास स्वार टांडा की जनता ने मुझपर किया हैं मैं वह विश्वास टूटने नहीं दूंगा। स्वार टांडा में चहमुखी विकास कराकर लोगों के विश्वास को कायम रखूंगा और कहा मेरा हर समय क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा जनता दरबार लगाता रहूंगा।

इस मौके पर प्रीतम सिंह कंबोज, ठाकुर नूर हसन, डा. शमी मंसूरी, हामिद अल्वी, लक्ष्मीकांत सैनी, शाहनवाज, जाकिर हुसैन, रियासत अली, अनवर, आरिफ, इदरीस खां, शाहनवाज, लियाकत, रईस अहमद, शौकत मकसूद, सुकन, शमशेर, अकील, मोहम्मद अहमद, सलीम, रिजवान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे

# श्री सनातन रामलीला में आयोजित श्रीराम महोत्सव में कुम्भकरण वध, मेघनाद वध एवं अहि रावण वध का मंचन

**शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वाधान मे आयोजित श्रीराम महोत्सव में कुम्भकरण वध, मेघनाद वध एवं अहि रावण वध का मंचन सुमधुर संगीत के साथ किया गया। रावण को जब पता चलता है कि हनुमान ने संजीवनी बूटी लाकर सूर्यादय से पूर्व ही लक्ष्मण के प्राण बचा लिए हैं तब वह चिन्ता में पड जाता है तथा सोच विचार कर अपने अनुज कुम्भकरण के पास जाता है। कुम्भकरण उस समय गहन निद्रा में होता है। रावण अपने सभी साथ आये हुए राक्षसों से कुम्भकरण को जगाने के लिए कहता है काफी परिश्रम के उपरांत कुम्भकरण निद्रा त्यागता है तव रावण सूर्पनखा की नाक कान घेदन से लेकर सीताहरण तक की पूरी कहानी बयां करता है तथा अव तक का वृतांत बताता है। उसकी बात सुनने के पश्चात कुम्भकरण रावण से कहता है कि वह श्रीराम जगत के पालनहार हैं तथा उनकी भार्या जगत जननी हैं उनका अपहरण करने तुमने अच्छा नहीं किया वह सूर्पनखा की बात में भी कुछ भेद समझता है। रावण के समझाने पर वह युद्ध में जाने को तैयार होता है तथा युद्ध स्थल की ओर अपने विशाल काय शरीर के साथ चला जाता है। वह जिस मार्ग से भी गुजरता है उस मार्ग पर सैकड़ो बंदर भालू उसके विशालकाय पैरों के नीचे आकर कुचल जाते हैं। श्रीराम की सेना में त्राहि त्राहि हो जाती है कोहराम मच जाता है।

इस मौके पर वीरेन्द्र गर्ग, अरविन्द अग्रवाल, हरीश चन्द्र, वेद प्रकाश, राजीव गर्ग, ईश्वर सरन, सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र, पवन जैन, मुकुल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बिजनौर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला सचिव बने सैफ मंसूरी

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

शेरकोट सैफ मंसूरी के कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जिला सचिव बनने पर जिला एवं नगर के कांग्रेस कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अनीस विशाल अंसारी के नेतृत्व में जिस तरह जिला बिजनौर में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग मजबूती से कार्य कर रही है, तो आज उसी क्रम में जिला अध्यक्ष अनीस विशाल अंसारी के आदेश पर शेरकोट नगर सचिव मोहम्मद सैफ के पार्टी के प्रति मेहनत लगन और कार्यों को देखते हुए उन्हें अब कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जिला सचिव मनोनीत किया गया है, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अनीस विशाल अंसारी व कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अरमान सैफी आदि पदाधिकारी ने सैफ मंसूरी को मनोयन पत्र सौपा। इसके बाद नवनियुक्त जिला सचिव सैफ मंसूरी ने जिला अध्यक्ष अनीस विशाल अंसारी व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अरमान सैफी, नगीना कांग्रेस नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी आदि पदाधिकारी का दिल की



गहराइयों से धन्यवाद किया, और साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पूरी ईमानदारी, लगन और मेहनत से जिस तरह पहले निभाते आए हैं आगे भी इसी तरह निभाते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के संगठन को मजबूत करेंगे और कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। वही सैफ मंसूरी के जिला सचिव बनने पर उनके चाहने वालों ने उन्हें कॉल कर और उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# जिलाधिकारी के आदेश पर सुबह छह बजे से रात्रि दस बजे तक नगरीय क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

## दो दिन में 96 भारी वाहनों का हुआ चालान

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश पर सुबह छह बजे से रात्रि दस बजे तक नगरीय क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है ।

इस प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक तहसील में एसडीएम और क्षेत्राधिकारी की निगरानी में टीमों का भी गठन किया गया हैं। इन टीमों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जारी निदेशों का सख्ती से अनुपालन भी कराया जा रहा हैं। तहसील स्वार क्षेत्र के अंतर्गत



दो दिनों के भीतर 96 भार वाहनों का मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया हैं। एसडीएम स्वार अवनीश कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक निदेशों को सख्ती से लागू कराया जा रहा हैं। प्रशासनिक स्तर से तय समय सीमा के भीतर नो एंट्री की व्यवस्था प्रभावी बनाई गई हैं इसलिए नो एंट्री के बावजूद भी शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने वाले भार वाहनों पर चालान करने की कार्रवाई की जा रही हैं।

# नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों ने माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर व्रत खोले

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों ने माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। मंदिरों में भंडारे व घरों में कन्याभोज कराकर माता के भक्तों ने व्रत खोले। सोमवार तड़के से ही नगर के प्रसिद्ध गंवादेवत मंदिर, बड़ा मंदिर, हाथी वालों का मंदिर, चौराहा मंदिर, मनोकामना बैनी महाराज, हथौड़ा देवी मंदिर आदि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने फल, फूल इत्यादि के साथ माता का जलाभिषेक किया। मंदिरों में अज्ञारी



कर लोगों ने माता से मनौतियां मांगी। शेरावाली के जयकारों से मंदिरों का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर माता का जागरण के पश्चात भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरित किया गया।

# महाराजा अग्रसेन डे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर व ढोल नगाड़ों से शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। महाराजा अग्रसेन क्रिकेट टूनार्मेंट का पदाधिकारियों ने फीता काटकर व ढोल नगाड़ों के साथ शुभारंभ किया। देर शाम प्रतियोगिता




के मैच खेले जाएंगे। टूनार्मेंट का उद्घाटन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल व विपिन कुमार टीटू ने सयुक्त रूप से किया। संजय अग्रवाल ने कहा कि खेलकूद बच्चों व युवाओं के मानसिक व शारीरक विकास में सहायक होते हैं। टूनार्मेंट के संयोजक मयंक व अखिल अग्रवाल ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के नियम व सूची से अवगत करा दिया गया है। फिर भी रतनेश अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, पराग अग्रवाल, निशांत गोयल, मयंक अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विशु गोयल, शुभम गर्ग, शशांक गोयल आदि मौजूद रहे।

# बहुचर्चित गैंगरेप मामले में मेडिकल के बाद अपहरण व रेप सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

## सीओ सुनील कुमार देर शाम गांव पहुंचे पीड़ित परिवार से बातचीत की

**दैनिक समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। बहुचर्चित गैंगरेप मामले में आला अधिकारियों के सख्त रुख के चलते पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर अपहरण के अलावा रेप सहित अन्य धाराएं बढ़ाकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मेडिकल जांच में पीड़िता के कोई आंतरिक चोट नहीं पाई गई हैं। यहां बता दें कि बीती 19 अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी लड़की को गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय का युवक अपने साथी के साथ अपहरण कर ले गया। पीड़िता के परिजनों ने युवक पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी लेकिन उसे अनसुना कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक 21 अक्टूबर की देर रात आरोपी पीड़िता को खून से लथपथ अवस्था में घर के पास छोड़ गए। आपबीती सुनाई तो परिजन उसे उसी अवस्था में कोतवाली ले आए। आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेकर अपहरण की धाराओं में एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला जब मीडिया की सुर्खियों में आया तो आला अधिकारी तत्काल हरकत में आ गए। सीओ सुनील कुमार देर शाम गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत की। कप्तान की फटकार के बाद पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराया। कोतवाल रामबहादुर सिंह ने बताया कि मेडिकल जांच में पीड़िता के कोई आंतरिक चोट नहीं पाई गई हैं। शैक्षिक प्रमाण पत्रों में लड़की बालिग है। मुकदमे में रेप की धारा बढ़ा दी गई है।

## दो मोटर साइकिलो में हुई आमने सामने भिड़ंत,एक व्यक्ति के खून से सड़क लाल

मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र का है जहा सुल्तानपुरा गांव के पास दो मोटर साइकिलो में आमने सामने भिड़ंत हो गई दोनो मोटर साइकिल पर सवार चालक गिर गए जिसमे एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया दूसरे व्यक्ति ने हालत नाजुक देखी तो मौके से मोटर साइकिल छोड़ कर भाग गया वही राहगीरों ने घायल को अस्पताल माधौगढ़ में कराया भर्ती जहा डॉक्टरों के द्वारा किया जा रहा इलाज हालत गंभीर देखते ही डॉक्टरो ने उच्च संस्थान के लिए किया रेफर मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुरा निवासी गोविंद सिंह पुत्र कुंदन सिंह माधौगढ़ से अपने गांव सुल्तानपुरा जा रहे थे

# कांग्रेस जिला कैंप कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर एक बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।कांग्रेस जिला कैंप कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दलित गौरव संवाद कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई तथा जिले के जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी सौंप गई जिसके अंतर्गत दलित बाहुल्य गांव में रात्रि चौपालो आयोजन किया जाना है तथा दलित अधिकार मांग पत्र दलित समाज के डॉक्टर इंजीनियर वकील शिक्षक समाजसेवी प्रधान बीडीसी मेंबर जिला पंचायत सदस्य पूर्व प्रधानपुर पीसी मेंबर पूर्व जिला पंचायत सदस्य गनमैन लोगों से बनाने हैं जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा से 500



दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने हैं जिसमें विधानसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों पीसीसी आईसीसी सदस्यों एवं जिले के समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं जिम्मेदार पदाधिकारी की जिम्मेदारी बनती है कि वह सब साथ मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं

बैठक में हाजी मरगूव आलम छिददा खां मुशीर खान तरीन काजी हम्माद मुवीन मंजर अब्बास सरफराज सैफी डॉक्टर नाजिम जीशान सिद्दीकी बब्बू खान कलीम खान मुशाहिद अली महताब आलम रफीक मसूरी कासिम जैदी लक्ष्मण सिंह शावेद जैदी मुस्तफा खान कैलाश कश्यप सनी कश्यप दीपांशु शर्मा कसीम खान मोहम्मद विलाल आदि

# सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज में कन्या पूजन सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

नवरात्र में जितना दुगार्पूजन का महत्त्व है उतना ही कन्या पूजन का भी है`प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह ने बताया की देवी पुराण के अनुसार इन्द्र ने जब ब्रह्मा जी भगवती दुर्गा को प्रसन्न करने की विधि पूछी तो उन्होंने सर्वोत्तम विधि के रूप में कन्या पूजन ही बताया और कहा कि माता दुर्गा का जप, ध्यान, पूजन और हवन से भी उतनी प्रसन्न नहीं होती जितना सिर्फ कन्या पूजन से हो जाती हैं`

### सामान्यत: तीन प्रकार से कन्या पूजन का विधान शास्त्रोक्त है -

१) प्रथम प्रकार- प्रतिदिन एक कन्या का पूजन अर्थात नौ दिनों में नौ कन्याओं का पूजन – इस पूजन को करने से कल्याण और सौभाग्य प्राप्ति होती है`
२) दूसरा प्रकार झ प्रतिदिन दिवस के अनुसार संख्या अर्थात प्रथम दिन एक, द्वितीय दिन दो, तृतीया – तीन नवमी झ नौ कन्या (बढ़ते क्रम में ) अर्थात नौ दिनों में ४५ कन्यों का पूजन – इस प्रकार से पूजन करने पर सुख, सुविधा और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है`
३) तीसरा प्रकार – नौ कन्या का नौ दिनों तक पूजन अर्थात नौ दिनों में नौ नौ = ८१ कन्याओं का पूजन– इस प्रकार से पूजन करने पर पद, प्रतिष्ठा और भूमि की प्राप्ति होती है`



शास्त्रों के अनुसार कन्या की अवस्था
एक वर्ष की कन्या का पूजन नहीं करना चाहिए
दो वर्ष – कुमारी - दुःख-दरिद्रता और शत्रु नाश
तीन वर्ष – त्रिमूर्ति - धर्म-काम की प्राप्ति, आयु वृद्धि
चार वर्ष – कल्याणी - धन-धान्य और सुखों की वृद्धि
पांच वर्ष – रोहिणी - आरोग्यता-सम्मान प्राप्ति
छह वर्ष – कालिका - विद्या व प्रतियोगिता में सफलता
सात वर्ष - चण्डिका - मुकदमा और शत्रु पर विजय
आठ वर्ष – शाम्भवी - राज्य व राजकीय सुख प्राप्ति
नौ वर्ष – दुर्गा - शत्रुओं पर विजय, दुर्भाग्य नाश
दस वर्ष – सुभद्रा - सौभाग्य व मनोकामना पूर्ति

कन्याओं के पूजन के साथ बटुक पूजन का भी महत्त्व है, दो बालकों को भी साथ में पूजना चाहिए एक गणेश जी के निमित्य और दूसरे बटुक भैरो के निमित्य कहीं कहीं पर तीन बटुकों का भी पूजन लोग करते हैं और तीसरा स्वरुप हनुमान जी का मानते हैं`

### एक-दो-तीन कितने भी बटुक पूजें पर कन्या पूजन बिना बटुक पूजन के अधूरी होती है`

कन्याओं को माता का स्वरुप समझ कर पूरी भक्ति-भाव से कन्याओं के हाथ पैर धुला कर उनको साफ सुथरे स्थान पर बैठाएं` सभी कन्याओं के मस्तक पर तिलक लगाएं, लाल पुष्प चढ़ाएं, माला पहनाएं, चुनरी अर्पित करें तत्पश्चात भोजन करवाएं `भोजन में मीठा आवश्यक है, दूध से निर्मित कोई मीठा हो तो यह और भी अच्छा है` भोजन करवाने के बाद सभी कन्याओं को यथा संभव फल, मिठाई, श्रीफल, दक्षिणा और वस्त्र अथवा कुछ भी उपहार स्वरुप प्रदान करें तत्पश्चात चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें` कन्याओं को थोड़ा अक्षत (चावल) दें आपके चरण स्पर्श के दौरान कन्याएं अक्षत आपके सर पर डालेंगी, यही माता का आशीर्वाद है।आज पूरे परिवार की ओर से माँ नव दुर्गा के नौ रूपों की की बिधि विधान से पूजन अर्चन कर आशीष लिया गया।

**इस अवसर पर माँ श्रीमती सावित्री सिंह**
**CMD प्रोफेसर आनंद सिंह**
**श्रीमती सुमन सिंह**
**डॉक्टर सानंद सिंह**
**डॉक्टर प्रीति सिंह,अमित कुमार सिंह रघुवंशी निदेशक, काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय समेत कॉलेज परिवार के अन्य लोग उपस्थित रहे।**

# मां के दरबार मे लगा श्रद्धालुओं का तांता

**आशु खरवार दैनिक समाज जागरण संवाददाता बलिया**

रसड़ा पुरानी संगत में मां दुर्गा जी के दर्शन और कलाकारों के अद्भुत प्रदर्शन पूरे जिले में फेमस है शारदीय नवरात्रि पर्व पर सजाए गए जननी मां दुर्गा के पंडालों पर श्रद्धालुओं के जयकारों से जहां पूरा क्षेत्र में गूंजायमान हो गया है वहीं सुबह शाम होने वाली जगत जननी मां दुर्गा की आरती उतारने हेतु श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा हैं। सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा का श्रद्धापूर्वक पूजन अर्चन कर आरती उतारी गई । क्षेत्र के विभित्र दुर्गा पूजा समितियो द्वारा विद्युत उपकरणों से भव्य रूप से सजाए गए जगत जननी मां दुर्गा के पंडाल आकर्षण का केन्द्र बने हुए



है जहा सजाए गए मां के पूजा पंडाल पर बुधवार को मां कुष्मांडा का दर्शन पूजन कर आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मां का दर्शन पूजन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गया । शारदीय नवरात्रि पर्व पर विभिन पूजा पंडालो पर जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन अर्चन किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगत जननी मां के पंडालों पर सुबह शाम पूजा आरती के दौरान श्रद्धालुओं का तांता लगा है ।

# थाना अध्यक्ष दिनेश कुरील ने जिला बदर टॉप 10 अभियुक्त को 315 बोर तमंचा सहित किया गिरफ्तार,

कुठौद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जालौन ईराज राजा के कुशल निर्देशन में तथा सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में 23. अक्टूबर को थाना सिरसा कलार पुलिस द्वारा टाप टेन व जिला बदर अपराधी अरुण कुमार सिंह पुत्र तकदीर सिंह निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना सिरसा कलार जनपद जालौन को एक अदद तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर सहित निबहाना मोड़ तिराहा से सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व एवं सूझबूझ के चलते जिला बदर टॉप 10 अपराधी को गिरफ्तार किया गया इस सम्बंध में थाना हाजा पर मु अ स 228/23 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम व 3/10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार'

## थाना इंचार्ज गोहन पर लगाए हिटलर शाही दिखाने व बदसलूकी करने के आरोप'

उरई (जालौन)- गोहन थाना इंचार्ज रानी गुप्ता ने जब से गोहन थाना का पदभार ग्रहण किया है! तब से वह हिटलर साही कार्यशैली अपनाए हुए है! जनता में थाना इंचार्ज के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है! उनकी कार्यशैली से क्षेत्र की जनता परेशान है! फरियादी थाना में शिकायत दर्ज कराने जाते है तो थाना प्रभारी शिकायत दर्ज नही करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम राजपुरा निवासी ज्ञान सिंह ने जालौन पुलिस अधीक्षक इराज राजा को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने गांव राजपुरा में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किए हुए है! जिसका उधारी का पैसा रवींद्र, अरबिंद्र सेंगर निवासी कंचनपुर से मागने गया तो वह मेरे पुत्र बॉबी से गाली गलौज करने लगे जिसका मेरे पुत्र ने विरोध किया उन लोगो ने बॉबी



के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी! उसको गम्भीर चोट आई जिसकी शिकायत गोहन थाना में करने गए तो थाना प्रभारी रानी गुप्ता ने शिकायती पत्र लेने से मना कर दिया और कहा लड़ाई झगड़ा तो आम बात है आपस में निपटा लो! जब पीड़ित ने कहा कि आप हमारी प्राथमिकी दर्ज करके मेडिकल परीक्षण करा दे तो वह भड़क गई और मेरे साथ ही गाली गलौज करने लगी और अपने हमराहीयो से कहा कि इनको धक्का देकर थाने से बाहर निकालो और उन लोगो ने धक्का देकर बाहर निकाल दिया।

और कहा यदि दुबारा से थाना शिकायत दर्ज कराने आए तो तुम्हारे खिलाफ उल्टा मुकदमा दर्ज कर तुम सब लोगो को जेल भेज देंगे! थाना में फरियाद न सुनी जाने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है! थाना अध्यक्ष की कार्यशैली के खिलाफ लोगों में आक्रोश दिखा और उन्होंने मुदार्बाद व तानाशाही नही चलेगी के नारे लगाकर कार्यवाही की मांग की!

# सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में पैंथर इलेवन ने जगेली क्रिकेट क्लब हराकर दुसरे दौर में किया प्रवेश

पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर।
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में चल रही है।
ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के आज चार प्रतियोगिता खेली गई है।
मैच परिणामः-
1. मिल्की क्रिकेट क्लब बनाम स्पार्टन क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। स्पार्टन के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 88 रन बनाया। जिसमें मो इसराक ने 38 गेंदों में 19 रन एवं सचिन 9 गेंदों में 16 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
मिल्की क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए जावीर 2 विकेट, सदाब ने 2 विकेट एवं सोनू ने 2 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य का पीछा करते हुए मिल्की क्रिकेट क्लब ने 14 ओवर 3 गेंदों 7 विकेट खोकर 89 रन बनाकर 3 विकेट से जीत हासिल कर ली। और दुसरे दौर में प्रवेश किया।
मो दानिश ने 22 गेंदों 28 रन एवं मौजशीम ने 19 गेंदों में 13 रन का योगदान दिया।
स्पार्टन की और से गेंदबाजी करते हुए मो साहिल ने 3 विकेट एवं सचिन ने 2 विकेट प्राप्त किया।
2. एम के टी बनाम पूणिया कॉलेज के बीच मुकाबला खेला गया। पूणिया कालेज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाए। जिसमें सीटू 20 गेंदों में 39 रन एवं रीषु ने 21 गेंदों में 29 का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
एम के टी की और से गेंदबाजी करते हुए मो जावेद ने 3 विकेट एवं मो तौकीर ने 2 विकेट प्राप्त किया।
एम के टी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 82 रन ही बना सकी। पूणिया कालेज यह मैच 54 रनों से जीत हासिल कर ली।
मो अब्दुल रहमान ने 39 गेंदों में 37 रन, शहनाज आलम ने 8 गेंदों में 16 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
पूणिया कालेज की और से अमंत सिंह ने 2 विकेट, शेखर ने 2 विकेट एवं मोदू ने 2 विकेट प्राप्त किया।
3. पैंथर इलेवन बनाम जगेली क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया।
पैंथर इलेवन के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 रन बनाए। जिसमें गोल ने 22 गेंदों में 24 रन अफजल समीम ने 23 गेंद में 15 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
जगेली क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए मनोज, हैदर, टीपू सरकार एवं सानू ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।
जगेली क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 रन कर मैच को टाई कराया। आर विष्णु ने 25 गेंदों में 23 रन, मो इमाम ने 19 गेंदों 18 रन का योगदान दिया।




पैंथर इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए मो सैफ खान ने 3 विकेट, मो आविद हसन ने 2 विकेट प्राप्त किया।
सुपर ओवर से मुकाबला का नतीजा निकला। जिसमें पैंथर इलेवन ने जीत हासिल कर ली।
4. एस एन भी सी बनाम वंडर स्पोर्ट्स के बीच मुकाबला खेला गया।
एस एन भी सी सी के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 65 रन बनाए। जिसमें अनुरंजन ने 16 गेंदों में 18 रन, प्रभास ने 9 गेंदों में 16 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।
वंडर स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए रंजीत यादव ने 4 विकेट प्राप्त किया।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी वंडर स्पोर्ट्स ने 7 ओवर 2 गेंदों में 3 विकेट खोकर 69 रन बनाकर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली। भूपेश ने 18 गेंदों 31 रन एवं महेश ने 6 गेंदों में 14 रन का महत्वपूर्ण योगदान।
एस एन भी सी सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनुरंजन ने 2 विकेट प्राप्त किया।
दिनांक 24/10/2023 को खेले जाने वाले मुकाबला
1. आजाद क्रिकेट क्लब बनाम पीरगंज क्रिकेट क्लब
2. बादशाह इलेवन बनाम एम ए एन क्रिकेट क्लब
3. चिमनी बाजार क्रिकेट क्लब बनाम अमौर क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

इधर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर ने खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षक, अगले दौर में प्रवेश किए सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को दिया दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मैच के अंपायर मो नैयर अली, एस एस प्रसाद पिंटू, सैयद जब्बार हुसैन,बिमल मुकेश स्कोरर प्रिंस कुमार थे।
उद्घोषक मो एजाज अहमद, अभिनंदन कुमार, मो जाहीद आलम।
इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी मो मंजर मोहशिम, अब्बू आलम , रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, वेदांत, शिवम् विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव और कमिटी सदस्य उपस्थित थे।

# एस एस बी ने मुख्यालय स्थित वाहिनी के मंदिर में बड़े ही धूम-धाम से मनाया महानवमी का पर्व

अररिया।
सोमवार 23 अक्तूबर को 52 वीं वाहिनीं, सशस्त्र सीमा बल, अररिया(बिहार) द्वारा वाहिनी के मंदिर में महानवमी का पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया।इस दौरान वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री पी० एन० सिंह, उप कमांडेंट व श्री उदय कुमार, उप कमांडेंट सहित अन्य बलकर्मियों द्वारा माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की गई।मंदिर के पुजारी श्री अनिल प्रसाद द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पूजा पाठ व हवन कराया गया।तत्पश्चात श्री पी० एन० सिंह, व श्री उदय कुमार, उप कमांडेंट महोदय द्वारा 9 कन्याओं के पैर धोकर उन्हें भोजन कराया गया तथा सभी बलकर्मियों और उनके परिजनों की सुख-समृद्धि की कामना की। वाहिनी द्वारा महानवमी के शुभ अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गयो इस अवसर पर निरीक्षक उत्तम विश्वास, उ०नि० दीपक कुमार, स०उ०नि० सुरेन्द्र कुमार, दीपक जोशी, मु० आ० अनिल कुमार, सुशील कुमार, जयंता शर्मा, प्रदीप कुमार, आ० जोगिन्दर पाल, विक्रम सिंह सहित अन्य बलकर्मी व उनके परिजन मौजूद रहे।



# सीमावर्ती क्षेत्र सहवाजपुर छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा

फारबिसगंज ।
फारबिसगंज अररिया भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र अररिया जिला अंतर्गत फारबिसगंज प्रखंड के सहबाजपुर पंचायत स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर अपने आप में एक अलग पहचान बना रहीं है।



पापियों के संघार के लिए मां ने धरती पर आकर समय-समय पर मानव जाति के कल्याण के लिए प्रकट हुई आज मां के नौ रूप का दर्शन शक्ति के रूप में पूरे भारत में हर साल दुर्गा पूजा दशहरा और विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है। वहीं जिले का एक ऐसे ही शक्तिपीठ जहां मां स्वयं आप रूपी प्रकट हुई मां छिन्नमस्तिका यह पीठ। बताया जाता है यहां साल में चार दुर्गा पूजा मनाया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो मां स्वयं प्रकट होकर भक्तों के कल्याण के लिए आज भी तत्पर विराजमान है। रविवार को अररिया के समाजसेवी संजय मिश्रा ने मां छीनमस्तिका का दर्शन किया ।उन्होंने जगत कल्याण हेतु किया पूजा पूजा अर्चना कर जिले की खुशहाली व तरक्की हेतु प्रार्थना किया।मौके पर मौजूद मंदिर पुजारी के अनुसार मान्यताओं के आधार पर बिहार का एक अकेला ऐसा पीठ जहां मां स्वयं प्रकट हुई हैं।

# शारदीय नवरात्र व विजयदशमी का पर्व सभी नागरिकों के जीवन में उत्साह, उमंग व खुशहाली का माध्यम बनेगाः संजीव मिश्रा

भरगामा ।
अररिया के भरगामा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी ने दुर्गा पूजा मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होने आयोजकों सहित तमाम लोगों को दशहरा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मिश्रा ने कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया है। शारदीय नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के 9 स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान का कार्यक्रम श्रद्धा उल्लास व उमंग से संपन्न होता है। कन्या पूजन का यह पर्व महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का पवित्र माध्यम है। मंगलवार को विजयदशमी का पावन पर्व है। विजयदशमी धर्म, सत्य और न्याय के विजय पर्व के साथ ही सनातन की पताका के विजय का पर्व है। यह इस बात का प्रतीक भी है कि हर काल, परिस्थिति में दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सनातन धर्म ने चुनौती को स्वीकार किया और लोक कल्याण तथा मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व के रूप में भारत ही नहीं दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी विजयदशमी के पर्व के साथ उत्साह व उमंग से जुड़ते हैं। शारदीय नवरात्र व विजयदशमी का पर्व सभी नागरिकों के जीवन में उत्साह, उमंग व खुशहाली का माध्यम बनेगा। जगतजननी मां भगवती का आशीर्वाद समाज की एकता व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करेगा। भगवान श्रीराम का विराट व्यक्तित्व सभी नागरिकों को सत्य, धर्म व न्याय के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।



# बरदाहा के दशहरा पूजा में मेला बना लोगों के लिए आकर्षण

फारबिसगंज ।
प्रसिद्ध कथाशिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की धरती बरदाहा में हर वर्ष की भांति इस बार भी दशहरा पूजा महोत्सव काफी धूमधाम के साथ की जा रही है । सोमवार को शारदीय नवरात्री के नौवीं दिन मां सिद्धि दात्री की पूजा धूमधाम के साथ की गई । इस महोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए ठीलामोहन के सामाजिक कार्यकर्त्ता चंदन सिंह ने बताया कि बरदाहा का सार्वजनिक मां दुर्गा पूजा महोत्सव और यहां का मेला काफी मशहूर है । मिनी सोनपुर मेले के नाम से मशहूर बरदाहा का दशहरा मेले की भव्यता देखते ही बनता है । यहां का दशहरा महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है । चंदन सिंह ने कहा कि सिद्धों, गंधर्वों और देवताओं द्वारा सदा सेवा प्राप्त करने वाली मां सिद्धि दात्री सबका कल्याण करते हैं । इस मेले को सोनपुर मेले से आए सांस्कृतिक कला मंच, राम झूला, चित्रहार कार्यक्रम, मीना बाजार आदि लोगों के लिए अच्छा खासा आकर्षक बना दिया है । दशहरा पूजा महोत्सव और मेले को सफल बनाने के लिए मेला कमेटी के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मंडल, समाजसेवी चमन लाल ऋषिदेव, अनिल मंडल, अनिमेश कुमार ऊर्फ गुड्डू मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य मायानंद ऋषिदेव, गोपाल मंडल, चंदन मंडल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महानंद ऋषिदेव, श्यामानंद ऋषिदेव , अभिषेक कुमार, अनिश कुमार, मिथलेश ऋषिदेव आदि समेत तमाम ग्रामीण सक्रियता से लगे दिखे । वहीं बरदाहा मेले में सिमराहा थाना के दारोगा गोपालजी सिंह, मनीष कुमार यादव, रिकी कुमार, मिंटू कुमार आदि दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चुस्त दुरुस्त होकर लगे थे ।



# स्काउट गाइड हमें विश्व बंधुत्व की भाव सिखाती है वह आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देती है:- जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
कछवांरोडः- मिजामुराद थाना क्षेत्र के गौर गांव( मिजामुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में सोमवार को चल रहे उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान पांच दिवसीय रेंजर प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या रही तथा विशिष्ट अतिथि मिजामुराद थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया व कैम्प संरक्षक महाविद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री संजीव सिंह गौतम रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बुके स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र के माध्यम से स्वागत किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहां की स्काउट गाइड हमें विश्व बंधुत्व की भाव सिखाती है जिससे छात्राओं में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है जिससे वह आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा लेते हैं। और आपातकाल में भी वह अपने देश रक्षा करने लिए तत्पर रहते हैं।विशिष्ट अतिथि ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहां कि स्काउट गाइड के मे होने वाले प्रशिक्षण को प्राप्त कर आप सभी देश प्रेम की भावना के साथ विश्व बंधुत्व की भावना से देश की सेवा करते हैं आप स्काउट गाइड में लिए हुए शपथ को अपने जीवन में उतारे और निःस्वार्थ सेवा भाव से देश की सेवा करें कार्यक्रम के अंत में आए हुए समस्त अतिथियों का सम्मान प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र के माध्यम से किया तथा मोस्ट एक्टिव स्काउट का अवार्ड अथर्व राज शर्मा को देकर सम्मानित किया गया। लीडर ऑफ द कोर्स खुशबू मौर्य और उमेश केसरी ने इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया। इस मौके पर डॉ विशालाक्षी देवी (गाइड कैप्टन), प्रचार्या डॉ. रिंकी सिंह, एचओडी योगेश सिंह, अपर्णा विश्वकर्मा, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रसाशनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अमृता सिंह, मनीषा रानी( यूनिट लीडर), पूजा मिश्रा (ट्रेनिंग काउंसलर), मुकेश यादव, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार चतुर्वेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन अपर्णा विश्वकर्मा जीने किया ।

# धर्म, सत्य व न्याय के विजय का पर्व है विजयादशमीः किमी आनंद

जोगबनी ।
भाजपा अररिया लोकसभा के मीडिया संयोजक सह मीडिया प्रभारी भाई किमी आनंद ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयदशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है। सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के 9 स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान का कार्यक्रम श्रद्धा उल्लास व उमंग से संपन्न होता है।
आज नवरात्र की नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान पूरे प्रदेश में संपन्न हो रहा है। कन्या पूजन का यह पर्व महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का पवित्र माध्यम है। किमी आनंद ने कहा कि मंगलवार को विजयदशमी का पावन पर्व है। विजयदशमी धर्म, सत्य और न्याय के विजय पर्व के साथ ही सनातन की पताका के विजय का पर्व है। यह इस बात का प्रतीक भी है कि हर काल, परिस्थिति में दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सनातन धर्म ने चुनौती को स्वीकार किया और लोक कल्याण तथा मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व के रूप में भारत ही नहीं दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी विजयदशमी के पर्व के साथ उत्साह व उमंग से जुड़ते हैं। विजयदशमी को लेकर रामलीला व अन्य आयोजन भी हो रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शारदीय नवरात्र व विजयदशमी का पर्व सभी नागरिकों के जीवन में उत्साह, उमंग व खुशहाली का माध्यम बनेगा। जगतजननी मां भगवती का आशीर्वाद समाज की एकता व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करेगा। भगवान श्रीराम का विराट व्यक्तित्व सभी नागरिकों को सत्य, धर्म व न्याय के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।

# असुरों के संहार के लिए माँ दुर्गा अवतरित हुई थीः रंजीत यादव

नरपतगंज ।
अररिया लोकसभा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में पहुँचकर सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी क्रम में रामघाट, नरपतगंज के आदरणीय बड़े भाई "श्री विवेका यादव जी" से मिलकर दुर्गा पूजा की बधाई दी ।कहते हैं कि इसी दिन असुरों के संहार के लिए माँ दुर्गा अवतरित हुई थी। इस मौके पर हम संकल्प लें कि अपने अंदर की अच्छाइयों पर बुराई को हावी नहीं होने दें। माता रानी की कृपा आप सबों पर बनी रहे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उनके साथ रहे।



# नानू बाबा ने मंत्री शाहनवाज आलम को किया सम्मानितः टीपू यादव

अररिया।
दुर्गा पूजा के मौके पर सूबे के आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज आलम साहब के साथ राजद के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने अररिया नगर के विभिन्न दुर्गा मन्दिर में माता की प्रतिमा का दर्शन किया। प्रसिद्ध काली मंदिर में मंत्री जी के साथ नानू बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। और श्रद्धालुओं को पूजा की शुभकामनाएँ दी। मौके पर राजेश यदुवंशी,अविनाश आनंद, तंजील अहमद झुन्नु, सादिक हाशमी चिम्पु, संजीव यादव, इफतेखर आलम मुन्ना और बड़ी संख्या में स्थानीय मौजूद रहे। नानू बाबा ने मंत्री जी को चुनरी ओढ़ा गले में माला डालकर उन्हें सम्मानित किया।



# एनआईएफपीएचएटीटी ने कोच्ची में मत्स्य संपदा जागरूकता अभियान आयोजित किया

भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (एनआईएफपीएचएटीटी) ने मत्स्य पालन क्षेत्र में नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी और ज्ञान का प्रसार करने और देश भर में मत्स्य पालन विभाग और उसके संस्थानों की सफलता की कहानियों का प्रसार करने के लिए आज कोच्चि में मत्स्य संपदा जागृति अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। मत्स्य पालन विभाग ने 15 सितंबर 2023 को ह्लमत्स्य संपदा जागृति अभियानह्व (एमएसजेए) शुरू किया, जो मछली पालक किसानों और 3477 तटीय गांवों तक पहुंचने के लिए एक जनसम्पर्क कार्यक्रम है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मत्स्य पालन योजनाओं को बढ़ावा देना, विभिन्न मत्स्य पालन गतिविधियों का प्रदर्शन करना, मछुआरों और तटीय गांवों तक पहुंचना, मत्स्य पालन में विविध गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और क्षेत्रीय उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को प्रदर्शित करना है।
मत्स्य संपदा जागृति अभियानह्व (एमएसजेए) पर कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, आईसीएआर- केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने किया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया और देश भर में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि पीएमएमएसवाई को मछली उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, हार्वेस्टिंग के बाद के बुनियादी ढांचे और विपणन तक मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने के लिए बनाया गया है। आईसीएआर-सीएमएफआरआई के तहत सफलता की कहानियों को साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन से मूल्य श्रृंखला को आधुनिक और मजबूत किया जा सकता है, जानकारी प्राप्त करने की क्षमता में वृद्धि हो सकती है और मछुआरों और मछली किसानों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक मजबूत मत्स्य प्रबंधन ढांचा स्थापित किया जा सकता है।



एस. महेश, संयुक्त निदेशक (मध्य क्षेत्र), मत्स्य पालन विभाग, केरल सरकार ने केरल में पीएमएमएसवाई के माध्यम से मत्स्य पालन विकास योजनाओं के कार्यान्वयन पर एक प्रस्तुति दी। श्री एम. शाजी, संयुक्त निदेशक (एक्वाकल्चर) सेवानिवृत्त, एमपीईडीए और सलाहकार (एनएफडीबी) ने केरल में पीएमएमएसवाई योजना के तहत एक्वाकल्चर प्रौद्योगिकियों पर उपयोगी जानकारी दी। डॉ. जैनुद्दीन ए.ए., प्रमुख एवं प्रधान वैज्ञानिक, क्यूएएम प्रभाग, सीआईएफटी, कोच्चि ने पीएमएमएसवाई के संबंध में स्टार्ट-अप/उद्यमशीलता में सीआईएफटी की पहल के बारे में बताया। श्री कमलराज, प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजिस्ट, निफैट ने पीएमएमएसवाई के संदर्भ में मूल्य संवर्धन और क्षमता निर्माण में एनआईएफपीएटीटी के योगदान पर चर्चा की। श्रीमती माजा जोस, उप निदेशक (प्रशिक्षण), मत्स्य पालन विभाग, केरल ने हितधारकों के साथ बातचीत का नेतृत्व किया। कार्यशाला के दौरान, हितधारकों ने जलीय कृषि, मछली प्रसंस्करण और विपणन में अपनी सफलता की कहानियां साझा की।
एनआईएफपीएचएटीटी के निदेशक डॉ. शाइन कुमार सी.एस. ने सभा का स्वागत किया और 2019 में मंत्रालय के गठन और 20,050 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएमएमएसवाई योजना शुरू करने के लाभों पर जोर दिया, जिसने देश के मत्स्य पालन क्षेत्र में एक मजबूत आधार बनाया है। उन्होंने देश में मत्स्य पालन क्षेत्र के प्रगतिशील विकास में इंडो नॉर्वेजियन प्रोजेक्ट, इंटीग्रेटेड फिशरीज प्रोजेक्ट और एनआईएफपीएचएटीटी की भूमिका के बारे में भी बताया।
कार्यक्रम ने मछलीपालन और जलीय कृषि तकनीकों, आधुनिक और नवीन मछली पालन प्रौद्योगिकियों, मछली प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में महत्वपूर्ण जानकारी, सर्वोत्तम प्रथाओं और नवीनतम प्रगति को मछली किसानों और अन्य मत्स्य पालन हितधारकों की बड़ी संख्या तक प्रसारित और प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। कार्यशाला ने मछुआरों और अन्य हितधारकों को उन्नत प्रथाओं को अपनाने में मदद की, जिससे दक्षता और लाभप्रदता में वृद्धि हुई। कार्यशाला ने जिम्मेदार मत्स्य पालन प्रबंधन, टिकाऊ जलीय कृषि, मछली प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र पर निर्भर समुदायों के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री श्रीकुमार, प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजिस्ट, एनआईएफपीएटीटी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। मत्स्य संपदा जागरूकता अभियान कार्यशाला के दौरान मछुआरों के प्रतिनिधियों, मछली पालक किसानों, उद्यमियों, मछुआरा सहकारी समिति के नेताओं, पेशेवरों, वैज्ञानिकों, बड़ी संख्या में मछुआरों और अन्य हितधारकों ने बातचीत की।
उद्घाटन के दौरान डॉ. शाइन कुमार सी.एस., निदेशक, एनआईएफपीएटीटी; श्री. एस. महेश, संयुक्त निदेशक (मध्य क्षेत्र), मत्स्य पालन विभाग, केरल सरकार; श्री. एम. शाजी, संयुक्त निदेशक (एक्वाकल्चर) सेवानिवृत्त, एमपीईडीए और सलाहकार (एनएफडीबी); डॉ. जैनुद्दीन ए.ए., प्रमुख और प्रधान वैज्ञानिक, क्यूएएम डिवीजन, सीआईएफटी; श्रीमती माजा जोस, उप निदेशक (प्रशिक्षण), मत्स्य पालन विभाग, केरल; श्री एम. हबीबुल्लाह, निदेशक, सिफनेट; डॉ. सिजो वर्गीस, जोनल निदेशक, एफएसआई; डॉ. जय सिंह मीना, विजाग सेंटर एनआईएफपीएटीटी ओआईसी भी उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा पर कुलपति ने दिया सबों को बधाई

मधेपुरा/पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर।
बीएनएमयू व पूर्णियां विश्वविद्यालय पूर्णियां के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों सहित संपूर्ण देशवासियों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सबों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और मां दुर्गा से सबों के लिए आशीर्वाद मांगा है और कुलपति ने कहा है कि दुगार्पूजा साधना, सदाचार एवं सत्यनिष्ठा का पर्व है। जब हम सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, तो ईश्वरीय शक्ति भी हमारा साथ देती है। उन्होंने सबों से अपील की है कि सब मिलजुलकर विधिपूर्वक अष्टमी, नवमी एवं विजयादशमी मनाएं और अपने परिवार एवं समाज के साथ-साथ अपने विश्वविद्यालय के भी समग्र विकास हेतु प्रार्थना करें।

# अविनाश आनंद ने समस्त प्राणियों के सुख समृद्धि का किया कामना

फारबिसगंज ।
महानवमी दुर्गा पूजा के अवसर पर फारविसगंज प्रखंड के कई मंदिर जाकर राजद के खांटी युवा नेता अविनाश आनंद ने
माता दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने माँ दुर्गा से आप सबों की सारी मनोकामना पूर्ण करे का कामना भी किया। इस मौके पर फारबिसगंज विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी रहे के एन विश्वास, वार्ड पार्षद दीपा आनंद एन फैमिली भी साथ दिखे।

# वाराणसी : लाइव बैंड ने बांधा समां, गरबा में थिरके लोग, दिखा उत्साह

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। धर्म की नगरी काशी में देवाधिदेव महादेव के साथ शक्ति की पूजा-उपासना बड़े-धूमधाम से की जाती है। नौ देवियों के इस नौ दिवसीय पर्व यानि शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि को जीत रिवेरा कैंपस में चल रही नौ दिनों की नवरात्रि उत्सव के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को सोसाइटी के सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।




शाम 6:30 बजे मां दुर्गा की भव्य आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद लाइव बैंड (म्यूजिक स्टेशन) व गरबा की मस्ती में लोग रमे नजर आए। इसके अलावा जीत रिवेरा सोसाइटी के सदस्यों ने भी कल्चरल प्रोग्राम जैसे भक्ति संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इससे वहां उपस्थित सभी लोगों का मनमोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयोजित लाइव गरबा में वाराणसी के नामचीन कलाकार पीयूष मिश्रा ने अपने प्रस्तुति से समा बांध दिया। माता के भजनों पर गरबा में थिरके लोगों ने खुलकर आनंद लिया। रामनगर में आयोजित इस कार्यक्रम में सोसाइटी के सदस्यों और अन्य स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोग मां के गीत के धुनों पर डंडियां और गरबा करते नजर आए।

कार्य्रकम में आए कलाकार पीयूष मिश्रा का स्वागत-सम्मान रविशंकर शर्मा और पुष्पगुच्छ जीत सिन्हा ने दिया। पीयूष मिश्रा के साथ आए अन्य कलाकालों का भी स्वागत-सम्मान किया गया। उनका माला व अंगवस्त्रम पहनकर स्वागत किया गया। स्वागतकताओं में मुख्य रूप से राज सिन्हा, शम्भूशरण मिश्रा,सुनील अग्रवाल, वीवी सिंह, प्रवीण गुप्ता, धर्मवीर यादव और अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण अनुष्का चौरसिया और संचालन प्रियांशी गुप्ता, श्रद्धा चौबे ने किया। कार्यक्रम में विशेष भूमिका कन्हैयालाल श्रीवास्तव, प्रेमप्रकाश, पारसनाथ सिंह ने निभाई। माता दुर्गा के पंडाल व्यवस्था में राम प्रताप सिंह, रमाशंकर प्रसाद और प्रवीण गुप्ता शामिल रहे।

# 40 वर्ष अधेरे ने फांसी लगा कर दी जान

बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत बैजलपट्टी गांव निवासी राघवेंद्र कुमार गुप्ता उम्र 40 वर्ष ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर जान दे दी।
चौकी प्रभारी हरहुआ विवेक कुमार त्रिपाठी के अनुसार सोमवार की दोपहर बाद लगभग 3 बजे घटना की जानकारी हुई। जब घटना स्थल पर पहुंचा तो पता चला कि उपचार के लिए लोग प0 दीनदयाल अस्पताल लेकर गए हैं। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची तो पता चला कि मौत हो गई है।पुलिस शव को हिरासत में लेकर शिवपुर मर्चरी में दाखिल करा दी है।लिखित तहरीर के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार मृतक राघवेंद्र कुमार गुप्ता अपने घर के छत पर बने कमरे में पंखे के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था। घर में ही पत्नी रिंकी गुप्ता का ब्यूटी पार्लर की दुकान है, पत्नी अपने पार्लर में थी ।ज्यादा देर बीत जाने के बाद जब पति दिखाई नहीं दिया तो पत्नी देखने के लिए ऊपर गई तो पति को फांसी पर लटका हुआ देखकर शोर मचाया। पड़ोस के लोग पहुंच कर आनन फानन में उपचार के लिए हरहुआ स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। पत्नी रिंकी गुप्ता उपचार कराने पं0 दीनदयाल लेकर गयी जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच कर जानकारी में जुट गई है।

# स्काउट गाइड हमें विश्व बंधुत्व की भाव सिखाती है वह आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देती है:- जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी मिजार्मुराद। गौर गांव(मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में सोमवार को चल रहे उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान पांच दिवसीय रेंजर प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या रही तथा विशिष्ट अतिथि मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया व कैम्प संरक्षक महाविद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री संजीव सिंह गौतम रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बुके स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र के माध्यम से स्वागत किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहां की स्काउट गाइड हमें विश्व बंधुत्व की भाव सिखाती है जिससे छात्राओं में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है जिससे वह आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा लेते हैं। और आपातकाल में भी वह अपने देश रक्षा करने लिए तत्पर रहते हैं।विशिष्ट अतिथि ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहां कि स्काउट गाइड के मे होने वाले प्रशिक्षण को प्राप्त कर आप सभी देश प्रेम की भावना के साथ विश्व बंधुत्व की भावना से देश की सेवा करते हैं आप स्काउट गाइड में लिए हुए शपथ को अपने जीवन में उतारे और निःस्वार्थ सेवा भाव से देश की सेवा करें कार्यक्रम के अंत में आए हुए समस्त अतिथियों का सम्मान प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र के माध्यम से किया तथा मोस्ट एक्टिव स्काउट का अवार्ड अथर्व राज शर्मा को देकर सम्मानित किया गया। लीडर ऑफ द कोर्स खुशबू मौर्य और उमेश केसरी ने इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया। इस मौके पर डॉ विशालाक्षी देवी (गाइड कैप्टन), प्रचार्या डॉ. रिंकी सिंह, एचओडी योगेश सिंह, अपर्णा विश्वकर्मा, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रसाशनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अमृता सिंह, मनीषा रानी( यूनिट लीडर), पूजा मिश्रा (ट्रेनिंग काउंसलर), मुकेश यादव, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार चतुवेर्दी तथा धन्यवाद ज्ञापन अपर्णा विश्वकर्मा जीने किया ।

# चौबेपुर रामलीला के नवें दिन अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति का हुआ भाव पूर्ण मंचन

*शक्ति बाढ़ लगल लक्ष्मण के रोवेले रघुराई, अखिया खोला बबुआ बोलब के के छोटका भाई*

**चौबेपुर।वाराणसी**
**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

स्थानीय बाजार मे चल रही रामलीला के नवें दिन अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया।स्थानीय कलाकारों के मंचन से दर्शक भक्ति भाव मे डूब गए। रामलीला देखने के लिए आधी रात तक लोगों की भीड़ जमीं रही।कार्यक्रम की शुरूआत अंगद-रावण संवाद से हुई। रावण के दरबार में शांतिदूत के रूप में पहुंचे अंगद ने राम से बैर त्याग सीता को वापस करने की सलाह दी,लेकिन रावण को सलाह समझ में नहीं आई। तब अंगद ने रावण के दरबार में अपना पैर जमा कर चुनौती देते हुए कहा कि दरबार में यदि कोई मेरा पैर हटा देगा तो श्रीराम की सेना बिना युद्ध किए खाली हाथ लौट जाएगी।पूरे दरबारी जोर लगाते रहे ।इसके बाद भी कोई वीर अंगद का पैर तक नहीं हिला सका। अंत में स्वयं रावण उठता है, तो अंगद अपना पैर हटाकर कहते हैं की मेरा पैर क्यों पकड़ते हो जाकर श्री राम का चरण पकड़ो तो कल्याण होगा। अंगद ने वापस लौटकर श्रीराम से सारी बाते बताया और युद्ध की दुंदुभी बज उठती है। रावण की ओर से सेनापति मेघनाद और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है। अंत में मायावी मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इससे रामदल में शोक की लहर दौड़ जाती है। लंका के वैद्यराज सुषेन ने बताया कि लक्ष्मण का उपचार अत्यंत मुश्किल है। अगली सुबह तक द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लाकर पिलाने के बाद ही लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं। ये सुनकर पवनसुत हनुमान बूटी लाने चल देते हैं। बीच में मायावी कालनेमि हनुमान जी का रास्ता रोक देता है।वही राम का पाठ अमित उपाध्याय ने किया जबकी लक्छमड़ का पाठ विपुल ने किया मेघनाद का रोल कंचन चौबे ने बखूबी निभाया दूसरे तरफ रावण का रोल गणेशू सेठ व अंगद का पाठ विजय सेठ पिंटू के द्वारा सफल मंचन किया गया,इस अवसर पर सुरेन्दर सुगम अंकित मासूम ने रामलीला मंच पर लयबद्ध तरीके से रामायण का पाठ किया।इसके अलावा रामलीला समिति के कलिका प्रसाद एडवोकेट अध्यक्ष श्याम मोहन गुप्ता बबलू, प्रदीप सेठ राजू,धर्मबीर गुप्ता अमित सेठ दीपू, प्रेमचंद सेठ पिंटू अजय जायसवाल पेंटर प्रिंस चौरसिया पीट्टी मनोज जायसवाल सहित आदि लोगो की मौजूदगी रही जिसकी जानकारी रामलीला समिति के मीडिया प्रभारी राहुल सेठ ने दी।

# युवा संसद देश के भविष्य को दिशा देगा-- सांसद वीपी सरोज

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो फूलपुर वाराणसी।**

युवा संसद का आयोजन वाले दिनों में युवाओं को देश की समस्या से रूबरू कराने के साथ उन्हें सही मंच पर कैसे उठाये जाय, यह कार्यक्रम उनके अंदर साहस और सोच पैदा करेगा। जिससे एक अच्छे भारत का निर्माण होगा।
उक्त बातें सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर में आयोजित 25 युवा संसद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज ने कही।
उन्होंने कहाकि जिस तरह से यहाँ के छात्रो ने संसद में होने वाले बहस को रखा और एक दूसरे को जबाब दिया यह समाज और हम सभी के लिए एक नया अनुभव देगा। छात्रो ने जिस तरह गांव से लेकर विदेश नीति और गिरती मुद्रा , बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था पर प्रश्न रखा और उत्तर दिया गया यह उनके अंदर देश की समस्या को बेहतर ढंग से समझने का अवसर देगा। इस तरह के आयोजन से देश का भविष्य तैयार होगा। जो विभिन्न सामाजिक और देश के सामरिक समस्या को सुलझा सकेंगे।
इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य नागेश मिश्रा ने कहाकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कुल 10 स्कूल इस अयोजन के लिए चुने गए। पूर्वांचल में एकमात्र विद्यालय है जिसे अवसर मिला। इसके पूर्व दीप प्रज्वलन , सरस्वती वंदना, तेरी जय नवोदय व विद्यालय की छात्रा प्रिया राय के कत्थक नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।
अंत मे अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार और पूजा पाल व धन्यवाद उप प्राचार्य कनक पांडेय ने दिया।
जज की भूमिका नेशनल इंटर कॉलेज पिंडरा के प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह व खालिसपुर स्थित प्रेम बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जटाशंकर सिंह ने निभाई। इस दौरान डॉ डी के यादव, महेश तिवारी, महुआ हजरा व आर ए यादव, अर्चना सिंह, मनीष पाठक, दिलीप सिंह, शिव गुप्ता समेत अनेक शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोमोज को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद, हुई पत्थर बाजी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। आदमपुर थाना के कोनिया इलाके में मोमोज को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी हुई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस को लाठी भांजकर लोगों को खदेड़ना पड़ा। घटना में लगभग आधा दर्जन के घायल होने की सूचना है। इसमें दो गंभीर रूप से घायल बताए जा रही है। पुलिस शांति व्यवस्था कायम करने के साथ ही घटना की छानबीन में जुटी है।



करन (14) विजयईपुरा चौराहे पर मोमोज की दुकान लगाता है। शाम के वक्त विजईपुरा के खजुरिया निवासी ई-रिक्शा चालाक दुकान पर मोमोज लेने आया। उस समय दो मोमोज जमीन पर गिर गया। इस पर विवाद और कहासुनी होने लगी। इसी बीच मौके पर करन के परिजन भी पहुंच घए। देखते ही देखते विवाद के गंभीर रूप धारण कर लिया। इसके बाद भीड़ लग गई और दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। विवाद ने विकराल रूप ले लिया और पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसी बिच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो मौके पर सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा सहित कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी पहुंची।
पुलिस ने आला अधिकारियों को सूचना देते हुए उप्रदवियों को खदेड़ने के लिए के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त लॉ एन्ड ऑर्डर एस चनप्पा और डीसीपी काशी आरएस गौतम पहुंचे। मातहतों से घटना के बाबत जानकारी ली। लाउड हेलर से अराजकता करने वालों को चेतावनी दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार 6 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक मोमोज विक्रेता करन और अरविन्द (16) गंभीर रूप से घायल हैं। उनके सिर और पीठ में गंभीर चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है।

# गोवर्धन पूजा समिति द्वारा जिला व महानगर सहित जिला मिजार्पुर के कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। नमो घाट खिड़कियां स्थित गोवर्धन धाम पर संतोष फौजी जिलाध्यक्ष युवा शक्ति संघ वाराणसी व पहलवान जयहिंद यादव अध्यक्ष महानगर वाराणसी के नेतृत्व में वाराणसी जनपद के जिला व महानगर सहित जिला मिजार्पुर के कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।यह कार्यक्रम विनोद कुमार यादव संरक्षक युवा शक्ति संघ/ पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति, सुनील यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शक्ति संघ, विनोद यादव अध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति, पारस यादव महामंत्री गोवर्धन पूजा समिति, शिवबचन यादव उपाध्यक्ष गोवर्धन पूजा समिति, राजेश अहीर प्रवक्ता गोवर्धन पूजा समिति, मेवा पहलवान, साहब यादव, एडवोकेट




इन्द्रजीत यादव अध्यक्ष मंडल वाराणसी,धर्मेन्द्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ वाराणसी, जयवीर सिंह यादव जिलाध्यक्ष युवा शक्ति सैनिक प्रकोष्ठ वाराणसी, सुबेदार यादव उपाध्यक्ष युवा शक्ति वाराणसी गायक उपेंद्र लाल यादव जिलाध्यक्ष युवा शक्ति सांस्कृतिक प्रकोष्ठ वाराणसी सहित युवा शक्ति संघ के कोर कमेटी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।संघ में धर्मेन्द्र यादव (जौनपुर) को बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव युवा शक्ति संघ के रूप में दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अवधेश सिंह यादव ने किया। संचालन श्री सुरेन्द्र यादव प्रदेश प्रवक्ता युवा शक्ति संघ द्वारा किया गया।

# वाराणसी : उत्तर प्रदेश भाईचारा कमेटी ने 108 कन्याओं का किया पूजन, मंत्रोच्चार के बीच रोली अक्षत टीका लगाकर व चुनरी ओढाकर कराया फलाहार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। नवरात्र महाअष्टमी के अवसर पर रामापुरा स्थित डायमंड पैलेस में उत्तर प्रदेश भाईचारा कमेटी की ओर से 108 कन्याओं का पूजन किया गया। इस दौरान मंत्रोच्चार के बीच रोली अक्षत टीका लगाकर चुनरी ओढाकर फलाहार कराया गया। इसके जरिये वसुधैव कुटुंबकम व भाईचारा की मिशाल पेश की।



कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि गंगा जमुनी संस्कृति बनी रहे, इस उद्देश्य से त्योहार को मिलजुल कर मनाने की परंपरा का निर्वहन उत्तर प्रदेश भाईचारा कमेटी पिछले 15 वर्ष से कर रही है। संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ मां दुर्गा से प्रार्थना की गयी। विश्व में संघर्षरत देश को सद्बुद्धि देने एवं आमजन को कष्ट से मुक्ति मिले। शांति व खुशहाली कायम होने हेतु कामना उपस्थितजनों ने की। कार्यक्रम में राघवेंद्र चौबे,निरंजन मौर्य, गणेशशंकर पांडेय, मनीष मोरोलिया, बदरुद्दीन अहमद, देवेंद्र सिंह, गोपाल यादव, शकील अहमद जादूगर, महेशचंद्र माहेश्वरी, आनंद किशोर मिश्रा, अब्दुल हामिद डोडे, श्रीष मिश्रा छोटा, कैलाश मौर्य, सतीश कुशवाहा, जगदीश यादव, छागुर लाल, राहुल गुप्ता, रितेश पांडेय, संजय सिंह रघुवंशी, किशन यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजक नीतू, अरविंद सिंह खरवार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत रविदास सोसाइटी एवं धन्यवाद ज्ञापन धीरज मौर्य ने किया।

# काशी द्वार के विरोध में किसानों ने फिर भरी हुंकार

**पिंडरा।वाराणसी समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी द्वार के विरोध में पिंडरा क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को रमईपुर पिंडरा स्थित सब्जी मंडी में एक बार किसानों ने हुंकार भरी और कहाकि किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नही देंगे।
संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा तथा सरदार सेना व कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले आयोजित सभा मे पिंडरा क्षेत्र के काशी द्वार से प्रभावित गांव के एक दर्जन किसानों ने भाग लिया।
इस दौरान किसानों ने कहाकि वह दिन नही जब सरकार के इस अड़ियल रवैये से किसान अन्नदाता से भीखमंगे कहलाये। इस दौरान किसानों ने किसी भी कीमत पर जमीन न देने का निर्णय लिया। इस दौरान सरदार सेना के आर एस पटेल, कम्युनिस्ट पार्टी के हीरालाल, शत्रुघ्न पटेल, फतेहनारायन सिंह, प्रदीप पटेल, सन्तोष पटेल,अनूप पटेल, दुर्गा नारायण पटेल, बच्चन सिंह, रामजीत सिंह समेत अनेक लोग रहे।


# मां सिद्धिदात्री को समर्पित नवरात्र का आखिरी दिन

***– नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा से घर में आती है सुख-समृद्धि***

***– अत्यंत दिव्य है मां सिद्धिदात्री का स्वरूप***

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। सनातन परंपरा में नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा विशेष रूप से की जाती है। नवरात्र की आखिरी तिथि यानी नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा करने का विधान है। अगर भक्त, शक्ति के नौवें रूप की पूजा करें, तो विशेष फल की प्राप्ति हो सकती है। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और घर का माहौल खुशनुमा बना रहता है। मां सिद्धिदात्री का स्वरूप अत्यंत दिव्य है। मां का वाहन सिंह है और देवी भी कमल पर विराजमान हैं। उनकी चार भुजाएं हैं, उनके निचले दाहिने हाथ में एक चक्र, उनके ऊपरी हाथ में एक गदा, उनके निचले बाएँ हाथ में एक शंख और उनके ऊपरी हाथ में एक कमल का फूल है।



## मां सिद्धिदात्री पूजा विधि

नवमी तिथि के दिन पूजा के समय सबसे पहले कलश की पूजा करनी चाहिए और सभी देवी-देवताओं का ध्यान करना चाहिए। रोली, मोली, कुमकुम, पुष्प चुनरी आदि से मां की पूजा करें। देवी को हलवा, पूरी, खीर, चने और नारियल का भोग लगाएं। इसके बाद मां के मंत्रों का जाप करना चाहिए। कन्या पूजन में कन्याओं के साथ-साथ एक बालक को भी घर भोजन कराना चाहिए। कन्याओं की उम्र दो से दस साल के बीच होनी चाहिए और उनकी संख्या कम से कम नौ होनी चाहिए।

## इन चीजों का लगाएं भोग

माता सिद्धिदात्री को हलवा-पूड़ी और चने का भोग लगाना चाहिए। इस प्रसाद को कन्याओं और ब्राह्मणों में बांटना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से मां प्रसन्न होती हैं और जातक पर अपनी कृपा बरसाती हैं।

## मां सिद्धिदात्री मंत्र

**सिद्धगंधर्वयक्षाद्यै:,असुरैरमरैरपि।सेव्यमाना सदा भूयात, सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।**

**दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः। सवर्स्धः स्मृता मतिमतीव शुभाम ददासि।।**

**दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके। मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्व प्रदर्शय।।**

**वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृत शेखराम ।**

**कमलस्थितां चतुभुर्जा सिद्धीदात्री यशस्वनीम ।।**

## मैदागिन के गोलघर में है सिद्धिदात्री माता मंदिर

आज शारदीय नवरात्रि की नवमी है। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री देवी के दर्शन की मान्यता है। वाराणसी में इनका अति प्राचीन मंदिर मैदागिन गोलघर इलाके की सिद्धमाता गली में स्थित है। सिद्धिदात्री देवी सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने सिद्धिदात्री देवी की कृपा से ही आठ सिद्धियों को प्राप्त किया था। इन्ही की अनुकंपा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। जो अर्धनारीश्वर के नाम से जाना जाता है।
मां के सिद्धदात्री स्वरूप के दर्शन और पूजन के लिए नवरात्रि में सभी दिन खासकर नवमी को काफी भीड़ होती है। इसी बीच सोमवार को श्रद्धालु तड़के सुबह से मां सिद्धिदात्री के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। नवमी को मां के दर्शन के लिए भक्त ना केवल वाराणसी, बल्कि दूरदराज इलाकों से भी पहुंचे। घंटों इंतजार करने के बाद भक्तों को माता सिद्धिदात्री के दर्शन का मौका मिला। धार्मिक मान्यता है कि नवरात्रि के आठ दिनों में जो भक्त देवी दरबार में हाजिरी नहीं लगा पाते हैं, वो नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री के दर्शन कर लेते हैं तो उनको नवरात्रि व्रत के पूर्ण फल की प्राप्ति हो जाती है। देवी पुराण में भी माता के महत्व का वर्णन है। काशी शिव और शक्ति की भूमि है। यहां पर शिव भगवान की पूजा होती है तो शक्ति स्वरूप माता आदिशक्ति की आराधना करने का भी विशेष रूप से विधान है।

मां के दर्शन पूजन के लिए मुंह अंधेरे से ही भक्तों की कतार लग गई थी । देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इन्हीं शक्तिस्वरूपा देवी की उपासना करके सिद्धियां प्राप्त की थीं, जिसके प्रभाव से उनका स्वरूप अर्द्धनारीश्वर का हो गया था। इस कारणवश काशी में इनके दर्शन का महत्त्व और भी ज्यादा है। मान्यता है कि इनके दर्शन मात्र से दुखों का नाश हो जाता है।
नवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए नैवेद्य के रूप में नवरस युक्त भोजन तथा नौ प्रकार के फल-फूल आदि का अर्पण करना चाहिए। इस प्रकार नवरात्र का समापन करने से इस संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवी सिद्धिदात्री मां सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से अपने भक्तों को सम्मोहित करती हैं।
मार्कण्डेय पुराण में अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व एवं वशित्व-ये आठ सिद्धियां बताई गई हैं। मां सिद्धिदात्री सिंह वाहिनी चतुभुर्जा तथा सर्वदा प्रसन्नवंदना हैं। उनका ध्यान हमारी शक्ति व सामर्थ्य को सृजनात्मक व कल्याणकारी कर्मो में प्रवृत्त करता है। देवी सहज प्रसन्न होकर भक्तों को सर्व सिद्धि प्रदान करती हैं, इसलिए शास्त्रों में उन्हें सिद्धिदात्रि नाम से पुकारा गया।

### नही रहा पुलिस का खौफ

# पुलिस के सामने चलते रहे इट पत्थर लात घूंसे लाठी डंडा

**रास्ते की विवाद में चला ईट पत्थर लाठी डंडा**

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के गंगापुर चौकी अंतर्गत केसरीपुर ग्राम में रास्ते की विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले जिनमे एक ही पक्ष से दो लोगों का सर फट गया सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने उक्त घायलों को उपचार हेतु ट्रामा सेंटर भिजवाया
प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में प्लाटिंग का कार्य चल रहा था जिस पर प्लाटिंग में जाने हेतु शालिग्राम तिवारी की जमीन से रास्ता काट दिया गया जिस पर शालिग्राम के लड़के मणि तिवारी प्रभाकर तिवारी अनुपम विरोध करने लगे जिस पर पीआरवी को भी बुलाया गया सूचना पर पहुंची पीआरबी के सामने ही दोनों पक्ष आमने-सामने भीड़ गए जिन में एक पक्ष से श्रेयांश व अभिषेक का सर फट गया सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई इसके बाद श्रेयांश व अभिषेक को उपचार हेतु बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया वही मनबढ़ अभिषेक सिंह पर रोहनिया थाने में कई मामले दर्ज हैं कई बार जेल भी जा चुका है घायल अभिषेक सिंह उर्फ निक्की
वही मणि तिवारी ने बताया कि अमीरचंद पटेल की हमारे जमीन के पीछे प्लाटिंग का कार्य चल रही है जिनमे हमने कुछ जमीन बेची हुई है लेकिन प्लाटिंग में जाने हेतु हमारे जमीन से रास्ता काट दिया गया व पूरी जमीन कब्जा करने का प्रयास बिना किसी लेनदेन व सूचना के कर रहे थे जिस पर हमने विरोध किया तो सिद्धू विक्की सिंटू सिंह सुजीत यादव श्रेयांश प्रमोद सिंह इत्यादि उग्र होकर मारपीट पर उतर आए जिस पर घटना
घटित हुई
वहीं दूसरे पक्ष सिंटू सिंह उर्फ विवेक सिंह ने आरोप लगाया कि 20 वर्ष पूर्व महामणि के द्वारा जमीन बेची गई थी जिस पर रास्ता बनाया जा रहा था लेकिन मणि त्रिपाठी अपने लड़कों प्रभाकर तथा अनुपम को लेकर वहां जबरन विवाद करने लगा वही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है और दोनों पक्ष एक दूसरे को लाठी डंडों व ईट पत्थर से पीटते नजर आ रहे हैं थाना प्रभारी पंकज कुमार अम्बष्ट ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटे हुए हैं

# अराजक तत्वों ने बगीचे में लगाई आग

***आग देख ग्रामीणों में मची अफरा तफरी***

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत ग्राम सभा भदवा में रविवार देर रात्री को अराजक तत्वों ने आम के बगीचे में आग लगा दी आग की तेज लपटे देख स्थानीय ग्रामीणों में अफरा तफरी का रहा माहौल। जानकारी के अनुसार ग्राम भदवा में नदी किनारे आम के बगीचे व सरपत के जुट्टे में किसी अराजक तत्वों ने आग लगा दीया । देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया । आग की तेज लपटो को देख स्थानीय ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया । बगीचे के पास ही बाजरे व धान की फसल लगी थी, ग्रामीण किसान परेशान दिखे कि कही आग की लपटे फसलों तक पहुंच जाये । अग लगी की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी । वही मौके पर पहुंची चोलापुर पुलिस व ग्रामीणों ने कडी मेहनत कर आग पर काबू पाया । चौकी प्रभारी दानगंज अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि अग लगी से कोई क्षतिग्रस्त नही है आग सरपत के जुट्टों में किसी अराजक द्वारा लगा दी गई थी ।

# करेंट चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जक्खिनी ।क्षेत्र के मरूई गांव के ईट ही निवासी सुरेंद्र तिवारी 74 वर्ष का सोमवार को सुबह 8:00 बजे बिजली पकड़ लेने से उनकी मौत हो गई। वह रोज की बात सुबह में घर से निकले और अपने पंपिंग सेट पर पहुंच गए वहां पर बिजली की तार के चपेट में आ जाने से उनकी मौत हो गई।













## शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर देवी के नौवे स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं, भक्तों को मनोवांछित फल की होती है प्राप्ति- रंजू सिंह.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार)- शारदीय नवरात्रि के नौवे दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने से भक्तों, श्रद्धालुओं को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है . इस दिन उपासक माता सिद्धिदात्री का उपासना करता है. जिससे सभी प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती है. इस दिन अर्थात महानवमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है. नवदुर्गा का नौवा अवतार और अंतिम स्वरूप माता सिद्धिदात्री का ही होता है. माता सिद्धिदात्री कमल पुष्प पर बिराजमान है तथा उनके हाथों में शंख, चक्र, गदा व पद्य है. यक्ष, गंधर्व ,किन्नर, नाग, देवी - देवताओं और मनुष्य सभी उनकी कृपा से मनोवांछित फल प्राप्त करता है. ऐसे तो प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं ,भक्तों द्वारा मंदिरो एवं स्थापित कलश के समीप पूजा अर्चना करते देखा गया. खाने पीने से लेकर मिठाई, खिलौने की दुकाने



पूरी तरह से सज चुकी है. वही भक्तों, श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करने के उपरांत हवन प्रक्रिया भी किया. वही विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोंउच्चारण के साथ कार्यक्रम किया गया. ऐसे तो सुरक्षा को लेकर सभी स्थानों पर पुलिस बल तैनाती की गई है. वही पंडालो को भव्य तरीके से सजाया संवारा गया है .औरंगाबाद के साइन मंदिर, चित्रगुप्त नगर ,क्लब रोड, करमा रोड, सत्येंद्र नगर, धर्मशाला रोड, नावाडीह रोड, एवं महाराजगंज रोड में भक्तों, श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन करने को लेकर उमड़ चुकी है. इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों, श्रद्धालुओं ने भी स्थानीय शहर में पूजा -अर्चना करने के लिए पहुंचे हैं.श्रद्धालुओं एवं भक्तों में रंजू सिंह, मुन्ना सिंह, सोनू कुमार, एवं प्रिंस कुमार सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के नौवे दिन माता सिद्धिदात्री का पूजा अर्चना करने से भक्तों श्रद्धालुओं को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है .

## जिला संगठन प्रभारी सह पूर्व चिकित्सक ने जदयू पार्टी को मजबूत एवं सबल बनाने पर दिया बल

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार )जदयू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं औरंगाबाद जिला के संगठन प्रभारी सह पूर्व चिकित्सक डॉ निर्मल कुमार कुशवाह ने नवरात्र के अवसर पर गोह विधानसभा क्षेत्र के गोह, उपहारा, बनतारा, देवकुंड, हसपुरा, पचरुखिया तथा दाउदनगर अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमें गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गोलापर स्थापित मां दुर्गा के चरणों दर्शन कर वंदन अभिनंदन के साथ गोह वासियों को बधाई दी है। मां दुर्गा के भक्ति में लीन पूजा पंडाल के संचालक सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष निरज कुमार उर्फ बिट्टू सिंह ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण कराया। वहीं दिव्यांग चेतना मंच ट्रस्ट के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद बारी के नेतृत्व में शहर में बने पूजा पंडालों में विराजमान दुर्गा मां की प्रतिमा का दर्शन कराया। वहीं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश



महासचिव विंदेश्वरी शर्मा, जिला महासचिव बृजमोहन वर्मा , समाजसेवी कामदेव सिंह , बिट्टू सिंह , पूर्व प्रमुख मुन्ना चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोगों ने गोह के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी सह वरिष्ठ नेता को स्वागत किया। जिला प्रभारी ने समाजसेवी एवं पार्टी कार्यकताओं को कहा कि बिहार को विकास के बल पर पार्टी को मजबूत बनाना है। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है। 2024 के आने वाले चुनाव को लेकर देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के नाम पर दिग्भ्रमित किया गया है।जिस तरह उज्जवला योजना के नाम पर फ्री गैस सिलेंडर देने की बात कहकर गरीब महिलाओं को लुटने का काम किया है। ठीक उसी प्रकार आरक्षण के नाम पर महिलाओं को लोलीपॉप दिया जा रहा है।इसलिए बिहार के विकास पुरुष ने सामाजिक राजनैतिक शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से सफल बनाने का कार्य किया है। इसलिए सभी प्रबुद्ध लोगों से आग्रह है कि जदयू पार्टी को मजबूत बनाएं और बिहार की विकास के लिए अधिक से अधिक पार्टी को बल दें।













## टिकारी के मशहूर होम्योपैथिक चिकित्सक शिशुनाथ मिश्र की धर्मपत्नी दुलारी देवी के निधन होने पर ब्राह्मण जागृति मंच ने किया शोक प्रकट.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )-टिकारी के मशहूर होमियोपैथिक चिकित्सक शिशु नाथ मिश्र की धर्मपत्नी दुलारी देवी की निधन होने पर ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी ने शोक प्रकट किया है. उपस्थित लोगों ने निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य शक्ति एवं साहस देने की कामना ईश्वर से की. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार नगर परिषद के जलालपुर मुहल्ला में ही होगी.

मालूम हो की स्व दुलारी देवी एक धर्म परायण धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी.पूजा अर्चना के बाद ही भोजन किया करती थी. अपनी करीब 70वर्ष की उम्र में ईह लोक से परलोक गमन की. ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे की कामना मंच करती है।

इनकी निधन की अपूरणीय क्षति मंचीय अध्यक्ष श्री ब्रजराज पांडेय, मंचीय उपाध्यक्ष श्री रामकृष्ण त्रिवेदी, दुर्गादत्त मिश्र उर्फ बमबम , मंचीय सचिव श्री शिवबल्लभ मिश्र, सरंक्षक श्री गोविंद पाठक, श्री ललित मिश्र, नगर परिषद अध्यक्ष श्री योगेंद्र वैध, प्रदीप गौतम, शंभुदत्त पाठक, संतोष पाण्डेय, गणेश पांडे, सुमित मिश्र, सहित दर्जनों लोगो ने कही। ॐ शांति।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के तत्वाधान में चिल्ड्रन पैराडाइज एकेडमी में मनाया गया नवरात्रि उत्सव.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा चिल्ड्रेन पाराडाईज एकादमी में नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया.इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूप की झांकी प्रस्तुत किया तथा छात्र छात्राओं द्वारा भक्ति गीतों पर डांडिया कर माहौल को भक्तिमय बना दिया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह , कुंदन सिंह ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत है ,और रावण को जलाने से ज्यादा अपने अंदर मौजूद लोभ, मोह, अहंकार,पाप जैसे रावण को जलाने की




जरूरत है. तभी देश और समाज का कल्याण संभव है. इस अवसर पर प्राचार्य उदय कुमार सिंह, निर्देशक पम्मी सिंह, शिक्षक मनोज कुमार भारती, अंजलि कुमारी,जुबी मैडम,स-हानी मैडम जिया सिंह,पुनम कुमारी अजय सिन्हा, साकेत कुमार, सुभाषिनी कुमारी मौजूद थे.

























## पूजा के अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के वार्ड 4 जनकपुर पोखरा मे दुर्गा पूजा के अवसर पर माँ दुर्गा कला मंच जनकपुर पोखरा द्वारा देवी जागरण सह आर्केस्ट्रा रंगारंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह, मुखिया अम्बरीष प्रधान पैक्स अध्यक्ष अनील सिंह,पूर्व प्रोफेसर चंद्रदीप सिंह,सुधीर सिंह, वार्ड पार्षद मुरारी कुमार ,इंदल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता रमजान अली एवम अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम मे आयोजकों द्वारा कार्यक्रम मे आए सभी अतिथियों सहित मीडिया कर्मियों का स्वागत



अंगवस्त्र और फूलमाला देकर किया गया।कार्यक्रम का संचालन पूजा समिति के संरक्षक प्रो रामजीत शर्मा ने किया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव,उपाध्यक्ष,प्रमोद सिंह,सचिव, शिव प्रसाद,भोला यादव, रामविलास यादव,राजकुमार रजक,चंदन सिंह सहित पूजा समिति के अन्य कार्यकर्ता एवम दर्शक उपस्थित थे।

## महुआ शराब के साथ बाइक जब्त एक गिफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 23 अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के फुटहरवा से अवैध चुलाई, महुआ शराब बरामद किया गया है।एल टी एफ प्रभारी एस आई अरविंद कुमार एवम सशस्त्र बल ने सर्च अभियान में फुटहरवा गांव के समीप एक बजाज डिस्कवर बाइक की तलाशी मे 20 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया ।मौके पर अभियुक्त थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी रारू चौहान पिता सुमेर चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शराब और बाइक को जब्त कर थाना लाया




गया है मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया ।

## आपत्तिजनक पोस्ट वायरल मामले मे युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर(बिहार) औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने देवी देवतावों के आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।गुप्त सूचना के अधार पर थाना क्षेत्र के भलुआडी गांव निवासी स्व दशरथ राम के पुत्र चन्दन सागर को पी एस आई संजय कुमार एवम सशस्त्र बल के द्वारा छापेमारी कर घर से गिरफ्तार किया गया है।



टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक भलुआडी गांव निवासी चन्दन सागर देवताओं का आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मिडिया पर वायरल किया था। वह काफी दिनो से फरार चल रहा था।मामले में सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# कानपुर में रेडीमेड रावण की धूम, जारी जोरों पर बिक्री

सुनील बाजपेई
कानपुर` इस बार इस महानगर में रेडीमेड रावण की धूम है। यह रेडीमेड रावण यहां लगभग हरि इलाके में जमकर बिक रहे हैं। जिनके खरीदारों में सर्वाधिक संख्या बच्चों की है दो-तीन फीट से लेकर 5 फीट तक के रावण की मांग सर्वाधिक है।
कुल मिलाकर अब केवल मेलों में ही नहीं बल्कि गली - गली में भी रावण के पुतले जलाये जाने लगे हैं। और लोगों की यह इच्छा पूरी कर रहे हैं रेडीमेड रावण। यहां इस बार इन रेडी मेड रावणों की भी बिक्री खूब हुई।
बता दें कि सस्ते एवं आकर्षक होने के कारण आसपास के जिलों के लोग भी महानगर से रावण के पुतले खरीद कर ले जाते हैं।



इस बारे में फरुखाबाद के मोहन लाल बताते हैं कि वह हर साल कानपुर से ही रावण के पुतले की खरीददारी करते हैं ,क्योंकि यहां पर विभिन्न प्रकार की वैरायटी के साथ रावण के पुतले 100 से लेकर 3000 रुपए तक आसानी से मिल जाते हैं।
वहीं दूसरी ओर कई सालों से रावण के पुतले बनाकर बेचने वाले कमलाकांत के मुताबिक उनके पास हमीरपुर ,उरई , कानपुर देहात जालौन इटावा , बांदा तथा आसपास कस्बों से लोग खरीददारी करने आते हैं। यहीं नहीं इधर कुछ सालों से बच्चों में भी इस रेडीमेड रावणों की मांग खूब बढ़ी है। वे उसे अपनी गली कूचों में भी सजाकर जलाते हैं।

# नाम निर्देशन के दूसरे दिन भराए दो नामांकन, 30 अक्टूबर तक लिए जाएंगे नामांकन पत्र

रायसेन। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। निर्देशन पत्र प्राप्ति के दूसरे दिन 142-सांची विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन भाजपा के डॉक्टर प्रभु राम चौधरी और 140-उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल का नामांकन प्राप्त हुआ है। शेष दो विधानसभा 141-भोजपुर तथा 143-सिलवानी के लिए कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी



विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नामांकन पत्रों की संविक्षा 31 अक्टूबर मंगलवार को होगी और इच्छुक अभ्यर्थी 02 नवंबर गुरुवार तक नाम वापस ले सकेंगे। शासकीय अवकाश के दिवसों 24 अक्टूबर दशहरा, 28 अक्टूबर चतुर्थ शनिवार और 29 अक्टूबर रविवार को शासकीय अवकाश होने से नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

# मां खांखड़ा देवी मंदिर में निगाई में लगता है श्रद्धालुओं का मेला

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम निगाई जो जयसिंहनगर से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । निगाई विभिन्न धार्मिक स्थलों को संजोए हुए है यहाँ दूर - दूर से श्रद्धालुओं का आगमन होता है । निगाई में जहाँ एक तरफ मां खांखड़ा देवी का मंदिर वहीं दूसरी ओर सोन नदी का तट जहां श्री राम भक्त हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र होता है । निगाई से 3 किलोमीटर पहले ग्राम बसोहरा के बिरासिनी चौक में स्थित माँ बिरासिनी का मंदिर है जहाँ दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुँचते हैं। निगाई स्थित मां खांखड़ा देवी को मां शारदा का स्वरूप कहा जाता है, मां खांखड़ा अपने भक्तों की सभी मनोकामनायें पूर्ण करती हैं, मनोकामना पूरी होने पर भक्त विभिन्न प्रकार से मां की सेवा करते हैं। चैत्र व शारदीय नवरात्रि में मां खांखड़ा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिलती है, चैत्र में जवारे तो शारदीय



नवरात्रि में मां शक्तिस्वरुपा विराजमान होती हैं । मां खांखड़ा अपने भक्तों की सभी मनोकामनायें पूर्ण करती हैं मनोकामनायें पूर्ण होने पर भक्तों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है या फिर भक्तों द्वारा मां के मंदिर तक दंड भरते हुए मां खांखड़ा के दर पर पहुँचते हैं । मां खांखड़ा देवी मंदिर से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर सोन नदी का तट है जहाँ सोन , चूँदी और जोहिला नदी का संगम है जहाँ श्री हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है । हनुमान जी का यह मंदिर बहुत प्राचीन माना जाता है । जहाँ सोन नदी का तट प्राकृतिक छटा को समेटे हुए है वहीं हनुमान जी का मंदिर शोभा को दोगुना करता है । प्राकृतिक खूबसूरती व निगाई का मेला यहाँ के आकर्षण का केन्द्र होते हैं ।

# जेटी कालेज में मेहंदी प्रतियोगिता तो नैतरा में कबड्डी का आयोजन कर मतदान करने की किया गया अपील

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 24 अक्टूबर )ईएलसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त कार्यक्रम में शनिवार को विविध प्रतियोगिताओ मे पोस्टर स्लोगन एवं मेंहदी प्रतियोगिता कराई गई। जहां पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया माहुरकर बीएससी द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान वैष्णवी यादव बीएससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान कंचन झारिया बीएससी द्वितीय वर्ष तथा पूजा रहाँगडाले बीए तृतीय वर्ष को मिला, वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीमा कटरे एम ए प्रथम सेम- राजनीति विज्ञान द्वितीय स्थान श्रद्धा शिववंशी बीएससी प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान प्राची झारिया बीएससी सेकंड ईयर ने प्राप्त किया तथा मेहंदी प्रतियोगिता प्रथम आर्ची जैन रही।



नैतरा में किया गया कबड्डी प्रतियोगिता

विधानसभा चुनाव के चलते लोगो को मतदान करने उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम नैतरा में कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई जिनमे अलग अलग ग्रामो के कबड्डी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कबड्डी मैच प्रारम्भ होने से पहले सभी को मतदान करने की अपील के साथ सपथ ग्रहण कराया गया तथा अपील की गई सभी खिलाड़ी अपने अपने ग्राम के समस्त नागरिकों से मतदान करने के लिए प्रेरित करे। ग्राम नैतरा के समस्त नागरिकों को मतदान करने के लिए नारे लगा कर मतदान करने की अपील की गयी।

# संवेदनशील मतदान केंद्रो की सूची जमा कराने सहित चेक पोस्ट पर नियुक्त कर्मचारियों को चुस्त-दुरुस्त रहने के निर्देश

**समाज जागरूक / शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 24अक्टूबर )कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीईओ ड़ॉ. मिश्रा ने विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की गई मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो के सम्बंध में पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। साथ ही जिन विभागों द्वारा बेहतर गतिविधियां नही हुई है,उन्हें बेहतर रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए सहकारिता विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को प्रदान किये जाने वाले बिलों पर मतदान सील बनाए जिस पर मतदान दिवस और मतदान समय का स्पष्ठ उल्लेख किया जाए। खासकर बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा के मतदान समय का उल्लेख अवश्य करें। बैठक में विभागों की गतिविधियों पर आवश्यक चर्चा के साथ सतत गतिविधियां करने के निर्देशित किया गया है। बैठक में निर्वाचन से सम्बंधित व्यवस्थाओं आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिपं सीईओ डीएस रणदा, एडीएम ओपी सनोडिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर सहित समस्त जिला अधिकारी सभागृह में तथा अनुभाग का अमला गूगल मीट के माध्यम से जुड़ा।
बैहर, लांजी और परसवाड़ा के मतदान केंद्र की दें जानकारी



जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने बैहर, लांजी और परसवाड़ा आरओ से ऐसे मतदान केंद्र जो संवेदनशील क्षेत्रों में है उनकी सूची दो दिनों में जिला निर्वाचन कार्यालय भेजने के निर्देश दिये है। उन्होनें कहा कि इन मतदान केंद्रो पर मतदान दलों के साथ ही फोर्स भी रवाना होगा। इसलिये रूट चार्ट के लिये मतदान केंद्रो का नाम आवश्यक है। बैठक के दौरान गत दिनों निर्वाचन प्रेक्षकों द्वारा किये गये निरीक्षण की भी रिपोर्ट बताई गयी। साथ ही डीईओ डॉ. मिश्रा ने एफएसटी एसएसटी और संबंधित आरओ को चेताते हुये कहा कि हर चेक पोस्ट से लगातार 70 से 80 वाहन निकल रहे है। यहां कई तरह से चुस्त दुरुस्त होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कमियां सामने आई है। अब कमियां सामने आने पर कार्यवाही का दौर प्रारंभ होगा इसलिये सीसीटीवी कैमरे, इंट्री को आवश्यक रूप से सुनिश्चित करे, अन्यथा लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# दुर्गा नवमी पर कहीं कन्या पूजन के साथ हुए भंडारे, तो कहीं निकले माता रानी के जवारे

रायसेन। सोमवार को दुर्गा नवमी के शुभ अवसर पर 9 दिनों से व्रत धारण कर रहे भक्तों ने श्रद्धा भावना के साथ हवन यज्ञ पूजन महा आरती के पश्चात प्रसादी ग्रहण करते हुए अपना व्रत खोला, दुर्गा नवमी के मौके पर घर-घर से लेकर हर झांकी के पंडाल में हवन यज्ञ के कार्यक्रम सुबह से शुरू हुए जो की देर रात्रि तक चलते रहे। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण चारों ओर दिखाई दे रहा था, जिधर देखो उधर माता रानी के मंत्र उपचार और जय कारे सुनाई दे रहे थे। दुर्गा नवमी के मौके पर सनातन धर्म प्रेमियों ने कन्या पूजन किया उसके पश्चात यज्ञ हवन के कार्यक्रम विधि विधान के साथ संपन्न किए गए। कई स्थानों पर विशाल कन्या भोज के आयोजन हुए तो कई धार्मिक स्थान पर भंडारे के आयोजन भी किए गए जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने शामिल होकर प्रसाद ही ग्रहण करते हुए धर्म का लाभ उठाया। दुर्गा नवमी के उपलक्ष में मंदिरों पर भजन कीर्तन के आयोजन भी संपन्न हुए इसके अलावा नवमी तिथि के उपलक्ष में हर वर्ष की तरह इस बार भी माता रानी के जवारे की शोभायात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई, शहर के अनेक मोहल्लों से माता रानी के जवारे निकाले गए जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया, जवारो की शोभायात्रा के दर्शन करने के लिए लोग सड़कों के आसपास दिखाई दिए, इसके साथ ही आसपास के ग्रामीण अंचल क्षेत्र में प्राचीन परंपरा के अनुसार प्रत्येक गांव में माता रानी के जवारे की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी गांव-गांव में हवन यज्ञ और कन्या भोज के विशाल आयोजन भक्तों द्वारा संपन्न कराए गए। इस प्रकार से दुर्गा नवमी पर सनातन धर्म प्रेमियों ने श्रद्धा भावना के साथ पूजा आरती यज्ञ हवन संपन्न कराए।



मनाया जाएगा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा महापर्व ,,,, दुर्गा नवमी के पश्चात मंगलवार को आज विजया दशमी का महापर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, के लिए सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। दशहरे के मौके पर मां जगदंबे की झांकियां का चल समारोह भी निकाला जाएगा एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा। रायसेन जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान पर प्रति वर्ष की तरह इस बार भी दशहरा महोत्सव का आयोजन हिंदू समिति के तत्वाधान में किया गया है, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, शहर में विजयादशमी पर्व को देखते हुए चारों तरफ धर्ममय वातावरण देखने में आ रहा है । श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष बंटी माहेश्वरी एवं सभी पदाधिकारीयो ने सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर दशहरा महोत्सव आयोजन को सफल बनाने अपील की है।
निकलेगा विशाल पथ संचलन बड़ी संख्या में भाग लेंगे स्वयंसेवक सेवक
असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी के महापर्व के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में रायसेन नगर में स्वयंसेवकों का विशाल पथ संचलन निकाला जाएगा, इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं । शहर में दर्जनों स्थानों पर पथ संचलन का स्वागत करने की तैयारी भी सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा की गई है, बताया गया है कि पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक भाग लेकर कदम से कदम ताल मिलाते हुए राष्ट्र निर्माण की और अग्रसर होते हुए उत्साह के साथ भाग लेंगे। पथ संचलन की शुरूआत कन्या शाला मैदान से प्रारंभ होगी जो शहर के अनेक मार्गो से होते हुए निकाला जाएगा, इसके लिए स्वागत की जोरदार तैयारियां नगर में की गई है। पथ संचलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वयं सेवको से शामिल होने की अपील की गई है।

# विजयादशमी के अवसर पर अमलाई में होगा रावण का दहन कार्यक्रम

विजय तिवारी अमलाई।
सत्य पर असत्य की जीत का सबसे बड़ा त्योहार दशहरा 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। विजयादशमी का त्योहार पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन अस्त्र-शस्त्र का पूजन और रावण दहन भी किया जाता है।
कहा जाता है कि रावण के पुतले को जला हर इंसान अपने अंदर के अहंकार, क्रोध का नाश करता है। इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है।ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया। हर वर्ष की भाँति कोयलांचल नगर में अमलाई स्टेडियम, बापू चौक अमलाई के पास में दशहरा आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों के अलावा आयोजक की मौजूदगी होगी ।
बापू चौक अमलाई स्थित रावण दहन कार्यक्रम के आयोजको में राजा खान दशहरा उत्सव समिति, दीपक सोनी सचिव, सहित राजेश कहार अवनीश पांडे, इंद्रजीत सिंह, के अलावा दशहरा उत्सव समिति के समस्त सदस्य भी अपना अभूतपूर्व योगदान देंगे।

# 29 को होगा विशाल देवी जागरण का कार्यक्रम, रोजाना हो रहा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन

अमलाई। नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत गांधी नगर में दुर्गा पूजा पंडाल में रोजाना कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। यहां हर वर्ष माता के दरबार की भव्य सजावट की जाती है जो आसपास के लोगो का मन मोह लेती है यहां की सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमो को देखने दूर दूर से लोग पहुंचते है। यहां की सजावट कलकत्ता से आये हुए कलाकारों द्वारा की जाती है जो लोगो का मन मोह लेती है। हर वर्ष अलग अलग झांकिया और सजावट की जाती है। पंचमी से यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है जिसमे पंखिड़ा गरबा, सांस्कृतिक नृत्य और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमे छोटे बच्चे बढ़-चढ़ कर भाग लेते है। और अपनी प्रस्तुति देते है। यह आयोजन सभी नगर वासियों के सहयोग से किया जाता है। नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष अनेक कार्यक्रमो का आयोजन और पंडाल की सजावट में चार चांद लगाई जाती है। तो वही रावण दहन का भी आयोजन किया जाता है। जिसमे स्थानीय कलाकारो द्वारा रामचरित मानस पाठ कर रामलीला का आयोजन सराहनीय रहता है। समिति ने बताया कि 29 अक्टूबर को विशाल देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे बाहर से आये हुए कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। यहां हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर देवी जागरण का आयोजन किया जाता है। जिसको देखने ओपीएम, अमलाई,धनपुरी,केल्हौरि सहित आसपास के क्षेत्रीयजन पहुंचते है। और कार्यक्रमों का आनंद उठाते है।बरगवां में तीन जगहों पर दुर्गा पूजा का आयोजन होता है जिसमे सोडा फैक्टरी ग्राउंड, गांधीनगर और बापू चौक अमलाई में आयोजन किया जाता है। ओपीएम बकहो क्षेत्र में जगह जगह दुर्गा पूजा पंडाल सजाए गए है पंडालों में गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। बकहो क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर पंडाल सजाए गए है। जो मनमोहक है ओपीएम कालोनी स्थित गोल्डन मोहल्ला में भी लगातार आयोजन किया जाता है। यहां पंडाल की सजावट हर वर्ष अलग अलग गोल्डन रंग में की जाती है। यहां के कार्यकर्ता ब्रजेश तिवारी ने बताया कि क्षेत्र वासियों के सहयोग से यह आयोजन लगातार किया जाता है और आगे भी किया जाएगा। बताया कि रोजाना आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमे हलवा, खीर और खिचड़ी शामिल है।

# जंवारा एवं दुर्गा विसर्जन के साथ नवरात्रि पर्व का समापन, बुराई पर अच्छाई का पर्व दशहरा आज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 24 अक्टूबर )नौ दिन के उपवास और माता रानी की स्तुति करने के बाद जिलेभर में नवमी के अवसर पर जवारे का विसर्जन,भंडारे सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।जिसमे भारी संख्या में भक्त गण शामिल हुए एवं माता रानी के दरबार में महाप्रसादी का आनंद उठाया।
भक्तों के द्वारा बोये गए जवारे एवं ज्योति कलश के विसर्जन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हो गया। घरों में कलश स्थापित कर व्रत करने वाले भक्तों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से पूजा-पाठ किया। इसके साथ ही मंदिरों में चल रही भजन संध्या, रामायण पाठ का समापन हो गया। लंजकाई माता, वारी मंदिर,कालीपट मंदिर, मां दुर्गा मंदिर सहित जिलेभर के सभी मंदिरों में भंडारे का आयोजन हुआ।पंडालो में स्थापित माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन आज किया जायेगा जो ढ़ोल नगाड़ा एवं डीजे की धुन पर किया जायेगा।
बिरसा के मां दुर्गा मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन
बिरसा सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया था। मंदिर प्रांगण एवं परिसर को बिजली के लड़ियों एवं रंग रोगन कर सजाया गया था एवं



महिला मंडल के महिलाओं के द्वारा गरबा का कार्यक्रम भी किया गया नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में किया गया मंदिर में प्रतिदिन आरती के बाद भजन मंडली का कार्यक्रम एवं महिला मंडली का कार्यक्रम भक्तों के द्वारा किया जाता था जिससे भक्त गण मन्त्र मुग्ध हो जाते थे। दुर्गा उत्सव समिति बिरसा नवमी के दिन हवन पूजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया एवं 25 तारीख को भव्य राम जी की यात्रा झांकी निकाली जाएगी एवं रावण दहन कर आतिशबाजी किया जाएगा जो की आकर्षण का केंद्र रहेगा।
रावण, मेघनाथ एवं कुम्भकरण का होगा दहन
बुराई पर अच्छाई का पर्व दशहरा आज जिले भर में पूरे हर्षोल्लास से मनाया जायेगा,रावण, मेघनाथ एवं कुम्भकरण की प्रतिमा बनकर तैयार हैं जिसे नियत समयानुसार जलाया जायेगा, इसके साथ ही मेला व नाचा का दौर भी शुरू हो जायेगा जो गांव देहात में खासा प्रचलित हैं, लेकिन इस बार चुनाव के चलते लगे आचार संहिता के कारण इसका मजा किरकिरा हो सकता हैं।

# नाम निर्देशन के दूसरे दिन भराए दो नामांकन, 30 अक्टूबर तक लिए जाएंगे नामांकन पत्र

रायसेन। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के दूसरे दिन 142-सांची विधानसभा क्षेत्र के लिए एक नामांकन और 140-उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक नामांकन प्राप्त हुआ है। शेष दो विधानसभा 141-भोजपुर तथा 143-सिलवानी के लिए कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नामांकन पत्र 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नामांकन पत्रों की संविक्षा 31 अक्टूबर मंगलवार को होगी और इच्छुक अभ्यर्थी 02 नवंबर गुरुवार तक नाम वापस ले सकेंगे। शासकीय अवकाश के दिवसों 24 अक्टूबर दशहरा, 28 अक्टूबर चतुर्थ शनिवार और 29 अक्टूबर रविवार को शासकीय अवकाश होने से नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

# केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने सांची और खरबई में एसएसटी चेक प्वाइंट का किया निरीक्षण

जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 141 - भोजपुर एवं विधानसभा



निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 142 - सांची (अ.जा.) के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री सुमित बेसरा द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खरबई और सांची में स्थापित एसएसटी चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने चेक प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीमों से प्रतिदिन कितने वाहनों की जांच की जा रही है, अभी तक जप्त की गई नगदी और अन्य सामग्री की मात्रा आदि की जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# दुर्गा पंडाल में हवन एवं पूणार्हुति संपन्न

अमलाई। शनिचरी बाजार में नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के नवमी के अवसर पर हवन पूणार्हुति की गई जिसमें क्षेत्र के लोगों ने



माता रानी के पंडाल में उपस्थित होकर हवन पूणार्हुति किया। विजय दशमी के अवसर पर दुर्गा पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन 24 अक्टूबर 2023 को किया गया है। समिति के पदाधिकारी ने समस्त श्रद्धालुओं से आवाहन किया है कि माता रानी का प्रसाद ग्रहण करने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

# नगर परिषद बकहो में शौचालय और दुकानें मुहैया कराने की मांग पर अबतक कुछ नही हो सका

अमलाई। नगर परिषद बकहो में व्यापारियों द्वारा दुकानें मुहैया कराने की मांग की गई थी जिस पर परिषद द्वारा अबतक कोई विचार नही किया गया है।कुछ दुकानें नेशनल हाइवे के किनारे लग रही है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है सड़क निर्माण के समय कई दुकानें तोड़ दी गई थी जिनका मुआवजा तो मिला किंतु शासकीय भूमि पर बनी दुकानों को कुछ प्राप्त नही हुआ दुकानदारों ने कोतमा रोड से हटकर दूसरे स्थान पर दुकानें मुहैया कराने की मांग की गई थी साथ ही क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की भी मांग की गई थी युवक कांग्रेस ने बकहो के कोतमा रोड और मंगली बाजार में शौचालय और शेड निर्माण की मांग की गई थी। बता दे कि कोतमा रोड में शारदा ओसीएम तिराहे से श्रीवास्तव तिराहे तक स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक शैचालय की दरकार है। शाम से क्षेत्र अंधकार में डूबा रहता है शौचालय न होने से दुकानदारों और खरीददारी के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चों को परेशानी होती है।


# नगर परिषद बकहो में शौचालय और दुकानें मुहैया कराने की मांग पर अबतक कुछ नही हो सका

अमलाई। नगर परिषद बकहो में व्यापारियों द्वारा दुकानें मुहैया कराने की मांग की गई थी जिस पर परिषद द्वारा अबतक कोई विचार नही किया गया है।कुछ दुकानें नेशनल हाइवे के किनारे लग रही है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है सड़क निर्माण के समय कई दुकानें तोड़ दी गई थी जिनका मुआवजा तो मिला किंतु शासकीय भूमि पर बनी दुकानों को कुछ प्राप्त नही हुआ दुकानदारों ने कोतमा रोड से हटकर दूसरे स्थान पर दुकानें मुहैया कराने की मांग की गई थी साथ ही क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की भी मांग की गई थी युवक कांग्रेस ने बकहो के कोतमा रोड और मंगली बाजार में शौचालय और शेड निर्माण की मांग की गई थी। बता दे कि कोतमा रोड में शारदा ओसीएम तिराहे से श्रीवास्तव तिराहे तक स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक शैचालय की दरकार है। शाम से क्षेत्र अंधकार में डूबा रहता है शौचालय न होने से दुकानदारों और खरीददारी के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चों को परेशानी होती है।


# नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिवस एक नामांकन पत्र दाखिल

शहडोल 23 अक्टूबर 2023- जिला निर्वाचन कार्यालय शहडोल से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिवस विधासभा क्षेत्र ब्यौहारी-83 के लिए एक नामाकंन पत्र दाखिल हुआ है। इसके अलावा जैतपुर एवं जयसिंहनगर विधानसभा के लिये कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ ।

# हरियाणा दिवस पर 5 नए जिले बनाने की प्रबल संभावना

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने विधानसभा क्षेत्र करनाल में इस घोषणा के लिए करवा रहे हैं मसौदा तैयार

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा दिवस पर प्रदेश को पांच नये जिलों की सौगात मिल सकती है। इसके लिए व्यापक स्तर पर बैठकों का दौर जारी है वहीं इनके लिए फाइलों को भी तैयार किया जा रहा है।

सीएम मनोहर लाल की सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में एक दिसंबर 2016 को चरखी दादरी को राज्य के 22वें जिले के रूप में अधिसूचित किया था। वहीं अब माना जा रहा है कि पांच नये जिलों की घोषणा हो सकती है।

फिलहाल हांसी और डबवाली दो पुलिस जिले अधिसूचित हैं। वहीं सूत्रों के हवाले से खबर है कि प्रदेश की गठबंधन सरकार हांसी और डबवाली के साथ-साथ असंध, गोहाना और मानेसर को भी नये जिलों के रूप में अधिसूचित कर सकती है। यह घोषणा हरियाणा दिवस पर एक नवंबर को भी संभव है और मुख्यमंत्री ने चाहा तो बीजेपी सरकार के नौ साल पूरे होने पर करनाल में होने वाली रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भी नये जिलों के गठन की घोषणा की जा सकती है।

दरअसल हरियाणा बनने के बाद 15 नये जिले बनाए गए हैं। एक नवंबर 1966 को जब तत्कालीन पूर्वी पंजाब के विभाजन के बाद हरियाणा राज्य की स्थापना हुई थी, तब राज्य में सात जिले थे, रोहतक, जींद, हिसार, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, करनाल तथा अंबाला ।

2017 तक इन जिलो का पुनर्गठन करते हुए 15 नए जिले जोडे जा चुके हैं। हरियाणा सरकार ने एक दिसंबर 2016 को चरखी दादरी को 22वें जिले के रूप में अधिसूचित किया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से सिरसा सबसे बड़ा जिला है।

विधानसभा में विभिन्न सत्रों में भी कई विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों को जिला बनाने की मांग को उठाते हुए हुए नये जिलों के गठन की सिफारिश राज्य सरकार के समक्ष कर चुके हैं। जिला अम्बाला का नारायणगढ़ वर्तमान में सबसे बड़ी तहसील माना जाता है। यहाँ की आबादी भी निर्धारित शर्तों के अनुकूल है।

कांग्रेस सरकार के शासन काल में भी नारायणगढ़ को जिला बनाने की माँग तत्कालीन विधायक ने प्रस्तावित की थी। कांग्रेस में अंदरूनी कलह के कारण तब इस मामले पर गौर नहीं किया गया था। इसके अब भी जिला बनाने की संभावना नजर नहीं आती।

हरियाणा में नया जिला बनाने के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले क्षेत्र पर विधानसभा प्रस्ताव पारित करके उसे जिला का दर्जा देने में सक्षम है।

वैसे आमजन की जानकारी के लिए उस क्षेत्र को जिले का दर्जा देने के लिए रकबा एक लाख हेक्टेयर से अधिक होना चाहिए और पड़ोसी जिला मुख्यालय से दूरी 30 किलोमीटर से ज्यादा हो।

क्षेत्र के अधीन कम से कम 150 से 200 गांवों का आना जरूरी है। दो से चार तहसील और कम से कम दे उपमंडल इस क्षेत्र के अंतर्गत आने जरूरी हैं। इसके साथ ही क्षेत्र की आबादी पांच से सात लाख होनी चाहिए।

# गृह मंत्री अनिल विज ने जारी किए प्रदेश भर के 372 जांच अधिकारियों के निलंबन के आदेश

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने आज फिर जनहित में कड़ा रुख अपनाते हुए 372 जांच अधिकारियों (आईओ) को निलंबित करने के निर्देश जारी किए है।

श्री विज ने अपने निवास पर जन समस्या समाधान बैठक में आज इस बारे में एक पत्र पुलिस महानिदेशक को लिखा है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को 11 मई, 2023 को पत्र लिखकर सूचना भी मांगी गई थी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के जिन विभिन्न जिलों में 372 जांच अधिकारी (आईओ) को निलंबित किया गया है। उनमें गुरुग्राम में 60, फरीदाबाद 32, पंचकूला 10, अम्बाला 30, यमुनानगर 57, करनाल 31, पानीपत 3, हिसार 14, सिरसा 66, जींद 24, रेवाड़ी 5, रोहतक 31 और सोनीपत में 9 आईओ है।

पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र के अनुसार श्री विज ने बताया है कि प्रदेश में दर्ज एफआईआर के शीघ्र निस्तारण के लिए उनके द्वारा कई बार कहा गया है। पिछले महीने, मैंने आदेश दिया था कि उन सभी आईओ से स्पष्टीकरण मांगा जाए जिन्होंने एक वर्ष में एफआईआर का निपटारा नहीं किया है। इन मामलों की संख्या बहुत अधिक थी जो लगभग 3229 से ऊपर है।

श्री विज ने पत्र में दुख जताते हुए कहा है कि उनके निर्देश के बावजूद अभी भी 372 आईओ ऐसे हैं जिन्होंने मामलों का अंतिम रूप से निपटारा नहीं किया है और उनके द्वारा बताए गए कारण संतोषजनक नहीं हैं। वे लोगों को उनकी शिकायतों पर कार्रवाई के लिए एक जगह से दूसरे जगह तक भटकने पर मजबूर कर रहे हैं जोकि बेहद गंभीर मामला है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

गृह मंत्री ने पत्र में कहा है कि इन सभी जांच अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर दिया जाए और उनके मामलों को एक महीने में अंतिम निपटान के लिए संबंधित डीएसपी को स्थानांतरित कर दिया जाए, अन्यथा उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# गलियों में आवारा कुत्तों और पशुओं को उचित स्थान पर छोड़ने और शहरी क्षेत्र से हटाने की नहीं की हुई कोई व्यवस्था

## नगर निगम के खजाने का 10 से 15 करोड़ रुपया उडाया जा रहा अवैध तरीके से निजी समाचारपत्रों और होर्डिंग्स के नाम पर

**विनोद सिंगला संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला, अक्टूबरः शहरवासियों की लगातार माँग के बावजूद नगर प्रशासन और नगर निगम ने जंगली जानवरों के शहरी क्षेत्र में प्रवेश से रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया है। हर दूसरे तीसरे दिन विभिन्न स्थानों पर जंगली जानवर के आतंक से लोग परेशान हो रहे हैं। इनमें ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ती है। पंचकूला विकास मंच के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोग विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर बंदरों, कुत्तों और आवारा गाय या सांड के आतंक से बहुत दुखी हैं। आवारा कुत्ते, गाय और सांडों का तो इतना आतंक है कि वो आते जाते किसी भी नर- नारी को अपने लपेटे में लेकर बुरी तरह से जख्मी कर रहे हैं। मोरनी के मुख्य मार्ग पर बंदरों ने उतपात मचाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि स्ट्रे डॉग्स, स्ट्रे एनिमल्स और बंदरों को खाना खिलाने के लिए प्रशासन और नगर निगम की एक सुरक्षित जगह निर्धारित करने की जिम्मेदारी है।नगर निगम अपनी इस जिम्मेदारी में भी पूरी तरह से फेल रहा है। इनसे शहर को मुक्त कराने के बयान तो दिए जाते हैं परंतु जमीनी सच्चाई कुछ और ही कहती है।

पंचकूला की जनता की अब तो आवाज का भी कोई असर नहीं है कहीं पर।जनता अपने जान माल की सुरक्षा की खुद जिम्मेदारी लेने पर मजबूर कर दी गई है। न ही सड़क पर सुरक्षा है। स्नैचिंग, चोरी से सुरक्षा के भी कोई इंतजाम नहीं हैं।

इस संबंध में विकास मंच पंचकूला लगातार आवाज उठाता आ रहा है और जनता से भी अनुरोध करता रहता है कि वो सावधान हो कर रहें । अपने घर के आगे ही जब गड्ढा हो तब शहर के गड्ढों की बात, अपने किसी को कोई स्ट्रे डॉग काटे तो ही एरिया के स्ट्रे डॉग्स की बात, अपने घर की बिजली जाए तो ही आवाज, अपने घर के पास कचरा हो तो ही आवाज, अपने घर के प्रॉपर्टी टैक्स का बिल गलत आए तो ही आवाज, अपने पानी के बिल में बढ़े हुए रेट पर ही आवाज जिला प्रशासन और निगम तक पहुँचाए। वर्ना सानू की कि सोच बदलनी ही होगी। निगम चुनाव के समय अपने एरिया के लोगों को भरोसा दिलाने वालों को किए गए वादे को पूरा करने के लिए कहा जाए।

अभी चाहे लोगों के पास आवाज लगाने के सिवाए कुछ न भी हो परंतु आने वाले चुनावों में वोट हर एक नागरिक की कीमती है।इसके लिए अभी से त्यारी करोगे तो आने वाले पांच साल आपकी आवाज सुनेंगे।

उन्होंने यह भी कहा विकास मंच पंचकूला हर चुनावों में लोगों से यही अनुरोध करता आया है और लोगों ने अपने अनुरोध भी दिए पर पालिका के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि एमसी के लोगों द्वारा विज्ञापन के जरिए 10 से 15 करोड़ रुपए हर साल कमाने का बजट में दिखा कर जनता को गुमराह करने का काम हो रहा है। असल में सालों से प्राइवेट लोगों, संस्थाओं, पॉलिटिकल पार्टियों के नेताओं, कार्यकताओं, प्राइवेट कंपनियों के पोस्टर शहर में महीनों, सालों लगे रहते हैं।यह सब लगे रहने दिए जाते रहे हैं। इनका फायदा नगर निगम को तो नही हुआ।किनको होता रहा इस का फायदा जनता भली भांति समझती है।सालों से एमसी खजाने को एमसी के लोगों द्वारा ही चुना लगाने की जांच के लिए किसको लिखेगा कोई।पहले लिखी सभी गड़बड़ियों की जांच फाइलों में बंद कर रखी हैं। इससे साफ साफ लगता है की हर प्रकार की गड़बड़ी को सभी के द्वारा अनदेखा, अनसुना कर दबाने का काम होता आ रहा है।

चीफ विजिलेंस ऑफिसर, अर्बन लोकल बॉडीज के पास कुछ गड़बड़ियों की शिकायतें फाइलों में दबी पड़ी हैं।गड़बड़ियों को दबा रहने देने के पीछे क्या हो सकता है यह बात जनता जानती है।

विजिलेंस विभाग ने भी गड़बड़ियों की शिकायतों को एसीएस अर्बन लोकल बॉडीज को बहुत शिकायतें फॉरवर्ड कर रखी हैं सालों से।जो फाइलों में बंद कर दी जाती हैं।

# 13.76 लाख ने किया रजिस्ट्रेशन; 26 मुन्ना भाई पकड़े, 34 संदिग्ध उम्मीदवारों की जांच शुरू

**अदिति गौड़**
**कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा में ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पदों के लिए आयोजित की गई सीइटी परीक्षा संपन्न हो गई। एग्जाम के लिए 13.76 लाख उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से करीब 10.86 लाख उम्मीदवारों ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया। इनमें से 8.54 लाख अभ्यर्थी ही परीक्षा देने के लिए पहुंचे। 5.21 लाख उम्मीदवार ऐसे रहे, जो एग्जाम में शामिल नहीं हुए।

# कबड्डी खिलाड़ी पर रंजिशन अंधाधुंध फायरिंग

**नसीब सिंह, संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

मोगा, अक्टूबरः पंजाब में फिर से एक कबड्डी खिलाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां चलीं हैं। गनीमत रही कि इस कबड्डी खिलाड़ी की जान बाल-बाल बच गई। क्योंकि गोलियां पैर में लगीं। कबड्डी खिलाड़ी को गंभीर और लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित कबड्डी खिलाड़ी की पहचान हरविंदर सिंह के तौर पर हुई है।

ज्ञातव्य है कि, यह पूरी वारदात मोगा के धूरकोट गांव की है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे कबड्डी खिलाड़ी हरविंदर सिंह पर हमला किया गया। बाइक पर आए दो बदमाश हरविंदर सिंह के घर के बाहर पहुंचे थे। वहीं जब हरविंदर सिंह गेट पर पहुंचा तो बदमाशों ने उसपर गोलियां चला दीं और मौके से फटाफट फरार हो गए। इधर गोलियां चलने हड़कंप मच गया और हरविंदर सिंह को अस्पताल ले जाया गया। साथ ही सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चुनावी रंजिश में हमला

बताया जा रहा है कि, कबड्डी खिलाड़ी हरविंदर सिंह पर चुनावी रंजिश में हमला किया गया है। पुलिस की शुरूवाती जांच में गांव के ही एक व्यक्ति पर हमले का आरोप आ रहा है। एसएसपी मोगा ने कहा कि जांच के शुरूआती चरण में यह पता चला है कि विदेश में रह रहे गांव के जग्गा नाम के एक व्यक्ति ने कबड्डी खिलाड़ी हरविंदर सिंह को पहले धमकी थी कि वह पंचायत चुनाव (सरपंच चुनाव) न लड़े। माना जा रहा है कि, जग्गा ने ये बदमाश भेजे और हरविंदर सिंह पर हमला करवाया। एसएसपी ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए जांच जारी है। बताया जा रहा है कि, हरविंदर सिंह आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं और सरपंच उम्मीदवार बन रहे हैं।

# कारागार विभाग के उप अधीक्षक देशवाल की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

करनाल/ पानीपत, अक्टूबरः हरियाणा कारागार विभाग के एक उप अधीक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। डिप्टी एसपी का नाम जोगिंद्र देशवाल बताया जा रहा है।



बताया जाता है कि, जोगिंद्र देशवाल पानीपत जिले में गांव सिवाह स्थित जेल में उप पुलिस अधीक्षक के तौर पर तैनात थे। जोगिंद्र देशवाल की मौत से उनके परिवार और जानने वालों के साथ-साथ हरियाणा पुलिस में शोक की लहर दौड़ गई है। जोगिंद्र देशवाल के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है।

## सुबह जिमनेजियम में एक्सरसाइज के दौरान दिल ने दिया धोखा

मिली जानकारी के अनुसार, जोगिंद्र देशवाल करनाल स्थित अपने घर आए हुए थे। इस बीच सोमवार सुबह तड़के करीब पांच बजे वह जिमनेजियम में एक्सरसाइज करने पहुंचे। वह जिम में एक्ससाइज कर ही रहे थे कि इसी दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया और वे नीचे गिर गए। जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया और जोगिंद्र देशवाल को अस्पताल ले जाया गया। मगर हार्ट अटैक से जोगिंद्र देशवाल की जिंदगी का सफर थम चुका था। हार्ट अटैक के बाद चंद मिनटों में उनकी सांसें टूट गईं।

बता दें कि, इन दिनों हार्ट अटैक के मामले बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों से हार्ट अटैक के मामलों की जो तस्वीरें सामने आई हैं। वह डराने वाली हैं। लोगों की हंसते-खेलते, चलते-फिरते, नाचते, अखबार पढ़ते, दवाई लेते और जिम में एक्सरसाइज करते हुए सेकेंडों में मौत हो गई है।

# उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं के समाधान के लिए 27 अक्टूबर को रोहतक स्थित राजीव गाँधी विद्युत भवन में सुनवाई कार्यक्रम

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**




चण्डीगढ़, अक्टूबरः उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। ह्यपूर्ण उपभोक्ता संतुष्टिह्न के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

उक्त जानकारी देते हुए बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

इसी संदर्भ में रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 27 अक्टूबर को मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरुपयोग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी।

विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 27 अक्टूबर को मुख्य अभियंता रोहतक के कार्यालय चौथी मंजिल राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हॉल में 11 बजे से 01 बजे तक होने वाली कार्यवाही में सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को निरंतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया करवाने के लिए वचनबद्ध है।

# इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने कांग्रेस पार्टी व प्रदेश भाजपा सरकार पर निकाली दिल की भड़ास

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के ऐलनाबाद से इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। आज नाथूसरी चौपटा में अभय चौटाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 2024 में इनेलो की सरकार होगी। अभय सिंह चौटाला आज ऐलनाबाद हलके के करीब दो दर्जन गांवों में तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर पोते के जन्म पर पार्टी का न्यौता देने पहुंचे थे। इस दौरान अभय चौटाला मीडिया से रुबरू हुए और उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। अभय चौटाला के पोते के जन्म की खुशी में तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर ऐलनाबाद हलके के लोगों के लिए 4 नवंबर और पूरे प्रदेशभर के लोगों के लिए 5 नवंबर को कार्यक्रम रखा गया है।

अभय सिंह चौटाला ने किसानों के मुद्दों पर बोलते हुए कहा कि गुलाबी सुंडी के प्रकोप से किसानों की बहुत ज्यादा फसल खराब हुई है। सरकार को समय रहते विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को आर्थिक सहायता देनी चाहिए। इस बात को वह अनेकों बार प्रदेश सरकार के सामने उठा चुके हैं लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगती।

इस सरकार ने भोले भाले किसानों को बहकाया और वोट लेने के लिए तरह तरह के जितने भी वादे किये उनमें से कोई भी पूरा नहीं किया। पूरा हरियाणा ही नहीं बल्कि देश की जनता इनके कारनामों से दुखी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में गाँवों, कस्बों, तहसील और जिला लेवल पर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में इनके विरुद्ध माहौल बना हुआ है। मौका आते ही इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोग इंतजार में हैं।

उन्होंने कहा कि एसवाईएल को लेकर उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार बनते ही एसवाईएल का पानी प्रदेश में लाया जाएगा। पंजाब सरकार को मजबूर कर देंगे कि हरियाणा को अनुपात के अनुसार उसके पानी का हिस्सा दिया जाए। पंजाब में एसवाईएल का जितना हिस्सा है उसकी जांच की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट ने शुरू करने के लिए केंद्र में मोदी सरकार को कहा है। इधर हरियाणा भी पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर दबाव बनाने के लिए इस खास मौके पर कोई नया फामूर्ला ढूँढ कर हरियाणा में सतलुज के जरिये भाखड़ा बांध का पानी ला सकता है।अगर बीजेपी हरियाणा को अपने हिस्से का पानी नहीं दिलवा सकती तो हमारे साथ बात करे हम पडौसी पंजाब राज्य के रास्ते रोककर उन्हे हमारे हक हमें देने के लिए मजबूर करने के लिए तैयार हैं ।

प्रदेश में आईएएस अधिकारियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबसे पहले मंत्रियों की जांच होनी चाहिए। अफसरों से पहले अगर मंत्रियों तक जांच पहुंचे तो सब पोल खुल जाएगी, क्योंकि असली काम तो इनके इशारे पर हो रहा है। इनकी हिस्सेदारी बटी हुई है । वो ही ऐसा कारण है जिसकी वजह से हरियाणा अनेक मामलों में दिल्ली सरकार से आगे रहने वाला अब पिछड़ गया है।

अभय चौटाला ने ऐलनाबाद हलके की घग्गर नदी के पानी को लेकर कहा कि मैं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घग्गर नदी के पानी को रोकने को लेकर अवगत करवाऊंगा, ताकि किसानों को पानी मिले तो फसलों की बिजाई हो सके।

अभय चौटाला ने कहा विश्वास है कि बीजेपी इतने बड़े फैसले के बावजूद भी हरियाणा में सतलुज सम्पर्क नहर का पानी नहीं ला सकती। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि 2024 में जब इनेलो की सरकार बनेगी तो हम किसानों के साथ साथ हरियाणा को पंजाब से एसवाईएल का पानी दिलवाएंगे। उप मुख्यमंत्री बनाने के सवाल प उन्होंने कहा कांग्रेस की तरह कई डिप्टी सीएम के पद बांटने के लिए नहीं बल्कि ऐसा डिप्टी सीएम बनाउंगा कि सभी के होश उड़ जाएंगे।

# यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा की जानकारी देने के लिए सरकारी स्कूलों में लगाई जा रहीं पुलिस पाठशालाएँ

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**



चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रदेश के सरकारी तथा निजी विद्यालयों में पुलिस पाठशाला लगाई जा रही है। इस पाठशाला में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग स्कूलों में जाते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विद्यार्थी भी इस पाठशाला में पूरी रुचि लेते हुए यातायात नियमों के बारे में अपने संशयों को दूर कर रहे हैं।


इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित होने जा रही प्रतियोगिता को लेकर प्रदेश भर में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत कार्य योजना के तहत काम किया जा रहा है ताकि लोग हरियाणा पुलिस की इस पहल से बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी अधिक से अधिक संख्या में जुड़े।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऐसे प्रश्न पूछे जाते है ताकि विद्यार्थी सड़क सुरक्षा का महत्व समझे और समय आने पर अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए निर्णय ले। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के लिए किताबे उपलब्ध करवाई गई है जिसका 'लोगो' है 'हम मिलकर लाखो जिंदगी बचा सकते है'। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर सड़क सुरक्षा संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा को लेकर प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों द्वारा जिला स्तर पर प्रतिभागिता की जाएगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषय के बारे में जागरूक किया जा रहा है ताकि वे न केवल खुद यातायात नियमों के प्रति सचेत हो बल्कि अपने घरों में भी अभिभावकों को इसके बारे में जागरूक करें।

# अवैध शराब पर अंकुश लगाकर टैक्स में अधिक से अधिक की जाए वृद्धि- दुष्यन्त चौटाला

## शराब की तस्करी रोकने के लिए हाल ही में निर्धारित मापदंड को बनाया जाए मुख्य आधार- दुष्यन्त चौटाला

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**




चण्डीगढ़, अक्टूबरः रियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि राज्य में किसी भी सूरत में शराब पर लगने वाले टैक्स की चोरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिस्टलरी से लेकर दुकान तक शराब की ट्रैकिंग होगी और प्रत्येक बोतल और पेटी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला आज यहां आबकारी विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसा ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया जाए। जिससे कि डिस्टलरी में शराब का उत्पादन, स्टॉक, वाहन में रवानगी तथा दुकान तक पहुंचने और दुकान में भी बिक्री और स्टॉक का सारा डाटा दर्ज किया जा सके। विभाग द्वारा तैयार किये गए सिस्टम के ड्रॉफ्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने आज कुछ अन्य सूचनाएं भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की प्रत्येक बोतल पर क्यूआर कोड अंकित किया जाए , इसके बाद पेटी पर अलग क्यूआर कोड होना चाहिए जिसके माध्यम से यह पता चल सके कि इसमें कौन - कौन से क्यूआर कोड की बोतलें हैं। विभाग के इस कदम से जहां शराब की तस्करी पर रोक लगेगी वहीं राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने अवैध शराब पर अंकुश लगाकर अधिक से अधिक टैक्स में वृद्धि करने के निर्देश दिए ताकि उससे प्राप्त आय को प्रदेश के विकास कार्यों में लगाया जा सके।

इस अवसर पर आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव श्री देविंदर सिंह कल्याण , आयुक्त एवं सचिव श्री अशोक मीणा एक अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# अगले 2 साल में 4000 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में बदलने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना पर अमल के लिए चलाया अभियान- मनोहर लाल

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**

चंडीगढ़, अक्टूबर : हरियाणा में सतत विकास के वैश्विक लक्ष्य 4.2 के अनुसार सभी बच्चों के बचपन की शुरूआत में उन्हें उत्तम विकास, सही देखभाल, और उच्च दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए जिससे वे प्राइमरी शिक्षा के लिए तैयार हो सके। यह बात मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहाँ कही।

**उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने में भारत सरकार के दृढ़ संकल्प की दिशा में हरियाणा सरकार काफी तेजी से आगे बढ़ रही है।**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्री- नर्सरी शिक्षा का प्रावधान और इसी कड़ी में आगामी 2 वर्षों में राज्य के 4 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में बदला जायेगा। अब तक प्ले स्कूलों में लगभग 40 हजार बच्चे दाखिला ले चुके हैं जहां उन्हें खेल-खेल में शिक्षा



के साथ उनके मानसिक विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस योजना को मुख्यतः तीन चरणों में बांटा गया जिसके प्रथम चरण में स्टेट रिसोर्स ग्रुप तैयार किए गए हैं । प्रत्येक जिले से एक बाल विकास परियोजना अधिकारी, एक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता एवं दो पर्यवेक्षकों को मिलाकर एक टीम का गठन किया गया जिन्होंने स्वयं अभ्यास कक्षाएं चलाने के पश्चात अगले स्तर का प्रशिक्षण लिया। इस योजना के दूसरे चरण में हरियाणा प्रदेश के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के द्वारा स्वयं कक्षाएं चलाकर देखी गई और तीसरे चरण में इन्हीं अधिकारियों द्वारा 25,962 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया ताकि वह यह जान सके कि बच्चों को कैसे व किस माध्यम से पढ़ाया जाए।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सभी प्ले स्कूलों को इंडोर व आउटडोर सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। समय-समय पर कार्यकताओं द्वारा पेरेंट्स मीटिंग यानी पीटीएम भी की जा रही है जिसमें बच्चों की प्रगति व सुधार के विषय पर चर्चा की जाती है। आगामी 2 वर्षों में और 4000 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूलों में बदलने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्य शुरू किया जा चुका है । हरियाणा सरकार यह सुनिश्चित कर रही है की हरियाणा में सभी बच्चों को उच्च दर्जे की प्री-स्कूल शिक्षा प्राप्त हो, उनका उज्जवल हो और वे देश की उन्नति में भागीदार बन सकें।

# पिछले कुछ समय मे लगातार हुई हैं चोरी की वारदातें

## लगातार अनजान व संदिग्ध लोगों की बढ़ रही है गतिविधियां

**दैनिक समाज जागरण**

कालका( संदीप शर्मा )कालका नगर परिषद के पिंजौर के अंदर आने वाली सूरजपुर की महादेव कालोनी व साथ लगते रज्जीपुर गांव में पिछले कुछ समय से चोरी करने वालों के लगातार होशले बुलन्द हैं । जिस पर न स्थानीय लोगों द्वारा कोई पुख्ता कदम उठाया गया न ही स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा। बात करे इस एरिया की तो यहाँ ज्यादातर आबादी शामलात जमीन पर बसी हुई है जिसका मुख्य कारण न किसी मकान मालिक का रिकॉर्ड पुलिस या प्रशासन के पास होना है और जागरुकता की कमी के कारण यहाँ किराए पर रहने वाले लोगों के आंकड़े भी प्रशासन के पास न के बराबर है। इस प्रकार की परिस्थितियों में ही संदिग्ध गतिविधियों के लोग बेखौफ कारनामो को अंजाम देने से नही हिचकते।इस प्रकार के एरिया में कोई भी अराजक तत्व आसानी से किसी अप्रिय घटनाओं को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते है।अक्सर यहाँ लोग पुराने मोबाइल खरीदने के लिए अन्य प्रदेशों की रजिस्ट्रेशन नम्बर के वाहन पर यहाँ घूमते नजर आते हैं अब सवाल ये उठता है कि क्या उनकी कोई शिनाख्त हैं ये लोग क्या सिर्फ अपना पेट पालने के लिए ये काम करते हैं या इन पुराने खराब मोबाइल के साथ वो किस संदिग्ध घटनाओं को अंजाम देंने वाले गिरोह के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़कर टूलकिट की तरह काम कर रहे हैं।यहा कुछ इस प्रकार की घटना भी आम हो गयी है कि व्यक्तियों के नाम सम्मन या वारंट पुलिस या माननीय न्यायालय द्वारा इस एरिया में जारी होते हैं जिनकी कोई शिनाख्त नही हो पाती।ऐसा होना लाजमी भी है क्योंकि इस एरिया में पुलिस प्रेजेंस बिल्कुल न के बराबर दिखाई देती है तभी यहाँ के लोग पुलिस की सेवा सुरक्षा सहयोग के स्लोगन से अनजान है इसलिए प्रतिदिन यहाँ नए नए संदिग्ध लोगो को समान बेचने के नाम पर या किसी धर्म समुदाय के नाम से मांगने या प्रचार करते हुवे झुंड में घूमते देखा जा सकता है। आखिर इतनी वारदातों के होने के बाद भी अनजान संदिग्ध लोगों के आवागमन पर किसी भी प्रकार की रोकथाम तो दूर कोई पूछने वाला भी नही है ।सवाल हर किसी के जहन में यही है कि क्या ये संदिग्ध लोग आखिर किसी न किसी बहाने से इस एरिया की रेकी कर आपराधिक घटनाओं को अंजाम तो नही दे रहे । बात करे पुलिस प्रशासन की तो कुछ ही दूरी पर यहाँ पुलिस चौकी भी है यहाँ के लोगो का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी सिर्फ यहाँ किसी घटना के घटित होने के बाद ही दिखाई देती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही नशेड़ियों का गलियों में ट्रिपलिंग में गेड़ी मारना रोजमर्रा के काम हो गया है जो हुड़दंगबाजी करते हुए अशांति का माहौल पैदा कर रहे हैं। इस एरिया में पुलिस द्वारा गस्त करवानी चाहिए ताकि आपराधिक परवर्ती के लोगों के जहन में पुलिस का डर हो और यहा के स्थानीय लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके।अब देखना ये होगा कि क्या पुलिस प्रशासन इन अनजान व संदिग्ध लोगों पर रोकथाम लगाने में कोई कदम उठाता है या फिर किसी अप्रिय घटना के इंतजार में है ।

प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज अमरावती :- मेरे यहाँ तैनाती के समय से ही में फील्ड में खुद एक्टिव हु अभी नवरात्रों में मेला ड्यूटी के दौरान स्टाफ की अस्थायी तैनाती की गई है । जिससे पूरी तरह एरिया में पुलिस गश्त नही हो पा रही है। मेला ड्यूटी खत्म होते ही इस कारवाई की जाएगी ।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने धर्मपत्नी सहित नौवें नवरात्रे के अवसर पर श्री माता मनसा देवी मन्दिर में महामायी की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## श्री खुल्लर ने यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवनयज्ञ में लिया भाग, डाली आहुतियां

**दैनिक समाज जागरण**

पंचकूला( संदीप शर्मा ) हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सोनिया त्रिखा खुल्लर के साथ आज नौवें नवरात्रे के अवसर पर ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में महामायी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया।माता मनसा देवी मंदिर पंहुचने पर उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सुशील सारवान ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल भी उपस्थित थी।

श्री राजेश खुल्लर ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और देश और प्रदेश



के चहुमुखी विकास और लोगों के सुख एवं समृद्धि की कामना की । इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवनयज्ञ में भाग लिया तथा आहुतियां डाली। इस अवसर पर उन्होंने कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन भी करवाया।इस मौके पर उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सुशील सारवान ने श्री खुल्लर को माता मनसा देवी का मॉडल सम्मान स्वरुप भेंट किया वहीं अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती वर्षा खांगवाल ने श्रीमती सोनिया त्रिखा खुल्लर को माता मनसा देवी का चित्र भेंट किया।इस अवसर पर माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक बंसल, सचिव शारदा प्रजापति सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएम विंडो में शिकायत निपटान प्रक्रिया के संबंध में प्रबुद्ध नागरिकों की नये सिरे से होगी नियुक्ति

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिए निर्देश, एक सप्ताह के भीतर प्रक्रिया के पूरी होने की संभावना

चंडीगढ़( संदीप शर्मा ) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सीएम विंडो में शिकायत निपटान प्रक्रिया के संबंध में सभी प्रबुद्ध नागरिकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को नये सिरे से प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह के भीतर इस प्रक्रिया के पूरी होने की संभावना है।मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भूपेश्वर दयाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त निदेर्शों के दृष्टिगत आज 23 अक्तूबर, 2023 से सभी प्रबुद्ध नागरिकों की नियुक्ति को रद्द किया जाता है। सभी प्रबुद्ध नागरिकों को निर्देश दिए जाते हैं कि वे आज से अपने सामान्य कर्तव्यों की अनुपालना को अमल में न लाएं। श्री भूपेश्वर दयाल ने बताया कि सीएम विंडो पर शिकायतों के निपटान से संबंधित कार्रवाई रिपोर्ट पर प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा हस्ताक्षर कराने की आवश्यक औपचारिकता अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। कार्रवाई रिपोर्ट की समय सीमा को तदनुसार संशोधित किया जाएगा।

# ई- संजीवनी सेवाओं ने गरीब से गरीब तक उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवा पहुँचाकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए दिया बड़ा योगदान- मनोहर लाल खट्टर

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप सुदूर क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से नवम्बर 2019 में शुरू हुई ई-संजीवनी सेवा आज नागरिकों के लिए बेहद कारगर साबित हो रही है।

हरियाणा में भी ई-संजीवनी ओपीडी की सेवाएं 16 अगस्त 2021 से 24 घंटे उपलब्ध कराई जा रही हैं। ई-संजीवनी ओपीडी के माध्यम से 1 लाख 2 हजार परामर्श दिए गए हैं। ई- संजीवनी इस बात का प्रमाण हैं कि भारत में डिजिटल स्वास्थ्य का युग आ चुका है।

**मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-संजीवनी स्वास्थ्य सेवा के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे।**

श्री मनोहर लाल ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौर में घर से बाहर निकलना जोखिमपूर्ण था। इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन लगाना पड़ा था।

उस समय लोग बीमार होने पर कोविड से बचाव को ध्यान में रखते हुए अस्पताल जाने से डरते थे। यदि अस्पताल जाएं भी तो वहां मरीजों की भारी संख्या के चलते डॉक्टर से मिल पाना बहुत मुश्किल था। ऐसे समय में घर बैठे चिकित्सीय परामर्श लेकर उपचार करवाने के लिए ई-संजीवनी सेवा अत्यंत कारगर साबित हुई। हरियाणा में इस सेवा की शुरूआत 1 मई, 2020 को की गई थी।



### हर जिला सिविल अस्पताल पर टेलीकंसल्टेशन हब किये स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए टेलीपरामर्श को व्यापक और सशक्त बनाया है। प्रदेश के हर जिला सिविल अस्पताल में एक-एक अर्थात 22 टेलीकंसल्टेशन हब स्थापित किये गये हैं। इससे भी एक कदम और आगे बढ़कर पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की सांझेदारी में एक स्पेशलिस्ट हब और एक सुपर स्पेशलिस्ट हब शुरू किये गये हैं।

इनके माध्यम से स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों का सीधा सम्पर्क संभव हो सका है। इस टेली- परामर्श सेवा को राज्य के सभी जिलों से जोड़ा गया है।

इसके माध्यम से अब तक लगभग 2 लाख 50 हजार टेली- परामर्श प्राप्त हो चुके हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि इनमें से 50 प्रतिशत परामर्श पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के विशेषज्ञ हब के डॉक्टरों से मिले हैं।

### ई-संजीवनी सेवा ने गरीब से गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में दिया योगदान

मनोहर लाल ने कहा कि ई-संजीवनी के माध्यम से टेलीकंसल्टेशन सेवाओं से हरियाणा के स्वास्थ्य परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। इस सेवा से मरीजों के इलाज का खर्च न के बराबर है और आने जाने की दिक्कत भी खत्म हुई है। साथ ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी सुधार हुआ है। इसका एक और लाभ यह भी है कि एक स्थान पर अपने घर बैठे व्यक्ति प्रदेश के किसी भी कोने में स्थित सरकारी चिकित्सा संस्थान के डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी सेवाओं ने हमारे गरीब से गरीब व्यक्ति तक उच्चकोटि की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ई-संजीवनी को और अधिक मजबूत सेवा बनाने का बीड़ा उठाया। इसका लाभ यह है कि यदि नागरिकों को कोई गंभीर बीमारी नहीं है तो उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दूसरी ओर अस्पतालों में भी मरीजों का दबाव कम होता है।

टेलीपरामर्श के दौरान यदि डाक्टर को लगता है कि अधिक जांच के लिए अस्पताल ही जाने की जरूरत है तो वह बता देते हैं। यदि आप टेलीपरामर्श से ही ठीक हो जाते हैं तो आपका व अस्पताल दोनों का समय बचता है।

ई-संजीवनी सेवा का उपयोग कोई भी व्यक्ति घर पर ही कर सकता है। लैपटॉप अथवा कम्प्यूटर या इंटरनेट के साथ एंड्रॉइड स्मार्ट फोन द्वारा वीडियो कॉल या लाइव चैट के माध्यम से इसकी सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करके लोगों ने अपनी जांच की रिपोर्ट भी अपलोड की होगी, जिसे देखकर डॉक्टर ने परामर्श दिया होगा और दवा भी लिखी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना के तहत 228 प्रकार के ऑप्रेशन, 70 प्रकार के टेस्ट और 21 प्रकार की दंत चिकित्सा मुफ्त की जाती हैं। साथ ही, 500 दवाइयां भी मुफ्त दी जाती हैं।

# भांजे की मोटरसाइकिल मामा ने की चोरी

मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुरा गांव का है जहा भगवानपुरा निवासी राज सिंह पुत्र जावर सिंह गुड़गांव में कंपनी में काम करता है जिससे उसकी गुजर बसर होती है वही मामा को भांजे ने दिया सहारा सहारा बन गया अफद की पुड़िया मकान पर कोई नही था तभी भांजे की मोटरसाइकिल लेकर मामा हुआ रफूचक्कर मिली जानकारी के अनुसार मामा संतोष पुत्र महादेव सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष है जो जालौन कोतवाली क्षेत्र के हरकौती गांव का है और गुड़ गांव( दिल्ली ) से मोटरसाइकिल एच एफ डिलेक्स यूपी 92 ए सी 9684 को लेकर भाग आया जिस पर युवक ने पुलिस को दी सूचना लेकिन अभी तक नही चला पता मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुरा गांव का है।

# हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति के तहत गवर्निंग कौंसिल की चेयरमैन पद पर मीता वशिष्ठ की नियुक्ति

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़




**हरियाणा में फिल्म निर्माण केंद्र बनने की जबरदस्त क्षमता – मुख्यमंत्री**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति के तहत स्थापित गवर्निंग काउंसिल की नवनियुक्त चेयरपर्सन एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीमती मीता वशिष्ठ ने आज अपना कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की।

श्रीमती मीता वशिष्ठ ने इस महत्वपूर्ण परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल भी उपस्थित थे।````` 

बैठक के दौरान, श्रीमती वशिष्ठ ने मुख्यमंत्री को समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश में फिल्म और मनोरंजन क्षेत्र को बढ़ावा देने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस दिशा में सकारात्मक योगदान देने के लिए सभी आवश्यक कार्य करेंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में एक संपन्न फिल्म निर्माण केंद्र बनने की जबरदस्त क्षमता है। प्रदेश की उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, एक सुरक्षित वातावरण, प्राकृतिक सुंदरता और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व इसे फिल्म और मनोरंजन उद्योग के पनपने के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री श्रीमती मीता वशिष्ठ को गवर्निंग काउंसिल का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिन्हें हरियाणा फिल्म और मनोरंजन नीति के प्रभावी कार्यान्वयन की देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है।

# रामनवमी के उपलक्ष्य में समिती ने मटका चौक पर लगाया विशाल भंडारा

**दैनिक समाज जागरण**

हिसार / जन कल्याण अन्नपूर्णा समिति द्वारा आज सोमवार रामनवमी के दिन व अनेक संस्थाओं, हिन्दू संगठनों से जुड़े व विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय सचिव व समाज सेवी हरीश वर्मा के जन्मदिन पर स्थानीय मटका चौक पर राहगीरों के लिए सात्विक व शुद्ध पोष्टिक विशाल भंडारा लगाया।क्षेत्र में आज राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, घरों में कन्याओं का भी पूजन किया गया।

विशाल भंडारे से पूर्व समिति के सदस्यों ने माँ भगवती को भंडारे का भोग लगाया।



जन कल्याण अन्नपूर्णा समिति के सुरेंद्र अरोड़ा व सदस्यों ने बताया कि विशाल भंडारे में शुद्ध घी में शुद्ध पोष्टिक आलू पूरी हलवे का भोजन बनाया गया है।

**विशाल भंडारा 11 बजे प्रारंभ किया गया जो हरी इच्छा तक चला।**

इस अवसर पर समिति सदस्य सुरेंद्र अरोड़ा,रविष कुमार,कपिल बिश्नोई,राजेश नहरा,सुघड़ जांगडा, कुलदीप नैन, दिनेश कस्वा,रणवीर जालवाल,कुलदीप पहल, मनजीत सांगा, दीपक मुख्य रूप से उपस्थित रह कर सारी व्यवस्था को सम्भाला।

# मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य भक्ति करके परमात्मा को पाना है- संत रामपाल जी महाराज

कमल सिंह लोधा दैनिक समाज जागरण

गुना - हम सभी जानते हैं कि यह नाशवान लोक है यहां जीवन भर सुख-दुःख बना रहता है और सुख दुःख के बीच हमें अपने मानव जीवन के मूल उद्देश्य को पूरा करना होता है। अर्थात मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य भक्ति करके परमात्मा को पाना है रविवार को राघोगढ़ तहसील के अग्रवाल धर्मशाला रुठियाई में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन एलइडी टीवी के माध्यम से किया।यह सत्संग कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सत्संग सुनने के लिए पहुंचे

संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में बताया है कि कबीर जी ने कहा है कि जिस शरीर को रोगमुक्त कराने के लिए मानव अपनी संपत्ति को भी बेचकर उपचार कराता है। वह शरीर भी आपके साथ नहीं जाएगा, धन संपत्ति की तो बात



ही क्या है। इसीलिए पूर्ण गुरू जी से दीक्षा लेकर भक्ति करके गुरू जी के बताए ज्ञान को आधार बनाकर जीवन की राह पर चलकर भक्ति धन संग्रह करना चाहिए।

सत्संग में संत जी के अनुयायियों के इंटरव्यू भी दिखाए गए। इंटरव्यू में दावा किया गया है कि संत रामपाल जी महाराज से जो श्रद्धालु नाम दीक्षा ले लेते हैं वह सभी प्रकार का नशा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचारी, भ्रूण हत्या जैसी तमाम कुरीतियों से दूर रहते हैं।

सत्संग में बुक स्टॉल लगाया गया था इस बुक स्टॉल में संत रामपाल जी महाराज द्वारा लिखित पुस्तकें देखने को मिली जैसे जीने की राह, ज्ञान गंगा, आदि सत्संग के बाद श्रद्धालुओं के लिए चाय राम और बिस्कुट राम की व्यवस्था भी की गई थी। सत्संग में उपस्थित सेवादार करण दास, हंसराज दास, कमल दास सीताराम दास, राधेश्याम दास खसीटा दास, बिहारी दास, सोनू दास, रामचरण दास, सुरेश दास, सुधा दासी आदि भगत और बहने सेवा करते नजर आए

# अग्रोहा धाम में नौका विहार शुरू करने के साथ-साथ अप्पू घर का विस्तार किया जाएगा- बजरंग गर्ग

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/हिसार( राजेश सलूजा ) : वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में समाज के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम में 29 अक्टूबर को विशाल वार्षिक मेला महाकुंभ ऐतिहासिक होगा। जिसमें देश भर से लोग भारी संख्या में भाग लेंगे। मेले में महामंडलेश्वर श्री कुमार स्वामी जी, उड़ीसा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेश लाल, एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुभाष चंद्रा, उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, महाभारत के अर्जुन फिरोज खान, युधिष्ठिर गजेंद्र चौहान, प्रसिद्ध टीवी कलाकार सूरज थापर, भजन सम्राट अंजलि द्विवेदी आदि प्रमुख लोग भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम की टीम द्वारा मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। जनता के सहयोग से करोड़ों की लागत से अग्रोहा धाम में विकास कार्य चल रहे हैं। अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के मंदिर में अग्रवाल समाज की 18 गोत्र की प्रतिमा लगाई जा रही है जिसका शुभ आरंभ 29 अक्टूबर को वार्षिक मेले में किया जाएगा। इसके अलावा एक साथ 400 व्यक्तियों को बैठकर खाने का भोजनालय कक्ष बनाया जा रहा है जो 15-20 दिन में तैयार हो जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर करोड़ों रुपए की लागत से दो भव्य म्यूजियम अग्रोहा धाम में बनाए जा रहे हैं जिनका स्ट्रक्चर लगभग तैयार हो चुका है और म्यूजियम व ऑडिटोरियम का इंटीरियर का काम चल रहा है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा अप्पू घर का विस्तार किया जा रहा है और नौका-विहार को भी शुरू कर दिया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि रामेश्वर धाम का काम जो बाकी है उसका काम



भी जल्द शुरू किया जाएगा। अग्रोहा धाम देश का पांचवा धाम है जिसके साथ देश के नागरिकों के आस्था जुडी हुई है जहां पर हर रोज हजारों लोग दर्शन के लिए आते हैं।बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम युवा जिला इकाई का प्रधान अनिल सिंगला को बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर अंजनी खारिया वाले, एन के गोयल, ऋषिराज गर्ग, पवन गर्ग, सुरेंद्र बागड़ी, रामनिवास कोहली वाला, संजय डालमिया, अनिल सिंगला मगांलीवाला , सत्यपाल अग्रवाल, सज्जन गुप्ता, बंटी गोयल, अभिमन्यु बंसल, मांगेराम रालवासिया, दीपक गर्ग झज्जर वाला, सी. पी. गुप्ता, अनिल महाजन, राजेंद्र बंसल, अनिल तनेजा, वीरेंद्र गर्ग, सुरेंद्र बदान, प्रवीण गर्ग, सुधीर राठौर, संजय मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, दुनी चंद गोयल, रविंद्र कुमार, मोहित गुप्ता, गजानंद गर्ग, बजरंग असरावा वाले, सत्य प्रकाश आर्य, निरंजन गोयल, सीताराम सिंघल, देवेंद्र गर्ग आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# मोटरसाइकिल पंचनद पुल की रेलिंग से टकराई : दो की ठौर मौत , एक गंभीर घायल

माधौगढ़ ,जालौन । पंचनद संगम पर पुल की रेलिंग से तीव्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई जिसमें दो युवकों की ठौर मौत हो गई व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद पर जालौन इटावा को जोडने बाले कंजौसा के पुल पर एक प्लेटना मोटरसाइकिल वढ 92 अ ट 1755 रेलिंग से टकरा गई जिसमें अमन पुत्र अर्जुन उम्र लगभग 20 वर्ष , सौरभ पुत्र सुखराम उम्र लगभग 19 वर्ष निवासीगण जगम्मनपुर थाना रामपुरा की ठौर मौत हो गई व आशीष पुत्र बृजेश कुमार दोहरे उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी लौना थाना कोतवाली जालौन के सिर में गंभीर चोट आई है । बताया जाता है कि उक्त तीनों युवक पंचनद स्थित कालेश्वर मंदिर (बिठौली इटावा) से दर्शन करके वापस आ रहे थे की कंजौसा की पहूज नदी पुल की रेलिंग से तीव्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे अमन पुत्र अर्जुन व सौरभ पुत्र सुखराम दोहरे जगमनपुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा आशीष सिंह पुत्र बृजेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है ।

# नवरात्रि के नौवे दिन आज श्रद्धालु मां दुर्गा के सिध्दिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया । जिले के मंदिरों में नवरात्रि के नौवे दिन 23 अक्टूबर सोमवार को मां दुर्गा के सिद्धीदात्री स्वरूप की पूजा की गई । मां सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिध्दियों को देने वाली देवी है। माता के इस रूप की पूजा से मुक्ति मोक्ष और संपूर्ण सिद्धियां मिलती है। इसलिए खासकर महिलाएं मां की पूजा करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। महिलाएं उपवास रहकर मां की पूजा करती रही, पूजा के पश्चात ही अन और जल ग्रहण की। इसी कड़ी में आज सीमावर्ती क्षेत्र के बेला, बसमतिया, घूरना, अचरा , फुलकाहा, भंगही, भोड़हर, सोनापुर, बथनाहा, जोगबनी, नरपतगंज आदि सभी स्थानों के मंदिरों में धूमधाम से श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना किया। तो वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्र के पुलिस प्रशासन के अलावे ग्राम रक्षा दल भी सहयोग में लगे रहे। बताते चलें कि जहां मंदिर कमेटी मंदिर की विधि व्यवस्था के अलावे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगे हुए थे वहीं फुलकाहा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर फुलकाहा एवं सार्वजनिक दुर्गा मंदिर डुमरिया में ग्राम रक्षा दल के सदस्य सदानंद यादव, रंजय मेहता, विजय कुमार यादव, महेश पासवान, मोहम्मद समीम, सिंकू,बिना देवी,चांदनी देवी,रीना देवी, आदि श्रद्धालुओं के सहयोग एवं विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने में मौजूद थे।



## महानवमी में शहर के पंडालो में श्रद्धालुओं ने मां को दी पुष्पांजलि

**बिभूति भूषण भद समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

शारदीय नवरात्रि के नौवे दिन सोमवार को माता के नौवे स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही पंडालो में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। विशेष कर महिलाएं पूजा पंडाल में मां दुर्गा के पूजा एवं पुष्पांजलि देने के लिए पहुंची थी। वही व्रत रखें भक्तों ने नवरात्र के नौवे दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की तथा सुख शांति व समृद्धि की कामना की। नवरात्र में महानवमी पूजा को बहुत विशेष माना जाता है। इस दिन मां भगवती की विशेष पूजा की जाती है तथा उपवास रखा जाता है। मां सिद्धिदात्री अपने नाम स्वरूप सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी मानी गई है। स्वयं भगवान शिव जी ने भी मां सिद्धिदात्री की कृपा से नौ सिद्धियों को प्राप्त किया था। यही वजह है कि शारदीय नवरात्रि की दुर्गा नवमी बहुत महत्वपूर्ण होती है। इस दिन माता ने महिषासुर का वध किया था। नवरात्रि में देवी दुर्गा के निमित्त हवन करने व्रत पूजन संपन्न माना जाता है। कहते हैं हवन के धुएं से प्राण में संजीवन शक्ति का संचार होता है। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन भी किया। कन्याओं के पूजन के बाद उन्हें दक्षिणा चुनरी उपहार आदि प्रदान किए गए। लोगों ने कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद भी प्राप्त किये। सोमवार शाम लगभग आधे घंटे बारिश होने के बावजूद दुर्गा उत्सव में कोई कमी नहीं दिखाई पड़ा। बारिश के पश्चात ही झाडग्राम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रत्येक पूजा पंडालो में देखा गया। विभिन्न पूजा पंडालो में दर्शनार्थियों की लंबी कतारे लगी हुई थी। श्रद्धालुओं के भीड़ को नियंत्रित करने में सिविक वॉलिंटियर तथा जिला पुलिस के पसीने छूट रहे हैं।



# लुगु बुरु में हाईडल प्रोजेक्ट पावर प्लांट का विरोध प्रदर्शन हेतु बैठक का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-24अक्टूबर 2023:जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत गत रविवार को पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के मछियारा पंचायत के पिपरा टांड मोड में सोरोस चिरगाल संथाल समाज के तत्वावधान में टुंडी एवम पूर्वी टुंडी के युवाओं की संयुक्त बैठक हुई ।जिसमे 5 नवंबर को लुगू पहाड़ के डी भी सी के प्रोजेक्ट हाईडल प्लांट के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ के निगरानी समिति सदस्य गोविन्द टुडू ने कहा लुगू पहाड आदिवासी संथाल समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, अमुल्य वन सम्पदा से परिपूर्ण है। यह विश्व स्तरीय धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यहां संथाल आदिवासियों का पवित्र महाधर्म स्थल का केंद्र लुगुबाबा गुफा स्थित है , जो लुगुबाबा घंटाबाड़ी धोरोमगढ के नाम से पुरे विश्व में प्रसिद्ध है । यहाँ कार्तिक पूर्णिमा में लाखों-लाख की संख्या में श्रद्धालु पहुचते हैं। हम सबों के धरोहर को बचाने के लिए टुण्डी व पूर्वी टुण्डी से सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल होंगे ।

बैठक में सर्वसम्मति से सोरोस चिरगाल संथाल समाज टुण्डी एवं पूर्वी टुण्डी के विभिन्न पंचायत समिति का गठन किया गया।

मछियारा पंचायत अध्यक्ष अशोक हाँसदा, पुरनाडीह पंचायत अध्यक्ष सुनील बास्की, लुकैया पंचायत अध्यक्ष संजय मुर्मू, फतेहपुर पंचायत अध्यक्ष बिनोद मुर्मू, अरवाटांड पंचायत अध्यक्ष मुन्ना हाँसदा, लछुराडीह पंचायत अध्यक्ष श्री कान्त किस्कू, बैंगनरीया पंचायत अध्यक्ष महेश मरांडी बनाये गए । चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मुनीलाल हाँसदा एवं सावन बेसरा थे। बैठक में मुख्य रूप से बुधन बास्की, बबलु टुडू, संतोष टुडू, कटिलाल हेम्ब्रम, नरेश हाँसदा, सुनिल हाँसदा, साहिल बेसरा, सुरेश मुर्मू इत्यादि शामिल थे ।



## ईच्छा संकल्प धर्मार्थ फाउंडेशन के द्वारा हुआ कन्या पूजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 अक्टूबर 2023ःझ दिनांक 23/10/2023 दिन सोमवार को नवरात्री के नवमी तिथि को कन्यापूजन के अवसर पर ईच्छा संकल्प धर्मार्थ फाउंडेश, आदित्यपुर सौजन्य से रोड़ न॰ - 11, कुलुप्टांगा बस्ती, आदित्यपुर में 21 कन्या का पूजन कर जगत जननी मॉ दुर्गा को श्रद्धा भाव अर्पित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संस्था के सभी गण्यमान्य सदस्य मौजूद थे।



# राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी), नई दिल्ली में मालदीव के सूचना आयोग (आईसीओएम) के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू; कार्यक्रम में मालदीव के 26 सिविल सेवक शामिल

इस कार्यक्रम की परिकल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'पड़ोसी पहले' की नीति के विजन के अनुरूप की गई है।

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी), नई दिल्ली में मालदीव के सूचना आयोग (आईसीओएम) के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम में मालदीव के 26 वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' दर्शन के अनुरूप भारत और इसके पड़ोसी देशों के सिविल सेवकों के बीच सहयोग और एक-दूसरे से सीखने को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सिविल सेवकों के लिए एनसीजीजी की क्षमता-निर्माण पहल का उद्देश्य सुशासन को बढ़ावा देना, सेवा वितरण में सुधार और बेहद जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचकर नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। प्रौद्योगिकी की आज की दुनिया में बड़ा उद्देश्य सुशासन को संस्थागत बनाना और उसके लक्ष्य को हासिल करना है।

नवंबर 2022 में एनसीजीजी के महानिदेशक के साथ बातचीत के दौरान मालदीव सूचना आयोग (आईसीओएम) ने अपनी शीर्ष स्तरीय टीम के लिए व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम की इच्छा व्यक्त की थी। यह कार्यक्रम प्रभावी सूचना रणनीतियों और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को सीखने और उनकी क्षमता बढ़ाने में सक्षम बनाएगा। इससे आईसीओएम टीम को केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों से सूचना के अधिकार के आधुनिक उपकरणों के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा, जिसके परिणामस्वरूप आईसीओएम की दक्षता में सुधार होगा और मालदीव में भी सूचना के अधिकार को बढ़ावा मिलेगा।

उपरोक्त संदर्भ में एनसीजीजी आईसीओएम के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अपनी तरह का पहला कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकास रणनीति में 'नागरिक प्रथम' सोच को सबसे आगे रखकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन मंत्र के अनुरूप है जो 'लोकहित' में है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इसमें शामिल देशों के अधिकारियों में संवेदनशीलता बढ़ाने, उन्हें जवाबदेह बनाने और दक्ष करने के लिए सूचना, ज्ञान और नए विचारों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के महानिदेशक और प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण प्रदान करने पर जोर दिया और एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए सिविल सेवकों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया, जहां प्रत्येक नागरिक के साथ समान व्यवहार किया जाता है और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच होती है। उन्होंने देश में प्रशासनिक सुधार के सफर पर एक व्यावहारिक और गहन प्रस्तुति दी। उन्होंने केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस), डीएआरपीजी-चिंतन शिविर और दस उपाय सुधारों और प्रौद्योगिकी का लाभ कैसे उठाया गया है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने सेवोत्तमः क्षमता निर्माण पहल के बारे में भी चर्चा की।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन में प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री अहमद अहिद रशीद, सूचना आयुक्त, आईसीओएम, मालदीव ने इस अवसर के लिए भारत सरकार और एनसीजीजी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल अधिकारियों की क्षमताओं में

# नरपतगंज में निजी अस्पताल में आपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल चौक के समीप एक निजी अस्पताल में शनिवार की रात्रि आपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने शव को अस्पताल में रखकर जमकर हो हंगामा किया। हंगामा के बाद अस्पताल के सभी कर्मी अस्पताल छोड़कर भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर आक्रोशित परिजनों को शांत करवाने का प्रयास किया, परंतु परिजनों का कहना था कि जब तक चिकित्सक व अस्पताल कर्मी यहां नहीं पहुंचेंगे तब तक शव को यहां से उठने नहीं दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मृतका सुपौल जिला के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत 26 वर्षीय आरती कुमारी पति राहुल कुमार दिनबंदी गांव वार्ड 13 निवासी बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में मृतका के पिता तिलानंद पासवान ने बताया कि उसकी पुत्री आरती प्रसव को लेकर मायके ठूठी चैनपुर वार्ड संख्या तीन आई हुई थी, शनिवार को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे नरपतगंज लाया गया, जहां कुछ अस्पताल के दलालों ने उन लोगों को बहला फुसला कर अस्पताल चौक स्थित निजी अस्पताल मां हेल्थ केयर में जाकर भरोसा दिलाया कि 40 हजार रुपये में सुरक्षित आपरेशन कर दिया जाएगा। लेकिन आपरेशन के बाद में बच्चा मृत हुआ। करीब एक घंटे के बाद उसकी पुत्री की भी मौत हो गई। सभी आक्रोशित परिजनों का आरोप था कि झोलाछाप डाक्टर के कारण लापरवाही बरतने के कारण यह घटना घटी है। सभी अस्पताल में शव को रखकर उग्र प्रदर्शन किया। पुलिस करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया भिजवाए। मामले को लेकर चिकित्सा प्रभारी नरपतगंज के निजी अस्पताल में झोलाछाप डाक्टरों द्वारा प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत के आरोप मामले में नरपतगंज चिकित्सा प्रभारी डा. ओपी मंडल ने कहा कि पूर्व में भी इस क्लिनिक पर छापा मारकर सील किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई किया जाएगा। वहीं नरपतगंज थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि प्राइवेट क्लीनिक में महिला की मौत के बाद शव को कब्जा में लेते हुए जांच पड़ताल करते हुए आरोपित चिकित्सक पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय के समीप दर्जन भर अवैध रूप से क्लीनिक एवं नर्सिंग होम तथा अल्ट्रासाउंड चल रहा है, लगातार कई बार पदाधिकारी के द्वारा छापेमारी भी की गई लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण संचालकों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। वहीं घटना के बाद नाम नहीं छापने के शर्त पर सरकारी अस्पताल के कर्मी बताते हैं कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर निजी अस्पताल के चिकित्सकों से मोटी रकम लेकर मामले को ठंडा बस्ता में बंद कर दिया जाता है और बिना डर भय के निजी अस्पताल धड़ले से चल रहा है। कुछ लोग यह भी बताया कि निजी अस्पताल पर प्रतिबंध नहीं लगाने का मुख्य कारण यह भी है कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर भी निजी क्लीनिक प्रखंड मुख्यालय में चला रहे हैं। सरकार और विभागीय वरीय पदाधिकारी को इसकी जांच अलग एजेंसी से कराना चाहिए तब जाकर गरीब मरीजों को सरकारी लाभ मिल सकता है।



## श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कुंदा का किया दौरा

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 23 अक्टूबर 2023ःश्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर कुंदा पहुंचे।मंत्री को कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नवयुवक संघ दुर्गा पूजा क्लब में बने भव्य पूजा पंडाल पहुँच कर माता रानी के दर्शन कर राज्य वाशियों के लिये सुख-समृद्धि व शांति की कामना किया।पूजा पंडाल को आकर्षक रूप कहा।इस दौरान उन्होंने साप्ताहिक बाजार पहुँच कर ग्रामीण जनता की समस्या सुने एवं कई व्यवसायी ने मंत्री के समक्ष समस्या रखे सम्बंधित पदाधिकारी को फोन कर मामला को निबटारा करने का निर्देश दिया।इस मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहु, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद यादव, दिलीप प्रसाद यादव,मंत्री प्रतिनिधि नागेंद्र यादव,पूर्व जीप सदस्य पृथ्वी गंझु,नगीना गंझु,सतेंद्र सिंह,अनिल प्रसाद यादव,महरु यादव समेत कई लोग मौजूद थे।





## बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति लिमिटेड (ABUSS') कर रही है युवाओं को रोजगार से जोड़ना- अलसा सोरेन

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

कतरासः बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति लिमिटेड झारखंड अइवररछ के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री अलसा सोरेन जी के अगवाई में भिन्न भिन्न जगहों गांव, शहर कशबो में जा जा कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का एक नेक काम कर रही है, इस अइवररछ का उद्देश्य है की सभी आदिवासी समुदाय को भिन्न भिन्न तरह के रोजगारों से जोड़ना, साथ ही साथ जगह जगह पे सामूहिक बैठक कर आदिवासी भाईयो को किस तरह से रोजगार से जोड़ा जाए , इस विषय पर बात करती हैं, अध्यक्ष महोदय के जानकारी के अनुसार झारखंड के भिन्न भिन्न जिलो से पंचायत कॉर्डिनेटर, जिला कॉर्डिनेटर, प्रशिक्षण दे कर रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है, इनके कॉर्डिनेटर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका , बोकारो, सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिभूम, पश्चिमी सिंहभूम रांची, गड़वा, खुटी आदि में कॉर्डिनेटर उपस्थित है जो पूर्ण रूप से कार्य कर रही है,अइवररछ पूरे झारखंड में एक मात्र आदिवासी सोसाइटी है जो आदिवासीयो के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, मानसिक, नैतिक, एवं बौद्धिक विकास का कार्य भिन्न भिन्न माध्यम से करती हैं, आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति लिमिटेड झारखंड ,भिन्न-भिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सारथी योजना, राष्ट्रीय कृषि सिंचाई एवं इन योजनाओ से कैसे लाभान्वित हो, इस पर प्रशिक्षण दे कर रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है।



# घर बर्बाद हो गइल नाट्य कला मंच का उद्घाटन किए थाना प्रभारी व जदयू नेता

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र के शिवचक में दुगार्पूजा समिति के द्वारा नाट्यकला का आयोजन किया गया था । नाट्यकला मंच का उद्घाटन थाना प्रभारी शिवेंद्र कुमार तथा जदयू नेता सह मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। घर बर्बाद हो गइल नाट्यकला को देखने के लिय आस पास के लोगों का काफी भीड़ उमड़ा था । थाना प्रभारी शिवेंद्र कुमार ने त्योहार को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का अपील किए तथा मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिस से लोगों में आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है तथा आयोजन समिति को धन्यवाद दिया । मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शिव जी सिंह, ओमनाथ सिंह, हरेराम मिश्रा, नारायण सिंह, अशोक पासवान, रवीन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, नंद जी सिंह, प्रेम मिश्रा एवं पूरा पूजा समिति उपस्थित थे।

सहार श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण के हवन कार्यक्रम में हजारों के संख्या में श्रद्धालु भक्त जन पहुंच हवन कार्यक्रम में शामिल हुए और विधिवत हवन पूजन तथा आरती कर सुख समृद्धि तथा अपनी मनोकामनाओं के पूर्ति हेतु प्रार्थना किए।



# 54वें इफ्फी में 25 फीचर फिल्में और 20 गैर-फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के प्रमुख घटक भारतीय पैनोरमा ने 25 फीचर फिल्मों और 20 गैर-फीचर फिल्मों के चयन की घोषणा की है। चयनित फिल्मों को 20 से 28 नवंबर 2023 तक गोवा में आयोजित होने वाले 54वें इफ्फी में प्रदर्शित किया जाएगा।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित भारतीय पैनोरमा का उद्देश्य भारतीय पैनोरमा के उक्त नियमों की शर्तों और प्रक्रियाओं के अनुसार सिनेमाई, विषयगत और सौंदर्य बोध संबंधी उत्कृष्टता वाली फीचर और गैर-फीचर फिल्मों का चयन करना है।

भारतीय पैनोरमा का चयन भारत भर के सिनेमा जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा किया जाता है, जिसमें फीचर फिल्मों के लिए कुल बारह जूरी सदस्य और गैर-फीचर फिल्मों के लिए में छह जूरी सदस्य शामिल होते हैं। दोनों तरह की जूरी का नेतृत्व उनके संबंधित अध्यक्षों द्वारा किया जाता है। अपनी व्यक्तिगत विशेषज्ञता का प्रयोग करते हुए प्रतिष्ठित जूरी पैनल सर्वसम्मति में समान रूप से योगदान देते हैं जिससे संबंधित श्रेणियों की भारतीय पैनोरमा फिल्मों का चयन होता है।

बारह सदस्यों वाली फीचर फिल्म जूरी का नेतृत्व विख्यात फिल्म निर्देशक, अभिनेता और निमार्ता कर रहे थे; अध्यक्ष डॉ. टी. एस. नागभरण ने किया। फीचर फिल्म की जूरी में निम्नलिखित सदस्य शामिल रहे, जो व्यक्तिगत रूप से विभिन्न सराहनीय फिल्मों और फिल्म से संबंधित व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि सामूहिक रूप से वैविध्यपूर्ण भारतीय बिरादरी का प्रतिनिधित्व करते हैंः

# बाईक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)23 अक्टूबर 2023ः-जिले के चतरा-इटखोरी पथ स्थित तपेज बैंक के पास खड़े ट्रक में बाईक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी. जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गयी हैं.मृतक युवक की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के मरंगी गांव निवासी पंकज राम के रूप में हुई. घटना की सूचना पाकर सहायक पुलिस अवर निरीक्षण प्रवीण कुमार दलबल के साथ वहां पहुंची. शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. जानकारी के अनुसार बाईक चालक चतरा से गिद्धौर जा रही थी. इस दौरान खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया. घटना से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है. मालूम हो कि घटनास्थल पर हमेशा एफसीआई गोदाम का चावल लोड व अनलोड को लेकर सड़क के दोनो ओर ट्रक खड़ा रहता हैं. जिससे सड़क काफी संकीर्ण हो जाता हैं. सड़क संकीर्ण होने के कारण हमेशा दुर्घटना होती रहती हैं. इससे पूर्व भी उक्त स्थल पर दुघर्टना में कई लोगों की मौत व कई लोग घायल हो चुके हैं. प्रशासन की अनदेखी के कारण दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है.



## युवाओं के द्वारा महानवमी के शुभ अवसर पर आमटाल दुर्गा मंदिर के प्रांगण में स्वादिष्ट शरबत का हुआ वितरण

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

बलियापुर – महानवमी के शुभ उपलक्ष पर आमटाल ग्राम में बरसों से परंपरागत रूप से चला आ रहा पाठा बलि का नियम है जिसमें गांव तथा आसपास के हजारों भक्तजन ,माताएं ,युवक, बच्चे सुबह से ही पहुंच कर यह परंपरागत पूजा पाठ देखने इकट्ठा होते हैं इसी को देखते हुए गांव के सामाजिक युवकों के द्वारा तथा ए.सी.सी के सहयोग से महानवमी के शुभ उपलक्ष पर स्वादिष्ट शर्बत का वितरण किया

जिसमें सभी लोगों ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है और इस स्वादिष्ट शर्बत का हम सब ने खूब आनंद उठाएं मौके पर आकाश माझी, उज्जवल चक्रवर्ती, कुईला कुमार ,धनंजय माझी, सोनू ,राहुल, विमान लाहा, आनंद ग्रहचार्य, बैद्यनाथ ग्रहचार्य, बिट्टू चंद्रा, गोपी चंद्रा, नारू चंद्रा, आशीष भट्टाचार्य ,गौतम चंद्रा सपन बनर्जी , इंद्रजीत चंद्र', गुज्जू माझी, रॉकी चटर्जी, सिंटू बनर्जी शीतल दत्ता एवं आनेको युवा ,भक्तजन इस नेक कार्य में मौजूद थे।





## लोयाबाद कनकनी चार नंबर हनुमान मंदिर से 108 फिट भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

लोयाबाद के समाजसेवी विनय चौहान के नेतृत्व में भव्य चुनरी 108 फीट का निकाला गया जिसमे काफी भारी संख्या में माता बहन शामिल हुए हुए, इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्था "समर्पण एक नेक पहल" के केंद्रीय अध्यक्ष अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम को लेकर उन्होंने बताया कि दुर्गा माता का आशिर्वाद क्षेत्र के सभी जनता बन बनी रहे इसीलिए यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष विनय चौहान जी के द्वारा किया जाता हैं और जिसमें हम सभी को भी शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होता हैं,मौके पर संस्था के सदस्य धीरज सिंह, सोनू कुमार, लकी कुमार, राकेश चौहान, राहुल तत्काल इत्यादि कई श्रद्धालू उपस्थित हुए '



# फेरी वाले की ओमनी वैन में लगी आग, जलकर खाक

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 23 अक्टूबर 2023ः-जिले के प्रतापपुर इंद्रप्रस्थ एचपी गैस एजेंसी के निकट खड़ी एक ओमनी वैन में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई।घटना सोमवार सुबह लगभग ग्यारह बजे पूर्वाह्न की है।धू-धू कर जलते ओमनी वैन को आसपास के लोगों नें गैस गोदाम में रखे अग्निशमन, पानी व बालू से किसी तरह बुझाया।इस क्रम में वैन पुरी तरह जलकर खाक हो चुका था। सूचना पाकर प्रतापपुर पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।वैन मालिक की खोजबीन की गई पर वह मौके से फरार हो गया था। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर व चेचिस नंबर भी जलकर राख हो गया। जिससे वैन मालिक को खोजने में पुलिस को परेशानी हो रही है।पुलिस वैन मालिक की तलाश में जुटी हुई है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ओमनी वैन में सर्फ-साबुन रखा हुआ था। यह वैन किसी फेरी वाले का था, जो प्रतापपुर में घूम-घूम कर सर्फ-साबुन बेच रहा था। जो सीएनजी गैस से संचालित था। वैन में आग लगने के बाद से फेरी वाले गायब हैं।





# डॉट्स द्वारा राष्ट्रीय-साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता, धनबाद ( झारखंड):- 24 अक्टूबर,2023ःजिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय में गठित डाट्स के द्वारा कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए राष्ट्रीय-साधन सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 की तैयारी हेतु डॉट्स द्वारा विशेष निःशुल्क कक्षा का संचालन किया जाएगा।यह जानकारी विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय, टुंडी के सहायक शिक्षक सह डॉट्स के संस्थापक अनन्त शक्ति द्वारा दी गई। विदित हो कि परीक्षा की तिथि 17.12.2023 को निर्धारित है। इस परीक्षा में अधिक से अधिक बच्चे सफल हों, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।